I would like to refer to another aspect. The Konkan Railway Project is scheduled to be completed by June. In fact, it was scheduled to be completed one and a half years ago. It was delayed because of certain political developments in Goa. There was some other interference also and the work was delayed. Now, we expect it to be completed by June. After that, many of the trains will be rerouted. It is a good thing. It is necessary also. But there is going to be a fall out also. There are many trains which are covering certain areas, especially between Shoranur and Jolarpettai. These areas have been looked after well, cared well, by so many trains leaving Kerala at present. Now, these will be rerouted through the Malabar area. Calicut-Mangalore, it will go by Konkan railway. The net result will be that those areas which were enjoying certain benefits and facilities, will now be denied of these. So, I suggest that a few new trains should be introduced between Shoranur Junction and Jolarpettai Junction because this is a section which looks after interests of major cities like Palghat—with which you know my connection —Coimbatore, Erode and Salem. These are the major towns which will be affected by this rerouting that becomes inevitable because of the Konkan railway. So, new train facilities will have to be provided to cater to the requirements of stations between Shoranur and Jolarpettai. That is my point.

I entirely support the demand made by my hon. colleague who is now sitting in the Chair, for creating a Railway Zone at Bilaspur. It should be done. This need has been felt by people in a big way. There have also been agitations. It forms part of Chhattisgarh backward area of Madhya Pradesh. Therefore, I entirely support the demand for having a new Zone in Bilaspur. I also demand that the number of trains between Bilaspur and Cochin should be increased. Thre have been demands from the public on that score.

I also suggest that pantry car should be attached to this train because this is a long distance train.

When the Railways celebrated Shatabdi, Shatabdi Expresses were introduced in various sectors. Unfortunately, Kerala did not get any Shatabdi Express at that time. Now, we are celebrating the fiftieth year of our independence. In this golden jubilee year, I understand, certain new trains are being introduced. I would suggest a fast train, inter-city express, between Calicut and Trivandrum which will cover the three Corporations in Kerala, namely Calicut, Cochin and Trivandrum. This may kindly be considered as it will be a viable proposal.

Here I would also suggest a very profit-making proposal. It relates to the two important cities of Coimbatore and Palghat. There is a big traffic in that sector. If there can be a shuttle service between these two cities, then the amount which is now being taken by private bus operators can benefit the Railways. Therefore, I suggest that an EMU or DMU service connecting Palghat to Coimbatore may be introduced. It will be of great use to the travelling public.

I would like to suggest something about one more point. The hike in freight charges will have a cascading effect on the prices of all goods which are transported by trains. Apart from that, It will be a case of killing the goose that lays the golden eggs. Now, we find that bulk of the income of the Railways comes from the goods sector freight sector and not from passenger traffic. If you increase freight charges in the fashion that you have been doing—this year there has been 12 per cent increase—then the result will be more and more goods will be diverted to road traffic. Apart from that, it will create pollution and other social problems, and

the Railways will be suffering in a big way. So, the hen that lays golden eggs should not be killed. These are some of the suggestions which I thought very valuable. Unless the Railways increases its efficiency, whatever proposals are made, whatever programmes are implemented, they cannot do any better. The lack of efficiency is made clear by the regular delays in the running of trains, by the number of dacoities, etc., which are taking place and they way in which correspondence is going on - I got a reply from them after one year.

श्री सतपाल महाराज: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ कहना चाहूंगा। मुझे बड़े दुखी मन से सदन को सूचित करते हुए यह कहना पड़ रहा है कि जालन्धर कैंट स्टेशन पर 14 मार्च को एक बड़ी आतंकवादी बम विस्फोट की घटना घटी जिसमें छह व्यक्ति मारे गये और 12 व्यक्ति घायल हुये हैं जिनमें से दो गम्भीर रूप से घायल हैं। एक बीएसएफ की जिप्सी जो कि पार्किंग लॉज के अन्दर पार्क थी वह भी बम विस्फोट की घटना में काफी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।...

विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त): सदर साहब, यह क्या है, यह स्टेटमेंट है या इन्फारमेशन है?

†[شری سکندر بخت: صدر صاحب یہ کیا ہے - یہ اسٹیٹمنٹ ہے یا انفارمیشن ہے]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): Are you making a *suo motu* statement or just informing the House.?

SHRI SATPAL MAHARAJ: Sir, I am just informing the House?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): You are just informing the House.

श्री सतपाल महाराज: पुलिस इसकी छानबीन कर रही है और मैं चाहूंगा कि कुछ माननीय सदस्यों के भी हमें इसमें विचार मिल जायें ताकि ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

DR. Y. LAKSHMI PRASAD (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you very much for permitting me to speak from this place.

सर, कल शाम को इस रेलवे बजट के बारे में आपने जो वक्तव्य दिया है उसका मैं स्वागत करता हूं। क्योंकि आपने कहा है कि राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों के विपरीत, परिस्थितियों के बावजूद भी इतना संतुलित और इतने अच्छे बजट का प्रस्तुतीकरण प्रशंसनीय है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बजट तो संयुक्त मोर्चा सरकार के कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के अनुसार तैयार किया गया है और यह कॉमन मैन का बजट है, आम जनता का बजट है। रेल मंत्री ने रेल भाड़े में जो बढ़ोत्तरी की है उससे आम आदमी द्वारा रोजाना उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुएं खाद्यान्नों, दालों सब्जियों, फल, तिलहन, शक्कर, वनस्पति-घी तथा खाद्य तेल आदि को छूट दे दी है। आम जनता जोकि दूसरे दर्जे में यात्रा करती है उनके किराये में छूट दी गई है। दैनिक मजदूर तथा कामगार लोग जो मासिक सीजन टिकट पर यात्रा करते हैं उनको भी छूट दी गई है। इसीलिए मैं मंत्री जी को बधाई देता हूं।

रेल मंत्री जी ने जो प्रथम श्रेणी और एयर कंडिशंड यात्रा के लिए बढ़ोत्तरी की है वह भी सही है क्योंकि दुनिया की किसी भी रेल व्यवस्था से यह आज भी कम है। इतना ही नहीं दस साल पहले एयर कंडीशंड फर्स्ट क्लास और विमान का फेयर बराबर है और सैकेन्ड ए. सी. उससे आधा है। परन्तु आज देखिए फर्स्ट ए.सी. और विमान के फेयर में दुगुना अंतर है। फिर भी मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि प्रथम श्रेणी, एयर कंडीशंड और स्लीपर क्लास में सुविधाएं बढ़ायें।

मैं रेल मंत्री जी को विशेष बधाई देता हूं कि उन्होंने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बैक-लॉग को पूरा करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।

सर, भारतीय रेलवे ने 1995-96 में 6267 मिलियन यूनिट, ट्रैक्शन एनर्जी का इस्तेमाल किया और उसके लिए 1860 करोड़ रुपयों का खर्च किया गया है। 1996-97 में अप्रैल से लेकर नवम्बर तक 4387 मिलियन यूनिट की बिजली और उस पर 1441 करोड़ रुपयों का खर्चा हुआ है।

It is high time that the Railway should start their own power generation plants.

हमारे विशाखापटनम में स्टील प्लांट है, वह पावर आने आप जनरेट करता है और हमारा राज्य A.P. को भी बहुत कम दामों पर देता है। इससे दो लाभ हो सकते हैं, एक रेलवे बिजली के विषय में स्वयं निर्भर हो सकता है और जिन राज्यों में बिजली उत्पादन केन्द्रों की स्थापना होती है उन राज्यों को भी कम दाम पर बची हुई बिजली मिल सकती है।

सर, एक और विषय है, हवाई जहाज में यात्रा करने वालों के लिए इन्श्योरेंस है। मैं रेल मंत्री महोदय से अनुरोध

†[ ] Translitertion in Arabic Script.

कर [illegible]क रेल यात्रियों के लिए भी जीवन बीमा की सुविधा देने का विचार करें। क्योंकि जब कोई दुर्घटना होती है तो लोग मरते हैं, रेलवे को तथा सरकार को ज्यादा धनराशि देनी पड़ती है अगर जीवन बीमा की योजना लागू हो जाये तो उससे भी यात्रियों को ज्यादा पैसे मिल सकते हैं तथा इससे मंत्रालय और सरकार पर भी कम भार पड़ेगा।

सर, रेलवे में वी० आई० पी० कोटा की रिजर्वेशन की पूर्ति के बाद जो सीटें बच जाती हैं उनको इन्स्टांट रिजर्वेशन के रूप में डबल चार्ज करके अलाट करेंगे तो ज्यादा ठीक रहेगा। क्योंकि वी० आई० पी० कोटा में जो सीटें बच जाती हैं उनको पाने के लिए यात्री टिकट चैकर को पैसे देते हैं, यह हम रेलवे स्टेशनों पर देखते हैं। इस तरह से जो यात्री तत्काल यात्रा करना चाहते हैं उनको भी बहुत लाभ होगा। विद्युतिकरण के मामले में मंत्री जी ने स्वयं कहा है कि

"It is porposed to electrify dense corridors, missing links and the high density route on east coast line.

विजयवाड़ा से लेकर एलूरू, ताडेपल्लिगूडेम और निडदओलू ये ट्रंक लाइन में हैं, ये मद्रास और कलकत्ता की ट्रंक लाइन में है। लेकिन इसकी एक पैरेलल लाइन है विजयवाड़ा से गुडिवालाडा भीमवरम निडदवलू, ये ट्रंक लाइन से मिलती हैं। हम सब जानते हैं कि तूफान के दिनों में जो लाइनें खराब हो जाती हैं तो रेलवे लाइन सब कट हो जाती हैं और यात्रियों को असुविधा होती है। इसलिए मैं मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि ये पैरेलल लाइन 120 कि० मी० हैं इनका भी आप विद्युतीकरण करें तो बहुत अच्छा होगा।

सर, नई ट्रेनों के बारे में मंत्री जी ने अपने भाषण में बताया है कि

"In addition to the above, to meet the demand of Hindus, Jains, Sikhs, Muslims, Christians and other religious groups, Pilgrims Specials were run throughout the country."

सर, मै मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि दक्षिणवासी जो हैं वे हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा स्नान करने जाते हैं और वहां के गंगा का पानी लेकर कन्याकुमारी में, जहां तीन महासागर, अरब सागर, हिन्द महासागर और बंगाल की खाड़ी का संगम है, उसको वहां मिलाना पवित्र कार्य मानते हैं। इसलिए मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि एक तीर्थराज एक्सप्रेस कन्याकुमारी से लेकर ऋषिकेश हरिद्वार तक लगायें तो बहुत अच्छी बात होगी।

सर, जहा तक हमारे आंध्र प्रदेश का सवाल है, मैं रेल मंत्री राम विलास पासवान और रेल राज्य मंत्री सतपाल महाराज जी को धन्यवाद देता हूं जो उन्होंने पैन्ट्री कार की सुविधा तीन एक्सप्रेस गाड़ियों को जो आंध्र प्रदेश से चलती हैं, दी हैं। साथ ही न्यू रेल लाइनें जो दी हैं उसमें मुनीराबाद से महबूबनगर और धर्मवरम से पेनुगोंडा वाया पुट्टपर्ती दी हैं। उसके बाद गेज कन्वर्शन का प्वाइंट भी है और उसमें द्रोणाचलम-काटपडि-तिरुपति दिया गया है। इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं।

सर, जो सर्वे है इसकी बहुत लम्बी लिस्ट दी गई है। इसमें एक से लेकर आठ तक आंध्र प्रदेश में न्यू सर्वे के लिए रखा गया है। There is a joke in the Rail Bhavan, "If there is a will, there is a railway if there is no will, there is a survey."

SHRI SATPAL MAHARAJ: There is also a joke, "Where there is a will, there is a railway."

SHRI V. NARAYANASAMY: This is a survey Budget. Hon. Minister, this is only the Railway's survey Budget.

SHRI SATPAL MAHARAJ: Without survey there cannot be a railway. So, where there is a will, there is a survey and there is a railway.

डा० वाई० लक्ष्मी प्रसाद: कम से कम हमारी सरकार सर्वे तो कर रही हैं लेकिन आपने उसको भी नहीं किया है। इसलिए मैं आदरणीय रेल मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि जो आठ सर्वे के प्वाइंट रखे हैं, कम से कम उनमें से चार भी लाइनों को, आने वाले दिनों में रखवा दें, तो अच्छा होगा।

सर, न्यू ट्रेन सर्विस के बारे में मैं मंत्री जी को बधाई देता हूं जो उन्होंने A long standing desire of Andhra People is for a Rajdhani Express from Hyderabad (Bhagyanagar) to New Delhi.

मंत्री महोदय ने इस को दे दिया। मेरा शहर विशाखापट्टनम, जो उत्तर आंध्र प्रदेश में है यह बहुत ही पिछड़ा हुआ इलाका है। वहां तीन जिले हैं। वहां विशाखापट्टनम से दिल्ली सुपर फास्ट ट्रेन का इन्होंने ऐलान किया है, इसके लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद अर्पित करता हूं।

सर, अतिरिक्त सर्विस के बारे में मंत्री जी ने स्वयं कहा है कि —

There is a demand for additional service between Visakhapatnam and Madras. To fulfil this, it is proposed to augment Madras-Howrah Mail and Madras Howrah Coromandal Express by three coaches each with electrification getting completed up to Visakhapatnam.

मार्च के आखिर तक यह विद्युतीकरण हो रहा है, इसके लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। आपने मद्रास

को जिस तरह से तीन कोच दिए हैं उसी प्रकार हमने बगंलौर और मुंबई के लिए विशाखापट्टनम से एक सीधी ट्रेन मांगी है। अगर आप ट्रेन नहीं दे पाते तो कम से कम बंगलौर एक्सप्रेस और कोणार्क एक्सप्रेस में तीन-तीन बोगीज, एडीशनल कोचेज की लगा दें तो अच्छा होगा।

सर, जर्नलिस्ट्स को जो कंसेशन दिया गया है वह स्टेट कैपिटल्स और दिल्ली के जर्नलिस्ट को दिया है। मैं मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि स्टेट कैपिटल्स और पब्लिकेशन सेंटर को यह दें तो अच्छा होगा क्योंकि पब्लिकेशन सेंटर्स में Acrideted correspondents बहुत होते हैं। उनको भी स्टेट कैपिटल में आने की सुविधा दें तो बहुत अच्छा होगा।

The scheme of complimentary passes to the winners of gallantry awards has been extended to the winners of President's Police Medal for gallantry and President's Police Medals.

सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी की दृष्टि इस तरफ आकर्षित करता हूं कि जो साहित्य में बहुत काम करते हैं वे बहुत गरीब होते हैं। इसलिए मैं प्रार्थना करता हूं कि जो ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता हैं, साहित्य अकादमी विजेता हैं आप उनके लिए भी इस सुविधा का विस्तार करें तो अच्छा होगा।

इन शब्दों के साथ मैं आपसे विदा लेते हुए अन्तिम बात कहना चाहता हूं। एक इस विषय को छोड़कर सब कुछ कहा गया है और वह राजभाषा हिन्दी के बारे में। हमारी स्वतंत्रता को 50 वर्ष बीत गये हैं लेकिन हिन्दी के प्रति अत्याचार हो रहा है। इसलिए रेल मंत्रालय एक ऐसा मंत्रालय है जो कन्या कुमारी से ले कर कश्मीर तक जो कुछ कार्य है हिन्दी में सब से ज्यादा कर सकता है। इसलिए मैं यह विशेष अनुरोध मंत्री जी से करता हूं कि आप राजभाषा हिन्दी के क्रियान्वयन में अग्रसर हो जाइये। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री अजीत जोगी): बहुत बहुत धन्यवाद। श्री अहलुवालिया जी।

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh): Sir, I think we are adjourning for lunch. I think we are continuing up to 1 o' clock and then adourning for lunch.

SHRI SATISH AGARWAL: We have to continue without a break. We are already short of time.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, let there be no lunch recess. Let us continue.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): What is the sense of the House?

SHRI V. NARAYANASAMY: Let us dispense with the lunch recess.

SHRI O. RAJAGOPAL: Lunch recess may not be there, but lunch should be there for everybody.

SHRI V. NARAYANASAMY: That depends on you; whether you are going to have lunch or not.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, since we are sitting for the whole day, we should have lunch recess.

SHRI V. NARAYANASAMY: Let us dispense with it. Otherwise, we will have to sit late.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: There is ample time. Why can't we have lunch recess? There should be, at least, a one-hour break.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, what is this? When every Member is agreeing, why is only Dr. Rajkumar opposing it? We should dispense with the lunch recess.

श्री सतीश अग्रवाल: समस्या यह है कि सरकार सदन का समय 21 तारीख के बाद बढ़ाने को तैयार नहीं है। सारा प्रोग्राम कंडेंस कर दिया है। तीन पेज का बिजनेस एडवाइज़री कमेटी का एजेंडा है। किया क्या जाए? इसलिए शनिवार को बैठना पड़ा। अब शनिवार को भी डा॰ राजकुमार जी कह रहे हैं कि एक घंटा लंच का दे दिया जाए। अगर लंच देना होता तो शनिवार की छुट्टी क्यों नहीं की आपने? सब के प्रोग्राम बने हुए थे। यह सरकार ढ़ग से व्यवस्थित नहीं करती है। इसलिए मजबूरी में शनिवार को बैठना पड़ा है। ज्यादा सदस्य बोल लेंगे, दो चार और बोल लेंगे। इसलिए डिबेट को चलने दीजिये। इसमें क्या दिक्कत है? (**व्यवधान**) लंच ब्रेक की कोई आवश्यकता नहीं है (**व्यवधान**)

SHRI V. NARAYANASAMY: Why are you blowing hot and cold? (*Interruptions*) Every Member is agreeing, excepting Dr. Rajkumar. Majority opinion is in favour of continuing the debate.

डा. अलादी पी. राजकुमार: आपकी बात मान ली है। (**व्यवधान**)

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिम बंगाल): आप बोलें तो लंच भी नही खायेंगे (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJIT P.K. JOGI): All right. There would be no lunch recess. Shri Ahluwalia, please.

श्री एस. एस. अहलुवालिया (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, हम रेल बजट पर बहस कर रहे हैं और रेल सेवा का अपना एक महत्व है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद में बहुत कुछ बुराइयां भी हैं और अच्छाइयां भी हैं। उन अच्छाइयों में से एक अच्छाई है, जब देश आज़ाद हुआ और आज हमारा जो रेलवे का नेटवर्क है, उसका 85 फीसदी नेटवर्क ब्रिटिश साम्राज्यवाद का बनाया हुआ है। उसको हम और आगे बढ़ा रहे हैं। महोदय, यह बजट पेश करने के लिए रेल मंत्रालय और रेल विभाग के पदाधिकारीगण तथा मंत्रिगण बधाई के पात्र हैं। मैं कुछ विषयों में उनका स्वागत करता हूं। पहली बार जम्मू-कश्मीर और नार्थ ईस्ट में इतना पैसा लगाने की बात सोची गई है। यह एक अच्छी पहल है। महोदय, जब हम रेल बजट डिसकस करने लगते हैं तो बहुत सारी चीजें सामने आती हैं। कभी-कभी माहौल कुछ ऐसा लगता है कि सब लोग मांगने वाले हैं और देने वाला एक है। दबाव ज्यादा है। पैसे की कमी है। उन सारी चीज़ों को अगर सामने रखें तो हमारे सामने इस बजट की पूरी एक्सरे रिपोर्ट सामने आती है कि इसमें कहां-कहां कमियां हैं। वैसे अगर देखा जाए।

No increase in the fares of Second Class Ordinary, Second Class Mail/Express and monthly and quarterly season tickets for Second and First Class.

Five per cent increase in the fares of Sleeper Class (Mail/Express and ordinary).

Freight rates to be raised by 12 per cent; As always, essential commodities like foodgrains, pulses, etc., would continue to be exempted.

Rs. 100 crores for expansion of the railway network in J&K. Rs. 300 crores for infrastructure development in the North-East Rs. 400 crores for new lines.

उपसभाध्यक्ष महोदय अगर हम राजनीति न करें और रेल सेवा को भारतीय जनता की सुविधा योग्य बनाने की कोशिश करें ..तो शायद हम खरे उतरेंगे और अच्छी तरह इसकी सेवा उनको उपलब्ध करा सकेंगे। पर राजनीतिक फैसलों में कभी पड़ कर हम खींचातानी करते हैं। जो चीज़ संभव नहीं है वह भी संभव कराई जाती है और उसी कारण फिर अनइकोनोमिकल हो जाने के कारण वहां बंद करना पड़ता है। महोदय, मैं आपके सामने रखना चाहता था कि रेलवे में बेहद एक्सपेंशन की जरूरत है। महोदय, 1951 से लेकर दिन पर दिन हमारा गुड्ज़ और पैसेंजर लोड ट्रैफिक परसेंटवाइज़ कम होता जा रहा है। 1951 में गुड्स का हमारा परसेंटवाइज़ रेलवे का 88 परसेंट था और रोड का 12 परसेंट था, पैसेंजर का हमारा 74.2 परसेंट था और रोड का 25.8 परसेंट था। महोदय, यह घटते-घटते आज गुड्स का ट्रैफिक जो है हमारे हिस्से 1991-92 तक जो पहुंचा है वह 46.6 परसेंट है और पैसेंजर का 20.8 परसेंट है और रोड पर आ गया है 53.4 परसेंट गुड्स के लिए और 79.2 परसेंट पैसेंजर्स का बाय रोड है।

महोदय, हम रोज़ एनवायरनमेंट की बात करते हैं, पोल्यूशन की बात करते हैं। तेल बचाओं, बूंद-बूंद बचाओं, उसके लिए बातें करते हैं, किन्तु यह दो विभागों, दो मंत्रालयों का सवाल है, पर सरकार तो एक ही है, इस पर विचार करने की जरूरत है कि दिन पर दिन यह ट्रैफिक जब रोड पर बढ़ता है तब एक्सीडेंट बढ़ते हैं और डिले होती है। अभी रीसेंटली एक रोड ट्रैफिक के बारे में बम्बई के बारे में कहा कि वहां पर बम्बई में स्पीड अब 12 किलोमीटर पर आवर हो गई है और बाय 2005 वहां की स्पीड 5 किलोमीटर पर आवर हो जाएगी। महोदय, वहां भी बम्बई में देखा जाता है कि लोग अपनी कार से आते हैं और स्टेशन पर कार रख कर लोकल ट्रेन का उपयोग करते हैं। किन्तु उसके बावजूद अभी भी हम यह नेटवर्क नहीं बढ़ा पा रहे हैं। आंकड़ों से पता लगता है कि इसमें कुछ काम करने की जरूरत है और रेलवे की डिवलपमैंट के लिए और ज्यादा पैसा उपलब्ध होना चाहिए और वह कहां से आए, कैसे आए उसका बंदोबस्त करना हमारा फर्ज बनता है। हरेक सांसद् का फर्ज बनता है और वह अपने निजी स्वार्थ या क्षेत्रीय स्वार्थ या अपने इलाके के स्वार्थ को परे रख कर अगर आगे बढ़े तो मैं समझता हूं कि शायद इसमें और बहुत कुछ हम कर सकते हैं।

महोदय, एनुअल प्लान आउटले अगर हम देखें तो रेलवे का बजटरी सपोर्ट 1995-96 में 1150 करोड़ था और 1996-97 में 1449 करोड़ हुआ और इस बार 1831 करोड़ किया गया है। पर ओवरआल टोटल जो देखा जाए तो 8300 करोड़ ही 1996-97 में भी था और अभी भी 8300 करोड़ है। हमारी इंटर्नल रिसोर्सेज़ इस बार रेलवे में कम हो गई, पिछली बार से वह कम हो गई। 1996-97 में 4111 करोड़ से 1997-98 में यह 3419 करोड़ हो गया। वही मार्केट बारोइंग में 1996-97 में 2750 करोड़ था और 1997-98 में यह 3050 करोड़ हो गया। महोदय, इसमें बजटरी सपोर्ट जो है मैं समझता हूं कि ओवरआल रेलवे बजट का जो कम से कम, मिनिमम 25 परसेंट होना चाहिए....।

महोदय, इस को हम दूसरे तरीके से लें कि कंस्ट्रक्टिव नेटवर्क और बढ़ाएं, ट्राफिक और बढ़ाएं और जो रोड की तरफ डायवर्सन हो रहा है, उस को खींचकर अपनी तरफ ले जाएं, तभी हम कुछ कर सकेंगे।

महोदय, आप इस में पैटर्न ऑफ इनवेस्टमेंट को देखें तो पाएंगे कि 1997-98 के बजट एस्टीमेट्स कई हैड्स में कम हो गए हैं। रॉलिंग स्टॉक 1208 करोड़ हो गया, कम हो गया। प्रोडक्शन यूनिट में भी पिछली बार 140 करोड़ थे और इस बार 120 करोड़ हो गए हैं। उसी तरह डबलिंग ऑफ लाइंस में भी 194 से 178 करोड़ हो गए हैं। गेज कनवर्सन में 830 थे, लेकिन रिवाइज्ड एस्टीमेट बढ़ गया था और इसे 996 करोड़ किया है। टेलिकम्युनिकेशन 297 से 201 हो गया और पैसेंजर एमिनिटीज जिस के बारे में रोज शिकायत मिलती है, इस पर तो कम करने का कोई मतलब ही नहीं था। पिछली बार इस में 120 करोड़ का प्रावधान था और इस बार 80 करोड़ का है।

महोदय, एक और बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जब आप ट्रेन में सफर करते हैं तो लगता है कि भारतीयता या भारतीय नागरिक को कई हिस्सों में बांट दिया गया है। उस का कैटेगराइजेशन कर दिया है। महोदय, जब आजादी की लड़ाई या हमारा स्वाधीनता संग्राम चल रहा था और महात्मा गांधी को यह कहकर फर्स्ट क्लास के डिब्बे से बाहर फेंक दिया गया था कि कोई भी काला आदमी इस क्लास में ट्रेवल नहीं कर सकता था क्योंकि उन की सुविधाएं अलग थीं। महोदय, मुझे कालका मेल के बारे में पता है जोकि हावड़ा से कालका जाती थी। वह सुपर मेल थी, इस कारण उस में सुपर चार्ज लगता था। महोदय, जिस इलाके से वह गाड़ी गुजरती थी, हर डिवीजन पर, सब-डिवीजनल ऑफिसर हाजिर होता था। महोदय, आज आप राजधानी में चढ़िए, शताब्दी में चढ़िए या डीलक्स में चढ़िए और फिर किसी मेल ट्रेन, एक्सप्रेस ट्रेन या किसी पैसेंजर ट्रेन में चढ़िए तो आप को फर्क नजर आता है कि एक विशेष श्रेणी के लोगों के लिए विशेष ट्रेन है और दूसरी श्रेणी के लिए दूसरी ट्रेन है। यह फर्क हरेक जगह है। आप वेस्टर्न रेलवे में चले जाइए, वहां के सैकंड क्लास के डिब्बे और थ्री टायर के डिब्बों का ढांचा अलग है, सफाई अलग है। वहीं साउथ में दूसरा है और ईस्ट में हमारे बिहार में दूसरा है। तो यह फर्क क्यों है? इस में यूनिफार्मिटी क्यों नहीं है? महोदय, जब गांधी जी को एक फर्स्ट क्लास के डिब्बे से उठाकर बाहर फेंका गया था तो उस को लेकर आंदोलन चला था और न केवल हिंदुस्तान में बल्कि साउथ अफ्रीका में भी आग लग गई थी। लोक सड़कों पर आ गए थे। पर आज हमारा रेलवे विभाग जो कि इतना बड़ा विभाग है, सराहना के योग्य है, अच्छे कदम उठा रहा है, वहीं कुछ अंकुश लगाने की जरूरत है। कुछ मॉनीटरिंग की जरूरत है कि यह फर्क क्यों है? जैसी गाड़ी कन्याकुमारी में चले वैसी गाड़ी काश्मीर में चलनी चाहिए, जैसी गाड़ी कच्छ में चलनी चाहिए वैसी गाड़ी कोहिमा पहुंचनी चाहिए। उस में हर तरह की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। महोदय, राजधानी में तो पीने का पानी देते हैं, शताब्दी में पीने के लिए मिनरल वाटर देते हैं और वह आप पंजाब मेल में नहीं देते। यह आप क्यों नहीं देते? महोदय, मुझे ठीक याद नहीं आ रहा है, पर मैंने हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का जजमैंट पढ़ा है जिस में कहा गया है कि सेफ ड्रिंकिंग वाटर प्रोवाइड करना रेलवे की जिम्मेदारी है। महोदय, उस जजमैंट को लागू करने की जरूरत है।

महोदय, एक महत्वपूर्ण बात है पैंट्री कार के बारे में या खाने-पीने की व्यवस्था के बारे में जिसके संबंध में मंत्री महोदय ने अपने भाषण में कहा है ...कि इन्होंने कुछ गाड़ियों में पेन्ट्री कार और केटरिंग फैसिलिटी शुरू की है।

महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि अमृतसर से नांदेड़ जो गाड़ी है, हुजूर साहब सिखों का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थान होने से काफी यात्री चलते हैं, मगर उस गाड़ी में पैंट्री कार तो दूर छोड़िए कैटरिंग की व्यवस्था भी नहीं है, कुछ खाने को नहीं मिलता। अंत में हम लोगों ने बीच-बीच में गुरूद्वारों से कांटेक्ट करके रेलवे अधिकारियों से गुजारिश करके कहा कि साहब यहां 20 मिनट का स्टोपेज दीजिए तो हम स्टेशन पर आकर लंगर खिला देंगे, चाहे जितने पैसेंजर हों, कोई भी हों, हिन्दु हों, मुसलमान हों या ईसाई हों। हम सबको खाना खिला देंगे, यह व्यवस्था हम करने के लिए तैयार हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि पैंट्री कार या कैटरिंग सर्विस सारी गाड़ियों में उपलब्ध क्यों नहीं है? आप उपलब्ध कराइए, विशेषकर जो लंबी दूरगामी गाड़ियां हैं उनमें यह उपलब्ध कराइए। इससे आप लोगों को एम्पलायमेंट भी दे सकते हैं और पैसेंजर्स को अच्छा भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ जो गंदा खाना खाकर लोग बीमार होते हैं उससे भी बचा सकते हैं। इससे आपकी सुविधाएं, आपका नाम भी उजागर होगा। इसमें कोई दिक्कत तो नहीं होनी चाहिए। आप राजधानी में, शताब्दी में खाना मुफ्त देते हैं, मैं मुफ्त की बात नहीं करता, मैं तो कहता हूं कि खरीद कर आदमी खाना खाएगा। आप दीजिए तो सही, उपलब्ध तो कराइए। आप काउण्टर खोलिए, पानी के भी काउण्टर खोलिए गाड़ी के अंदर कि जैसे सिक्का डालो और पानी का गिलास बाहर आ जाए। प्लास्टिक के गिलास आ गए हैं मार्केट में, प्लास्टिक के जग आ गए हैं, मग आ गए हैं, कप आ गए हैं। कुछ खाने पीने की व्यवस्था आपकी नहीं

है। तो इस पर ख्याल करने की जरूरत है ताकि हम इसको लागू कर सकें, हर गाड़ी में खाने-पीने की व्यवस्था कर सकें।

महोदय, पिछले बजट में मंत्री महोदय, ने अपनी स्पीच में पेज 35 में कहा है कि -

"Special facilities are provided to the disabled, handicapped persons in the developed countries. The Indian Railways would also like to move in that direction. To start with, it has been decided to provide one seat near the door in every second class compartment reserved for them."

महोदय, उसके साथ-साथ ही एक अनस्टार्ड क्वैश्चन नंबर 936, तारीख 28 नवंबर, 1996 में लोक सभा में मंत्री महोदय ने कहा था। हमारे मंत्री महोदय सतपाल महाराज जी बैठे हैं, इन्हीं का जवाब है कि-

"The following facilities have been provided to the handicapped person: Two berths in sleeper class have been earmarked for handicapped passengers and their escort. Separat accommodation has been earmarked in suburban trains for handicapped persons. One seat near the door in every second class compartment is being earmarked for the handicapped persons."

महोदय, परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक यह प्रावधान किसी भी रेलवे रिजर्वेशन कम्प्युटर पर नहीं है। अभी तक यह लागू ही नहीं किया जा सका है। आप जब हैंडीकेप्ड के बारे में कहते हैं कि उनको आप देंगे, किन्तु मैं जानना चाहूंगा कि एक हैंडीकेप्ड अगर व्हील चेयर पर आ रहा है तो वह आपके स्टेशन से प्लेटफार्म तक और प्लेटफार्म से गाड़ी तक कैसे पहुंचेगा? इसका कोई प्रावधान है? कोई प्रावधान नहीं है।

श्री सतपाल महाराज: व्हील चेयर होती है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: व्हील चेयर होती है, किन्तु व्हील चेयर जाती कहां है, रैम कहां है? किस स्टेशन में रैम है?

श्री सतीश अग्रवाल: सीढ़ियों पर कैसे जाएगी?

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सीढ़ी पर व्हील चेयर कैसे जाएगी? हाप तो कर नहीं सकती व्हील चेयर? उसको बकायदा स्ट्रेचर पर उठाकर ले जाते हैं। उनको रेल में चढ़ाने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। इसके लिए मैं आपके सामने एक बात बताना चाहूंगा कि एक गवर्नमेंट के मैकेनिकल इंजीनियर हैं, सरदार सरबजीत सिंह, आप ही के रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर हैं, जिनको आतंकवादियों की गोली लगी और वह खड़े-खड़े व्हील चेयर पर आ गए थे। उन्होंने इस प्रकार की असुविधा को समझते हुए एक डिजायन बनाकर पेश किया कि कोंकण रेलवे जो एक नई रेलवे लाइन बन रही है, नए प्लेटफार्म वहां बन रहे हैं, नई गाड़ियां बन रही हैं, नए डिब्बे बन रहे हैं, उसमें कुछ ऐसा प्रावधान किया जाए ताकि जो आदमी डिसएबल्ड है उसको यह सहूलियत मिल सके। वह डिजायन विचाराधीन ही रह गया और वह प्रोग्राम इम्पलीमेंट ही नहीं हुआ।

1.00 म०प०

महोदय, आज सुबह मेरे पास डिसेबल्ड सोसाइटी, फेडरेशन जो है, डेफ-डेम, फिज़िकल हंडिकेप्ड आदि की सारी सोसाइटीज़ मेरे पास आईं उन्होंने कहा कि, साहब, रेलवे से जो कंसेशन मिलता है डिसेबल्ड के लिए, उसमें एक टर्म लिखा होता है कि कंसेशन पाने वाले को डेफ एंड डेम होना जरूरी है। उसे तभी डिसेबल्ड माना जाएगा यदि वह डेफ एंड डेम दोनों हो, दोनों चीजों का होना जरूरी है। उस सोसाइटी ने सरकार को चिट्ठी लिखी और, महोदय, मंत्री जी के मंत्रालय से जवाब जाता है कि हमारे कानून के प्रावधानों के मुताबिक पता नहीं 1700 में या 1800 में जो पहला रेलवे एक्ट बना था, उसमें कंसेशन का प्रावधान था, जो ब्रिटिशर्स द्वारा बनाया गया था और उसमें जो प्रावधान है उसको मद्देनज़र रखते हुए मंत्रालय ने जवाब दे दिया - यह कंसिडर नहीं किया जा सकता और दूसरा कारण यह है कि फाइनेंशियल क्राइसिस भी है, इन दोनों चीजों के मद्देनज़र रखते हुफ आप एप्रीसिएट करेंगे कि हम इसको नहीं मान सकते। महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि कितने डेफ एंड डेम पैसेंजर्स आपके यहां चढ़ सकते हैं और अगर उनके लिए आप नहीं सोचेंगे, हमारी सरकार नहीं सोचेगी तो फिर कौन सोचेगा? वे बचारे तो सुन भी नहीं सकते, बोल भी नहीं सकते मैं पूछना चाहता हूं कि अगर कोई गूंगा भी हो, बहरा भी हो तभी आप कंसेशन करेंगे, नहीं तो नहीं करेंगे? रेलवे के कंसेशन के लिए गूंगे को बहरा और बहरे को गूंगा होना आवश्यक है। महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इसमें थोड़ा सुधार लाने की आवश्यकता है।

श्री गोविन्दराम मिरी (मध्य प्रदेश): यह सरकार गूंगी-बहरी हो गई है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: मैं कहना चाहता हूं कि जो हिअरिंग इम्पेअर्ड हैं, उनको भी यह सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए और इससे कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा।

हमारे डा॰ मनमोहन सिंह जी ने जब बजट रखा था तो पहली बार इन्कम टैक्स रिलीफ दिया और कहा कि अगर किसी के घर में कोई बच्चा डिसेबल्ड है, मेंटली रिटार्डिड भी है, उसको भी रिलीफ दिया जाएगा। तो इसका मतलब है कि नोटिसेबल नम्बर हैं लोग, नेग्लिजेबल नहीं हैं। तो अगर हैं और उनकी अपनी कोई इन्कम नहीं है, सुविधा नहीं है वे घर वालों के लिए लॉयब्लिटी बन गए हैं, तो ऐसे लोगों के लिए रेलवे को थोड़ा मदद देने की जरूरत है।

महोदय, मैं राजनीति की बात नहीं करना चाहता, फिर भी टैक्निकल रीज़न के लिए रेज़ कर रहा हूं। महोदय, हमारे इसी सदन के सदस्य श्री जलालुदीन अंसारी और एन॰ गिरी प्रसाद के सवाल के जवाब में 28 जनवरी, 1997 को उत्तर दिया गया, यह नए 6 रेलवे जोन्स क्रिएट करने से संबंधित है। महोदय, 6 नए रेलवे जोन्स क्रिएट करने की बात जब इस सदन में आई और मैंने भी उस पर सप्लीमैंटरी सवाल किया तो मंत्री महोदय ने कहा कि हमने एक एडवाइज़री कमेटी बनाई थी, जिसने रिकमेंडेशन किया था। मुझे जहां तक पता है रेलवे रिफार्म्स कमेटी, आर.आर.सी. की रिकमेंडेशन्स 1984 में हुई थीं और उन्होंने चार रेलवे जोन्स बनाने की बात कही थी - अजमेर, जबलपुर, इलाहाबाद और बंगलौर में। यह एक नई एडवाइज़री कमेटी जो बनाई गई, इसकी रिपोर्ट न तो सदन को मिली, न किसी को मालूम है कि कौन इसके सदस्य थे, क्या उन्होंने रिपोर्ट दी, क्या उनका कंसिडरेशन था, यह किसी को नहीं मालूम पर इन्होंने कहा कि 6 जोन्स बनें। अभी पांचवे वेतन आयोग की रिपोर्ट

[उपसभाध्यक्ष (श्री पी. नारायणसामी) पीठासीन हुए]

आई, उसमें उन्होंने अपनी आब्जर्वेशन में कहा है कि:-

> "Earlier, the Railway Reforms Committee, RRC, had recommended the creation of four new zones in 1984 in a phased manner as follows:"

Phase I: East, Central and North-Western Railways.

Phase II: North-Central Railway.

Phase III: South Central Railway.

उन्होंने आगे कहा कि:-

"The Reforms Committee had observed that the Railway should examine the optimality of the size of their existing zones and divisions not only on the basis of their workload, present and anticipated, but also keeping in view the necessity of developing a balanced rail infrastructure to serve the needs of the national economy adequately and efficiently."

उन्होंने पेज नंबर 1322 पर पैरा 83.11 में जो रिकमंडेशन दी है, उसमें उन्होंने कहा है कि-

> "Our efforts to seek details on rationale and justification of our grouping of railway zones did not elicit any response from the Ministry of Railways."

महोदय, पांचवें पे-कमीशन ने अपनी रिकमंडेशन के साथ यह लिखा है। उन्होंने आगे लिखा है कि--

> "In our view, the creation of six new zones at one stroke, is likely to increase the cost of administration substantially, without commensurate benefits. We recommend that the Government should halt the process, even at this stage, and proceed slowly in the direction of rationalisation of zones, after obtaining expert advice on the subject."

महोदय, सिर्फ इतना ही नहीं, रेलवे जोन क्रिऐट करने के लिए ऐक्ट के तहत जो प्रावधान हैं, उन प्रावधानों के तहत जोन क्रिऐट करने के लिए कैबिनेट का एप्रूवल तो चाहिए ही लेकिन उसके साथ-साथ जोन की बाउंड्रीज डिक्लेयर करनी पड़ती है और नोटिफाई करना पड़ता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने कल राज्यसभा में एक अनस्टार्ड क्वश्चिन नंबर 2230 के जवाब में बताया है कि इन जोन्स की बाउंड्रीज अभी तक डिक्लेयर नहीं हुई है। पुराने जोन्स के लिए तो उन्होंने ऐरिया और बांउड्री का विवरण दिया है। अब इंडियन रेलवेज़ ऐक्ट कहता है कि जोन बाउंड्री डिक्लेयर होनी चाहिए और नोटिफाई होनी चाहिए। कल के प्रश्न के जवाब में इन्होंने सिर्फ इतना बताया है कि ये कौन-कौन से जोन्स सैट-अप करने जा रहे हैं। इन्होंने बताया कि —

> "In addition, six new zones are being set up and the details are as follows:-

East Coast Zone — Bhubaneshwar

East Central Zone — Hajipur

North Central Zone — Allahabad

North Western Zone — Jaipur

Sourth Western Zone— Bangalore

West Central Zone — Jabalpur."

महोदय, मैं जोन्स के क्रिऐशन के खिलाफ नहीं हूं लेकिन मैं कहता हूं कि आज के जमाने में जब कम्युनिकेशन सिस्टम इतना फास्ट हो चुका है, हमारे पास कंप्यूटर्स हैं, फैक्स-मशीनें हैं, टेलीकम्यूनिकेशन फास्ट हो चुका है, हमने तो रेलवे का वह जमाना देखा है कि जब यहां कुछ नहीं था, चाभी घुमाकर टेलीफोन पर बात होती थी। और इस जमाने में हम ये नए जोन्स क्रिऐट कर रहे हैं उनकी बाउंड्रीज डिक्लेयर किए बिना, नोटिफाई किए बिना, हम उस पर खर्चा किए जा रहे हैं। कल को हो सकता है कि किसी प्रावधान के तहत जो कुछ जरूरी है, वह हम पूरा न कर पाएं। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इस पर गौर फरमाएं और इसको राजनीतिक मुद्दा न बनाकर सही ढंग से हल करें। महोदय, हमारी जो कन्वैंशन कमेटी है, रिफॉर्म्स कमेटी है, उनकी रिकमंडेशंस को अगर हम ताक पर रख देंगे और एक ऐडवाइजरी कमेटी बनाकर, उसके आधार पर इतना बड़ा निर्णय करेंगे तो हम आने वाले भविष्य के लिए, आने वाले भारत के लिए एक गलत परंपरा को जन्म देंगे। मैं इसी कारण से इसका विरोध करता हूं। और कोई कारण नहीं है। 1984 में रिफॉर्म्स कमेटी ने चार जोन बनाने की बात कही। 1984 से लेकर 1996 तक हमने उस पर कुछ नहीं किया। और फिर ऑल ऑफ ए सडन हमने उस पर फैसला ले लिया ऐडवाइज़री कमेटी में, यह बात थोड़ी चुभती है।

महोदय, आए दिनों ट्रेनों में लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं। सुरक्षा की भावना कम होती जा रही है। यह आरोप लगाना कि यह स्टेट का सबजेक्ट है और स्टेट वाले कहें कि रेलवे का सब्जेक्ट है, इस ज़िम्मेदारी से हम भाग नहीं सकते हैं। अभी परसों की बात है, हमारे जम्मू-कश्मीर के एक सदस्य मंत्री महोदय को बता रहे थे कि जम्मू से आने वाली ट्रेन में दो छोटे व्यापारी कैसर बेचने के लिए आ रहे थे। ट्रेन में एस्कार्ट करने के लिए जो सिपाही गया, उसने दोनों को बाथरूम में घुसा कर उनकी पिटाई की और उनसे केसर भी छीन लिया और कैश भी छीन लिया। महोदय, जब भी किसी ट्रेन में पुलिस एस्कार्ट करने के लिए जाती है तो सबसे पहले वह ढूंढती है कि किसी पैसेंजर के पास कोई बाक्सा है या नहीं और अगर बक्सा है और उसे ज़रा भी संदेह होता है कि इसमें कैश है या ऑर्नामेंट्स हैं, तो उसको वह खोल कर देखती है। अगर वह देख लिया तो फिर तो समझ लीजिए बक्सा नदारद हो जाएगा। मैं आपको एक घटना बताता हूं और इसके लिए सबसे ज्यादा हमारी कम्युनिटी बदनाम है। पहले तो किसी ट्रेन पर चढ़ते ही सिपाही ढूंढता है कि कोई सरदारजी मिल जाए, उसी का झोला पहले देखने लगता है। ऐसी परंपरा क्यों है? एक ज़माना था कि सरदारजी जिस ट्रेन पर चढ़ जाते थे, पूरी ट्रेन अपने आप को सुरक्षित महसूस करने लगती थी। आज वह भावना क्यों टूट गई है? आज वह भावना क्यों नहीं है मन में? इसका कुप्रचार करने वाले लोग कौन हैं? इसमें कुछ सुधार लाने की क्या कोशिश की जा रही है? क्रिमिनल की कोई शकल नहीं होती, वह बहुरूपिया होता है। कभी दाढ़ी बढ़ा लेता है, कभी कटा लेता है, कभी सिर के बाल बढ़ा लेता है, कभी सिर मुंडा लेता है, उसका कोई धर्म नहीं, जाति नहीं देश नहीं। उसका एक ही धर्म है, चोरी करना और जान-बूझ कर लोगों के बक्से खुलवाना ठीक है। कुछ दिन पहले दिल्ली स्टेशन पर यह शुरुआत की गई थी कि जो भी आता था, उसे चेक किया जाता था कि तुम्हारे पास कैश कितना है? क्यों लेकर आए हो? एक सरदार जी का यंग लड़का जो जूते-चप्पल का काम करते थे, दिल्ली माल खरीदने के लिए आया था और उसके पास 75,000 रुपया कैश था। उसको थाने ले जाया गया तो उस ने वहां से मुझे फोन किया कि ऐसे-ऐसे मुझे पकड़ कर ले गए हैं, मेरे पास इतना पैसा है और इन्होंने मुझे रोक कर रखा है। मैंने कहा ठीक है, मैं बात करता हूं। मैंने एस०एच०ओ० से बात की और पूछा कि सरदारजी के पास कोई बम मिला? बोले, नहीं मिला। मैंने कहा अफीम मिली? बोले नहीं मिली। चरस मिली? बोले नहीं मिली? कुछ और मिला डायनामाईट या आर.डी.एक्स.? बोले नहीं मिला। मैंने पूछा क्या मिला? बोले, साहब कैश मिला है। मैंने कहा भ'इया, हिंदुस्तान के कानून में दिखा दो, कहां लिखा है कि एक सरदारजी कैश लेकर नहीं चल सकता है? और अगर तुम उसको पांच मिनट में नहीं छोड़ते हो तो मैं फिर उधर आता हूं और देखता हूं कि कैसे नहीं छूटता है वह? वह तो मेरा टेलीफोन नंबर जानता था और मुझसे परिचित था, इसलिए उसने मुझे फोन कर दिया लेकिन जिसका कोई परिचित नहीं है, उसका क्या होगा? ये रक्षक ही अगर भक्षक हो जाएंगे तो कैसे चलेगा? महोदय, इस पर अंकुश लगाने की ज़रूरत है।

अभी लालू जी ने भी स्वीकार किया कि ट्रेन लूटने में पुलिसकर्मियों का हाथ है, यह मुख्य मंत्री का बयान है। महोदय, 1983 में नेशनल नॉर्म्स कमेटी बनाई गई थी। नेशनल नॉर्म्स कमेटी अब कहां है? उसकी रिकमंडेशन किसी को नज़र ही नहीं आई। मैं अपने पूर्व वक्ता से पूरी तरह से सहमत हूं और मैंने यह मुद्दा कई बार सदन में उठाया है कि रेल पैसेंजर्स का इंश्योरेंस होना चाहिए। रेल पैसेंजर अगर डकैती में या एक्सीडेंट में डिसेबल हो जाए, पार्टली या कुली, या मारा जाए तो उसका जो भी कम्पनसेशन है, वह इंश्योरेंस से मिले।

प्रावधान रखने की जरूरत है और उसके ऊपर पहल करने की जरूरत है। महोदय, रेल मंत्रालय खास तौर पर धार्मिक इलाको में रेलगाड़ियां चलाने के लिए धन्यवाद का पात्र है और मैं सिख धर्म की तरफ से धन्यवाद देता हूं कि हमने वीक में एक दिन गाड़ी अमृतसर से नांनदेड चलाई थी। रेल मंत्री जी ने इस बजट के माध्यम से घोषणा की कि वह तीन दिन चलेगी। महोदय इसी के साथ मेरी मांग थी कि नानदेड - पांच तख्त सिख धर्म के हैं, उसमें अकाल तख्त है, दूसरा दमदमा साहिब है, तीसरा आनन्दपुर साहिब है। यह तीन पंजाब में हैं। चौथा पटना साहिब है जो बिहार में है और पांचवा सचखण्ड हजुर साहिब है जो नानदेड में है। हमने मांग की थी कि अमृतसर टू नानदेड, नानदेड टू पटना और पटना टू अमृतसर ट्रेन चले। मेरे ख्याल से मंत्री महोदय अगर इस बार गुरू गोविन्द सिंह के जन्मदिन पर वहां उपस्थित होते और वहां की जनता का उद्‌गार देखते तो शायद इसको मान भी लेते। पर शायद उन्होंने सोचा कि एस.एस. अहलुवालिया अकेला आदमी आता है और अकेला यह बात कर जाता है, इसलिए मेरी मांग पूरी नहीं हुई। मैं चाहूंगा कि नानदेड टू पटना और पटना टू अमृतसर गाड़ी हो। पटना साहिब एक छोटा स्टेशन है और उस छोटे स्टेशन में टर्मिनल प्वाइंट नहीं है, यह कहकर उसको काट दिया जाता है। मैं कहना चाहता हूं कि जब तक आपका वहां टर्मिनल प्वाइंट नहीं बनता या दूसरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती हैं तब तक आप पटना जंक्शन से ही अमृतसर, पटना जंक्शन से ही नानदेड, नानदेड से पटना जंक्शन और अमृतसर से पटना जंक्शन एक गाड़ी चलाएं। महोदय, पंजाब के लोग भी आपके बड़े धन्यवादी हैं। मैं कल पंजाबी ट्रिब्यून में एक आर्टीकल सरदार त्रिलोक सिंह का लिखा हुआ पढ़ रहा था। उन्होंने कहा कि पिछले तीस वर्षों में बहुत सारे रेल मंत्री आए और बहुत सारी मांगें उठी, पंजाबी सूबा जब से बना है उसके बाद की बात वह कह रहे हैं, पर किसी ने हिम्मत नहीं की कि चंडीगढ़ से लुधियाना को जोड़ दिया जाए। यह पहला मसला है जब चंडीगढ़ से लुधियाना को जोड़ा गया है और यह सराहनीय है। ब्यास से गोयन्दवाल साहब की पुरानी लाइन जो बनकर तैयार हुई थी, उसको आप चालू कर रहे हैं और गोयन्दवाल साहब से तरनतारन को जो आपने जोड़ा है, यह भी सराहनीय है क्योंकि यह धार्मिक स्थान है, यह धार्मिक तीर्थस्थल है और हम इसको जोड़ना चाहते हैं। अब अमृतसर से गोयन्दवाल साहब वाया तरनतारन आराम से जाया जा सकता है और मैं समझता हूं कि इस इलाके में आप ई.एम.यू. चलाएं क्योंकि डेढ़-दो घंटे के ही फासले पर यह सारी जगह हैं किन्तु जुड़ा हुआ नहीं था, लोगों को बहुत तकलीफ थी। महोदय, अगर आप उस इलाके में जाएं तो पता लगेगा कि वहां टैक्सियां नहीं मिलती और वहां आटो रिक्शा नहीं मिलता।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): You please try to be brief.

SHRI S.S. AHLUWALIA: I am coming to the point.

वहां बसें नहीं मिलती, वहां दूसरी तरह की फट्‌टी, ट्रैक्टर के इंजन पर या डीज़ल के इंजन पर बनाई हुई फट्‌टी मिलती है, जो वहां चलती है और उसी पर लोग जाते हैं। पर यह ट्रेन सेवा शुरू होने से बहुत सुधार हो जाएगा। महोदय, आज सारा विश्व टूरिज़्म पर चल रहा है। सारे विश्व के बड़े-बड़े देश टूरिज़्म के नाम पर पैसा कमा रहे हैं, फॉरन ऐक्सचेंज कमा रहे हैं। वह टूरिज़्म क्या है - तीर्थ स्थानों के दर्शन हैं। चाहे वह इस्लाम धर्म हो, चाहे क्रिश्चयन धर्म हो, क्रिश्चयन होते हुए भी हिन्दु धर्म के मंदिरों या जीर्णों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। हमारे पास दिखाने के लिए बहुत कुछ है। कभी आप आस्ट्रेलिया चले जाएं तो आप देखेंगे कि उनके पास दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है उसके बावजूद वहां पर टूरिज़्म का डैवलपमैंट करके कैसे लोगों को अपनी तरफ खींचा जाता है? इसलिए मेरा कहना है कि आप भी हिन्दुस्तान में ऐसा करने की कोशिश करें। टूरिज़्म को पिलग्रिमेज के जरिए डैवलप करें और एक नैटवर्क बनाएं।

महोदय, मैं अन्त में शताब्दी एक्सप्रेस के बारे में कहूंगा कि हमारा पटना, हमारा बिहार शताब्दी एक्सप्रेस से वंचित है। मैं चाहता हूं कि एक शताब्दी एक्सप्रेस हमारे पटना से कलकत्ता को जोड़ने के लिए चलाई जाये और पटना से रांची जो हमारी समर कैपीटल है ...(व्यवधान)... मैं पटना टू रांची, पटना टू डाल्टनगंज, पटना टू जमशेदपुर और पटना टू कलकत्ता के लिए शताब्दी एक्सप्रेस की तरह गाड़ियों की मांग कर रहा हूं।...(व्यवधान)... हाजीपुर से फारमिसगंज तो वह खुद ही खुश हो कर के दे देंगे।

महोदय, बिहार का अंश भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बहुत ज्यादा रहा है और हम पचासवीं वर्षगांठ स्वतंत्रता आन्दोलन की मना रहे हैं इसलिए मैं चाहता हूं कि इस वर्ष हमें ये गाड़िया दी जायें जिससे कि हम लोगों से जुड़ सकें। नेपाल के बार्डर पर फारमिसगंज है इसलिए हाजीपुर से फारमिसगंज को जोड़ने के लिए भी कार्रवाई करें।

महोदय, अन्त में मैं यह कहता हूं कि किसी जगह पर डेवलमैंट आती है तो वह स्वर्ग बन जाती है और कभी-कभी डेवलमैंट आ जाये तो वह नरक बन जाती है। यह घटना हमारे साथ घटी हुई है। वह है, महोदय, जब तक मीटर

गेज की लाईन थी तब तक हमारा गरहारा यार्ड स्वर्ग था और गरहारा यार्ड बहुत बड़ा ट्रांशिपमेंट सेन्टर था और मैं समझता हूं, लोग कहते हैं कि वह एशिया का सबसे बड़ा यार्ड था। मैं एशिया के सारे देशों में नहीं घूमा हूं, हां मैं यह जरूर मानता हूं कि वह जरूर बड़ा यार्ड ट्रांशिपमेंट सेन्टर था। महोदय, मैं वहीं का रहने वाला हूं और जब से गेज कंवर्जन हुआ है तब से ऐसा लगता है कि उस गरहारा यार्ड को एक अभिशाप सा लग गया है, वह अभिशाप हो गया है। मैंने कई बार मंत्री महोदय से मिलकर उनसे गुजारिश की है कि गरहारा यार्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर को जो कि हजारों एकड़ में बना हुआ है और पूरी कालौनी है, पूरी लाइन बिछा दी है। रेणुका जी, मंत्री महोदय को अगर आप फ्री कर दें तो मैं कुछ कहूं।

श्रीमती रेणुका चौधरी (आन्ध्र प्रदेश): मैं मंत्री जी से बात नहीं कर रही हूं, मैं मैम्बर से बोल रही हूं।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: अगर आप मंत्री जी की बगल में बैठकर बातें करेंगी तो...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Ahluwalia, you address the Chair and kindly conclude. I can give you only one minute more.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: महोदय, मेरा कहना है कि गरहारा यार्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर को यूज करते हुए वहां दो चीजों की मांग मैंने की है कि या तो वहां डीजल इंजन बनाने का कारखाना चालू किया जाये या वहां कोच फैक्ट्री शुरू की जाये जिससे वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को यूज किया जा सके, वहां के एम्पलाइज को भी यूज किया जा सके। जमालपुर लोको वर्कशाप है उसको हम लोगों से जबरदस्ती छीन कर के चितरंजन की तरफ ले जाते हैं, वेस्ट बंगाल की तरफ ले जाते हैं। मैं उसका द्वेष नहीं करता हूं। बिहार में जो कारखाने हैं, बिहार में इतनी लम्बी रेलवे लाइन है जिनका रास्ता हमारी छाती के ऊपर से गुजरता है और इनके लिए कोयला हमारे यहां से आता है तो वहां पर देने के लिए कुछ उपराला करिए। हमारे गरहारा यार्ड में आप डीजल का कारखाना चालू कीजिए या कोच फैक्ट्री का कारखाना बनाना शुरू कीजिए। उसके साथ-साथ आप जमालपुर लोको वर्कशाप का माडर्नाईजेशन करने का भी निर्णय ले। बहुत-बहुत धन्यवाद।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (बिहार): सर, आपने रेलवे बजट पर मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका शुक्रगुजार हूं। मैं आपके जरिए से अपनी बात कहना चाहता हूं और सबसे पहले मैं बिहार से आये हुये रेलवे मिनिस्टर और यू.पी. से आये हुए नायब वजीर रेलवे को इस बात के लिए मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने आजाद हिन्दुस्तान का अब तक का सबसे अच्छा बजट पेश किया है।

इसके सुबूत में मैं सिर्फ दो ही बातें कहना चाहूंगा एक तो यह कि 1997-98 के लिए जो 8300 करोड़ रुपये रखे गये हैं, अब तक एक साल के लिए, यह सबसे ज्यादा हैं और दूसरे यह कि मुल्क के वे हिस्से जहां दहशतगर्दी, आतंकवादी या अलगाववादी इन्तहा पसंदी है लेकिन जो मुल्क की सरलेमियत और यकजहती के लिए खुसूसी अहमियत के हामिल हैं उन्हें मुल्क के कौमी धारा में शामिल करने का रेलवे मिनिस्टर ने जो रूख अख्तियार किया है यह इंसाफ और अमन का रास्ता है। यानी मुल्क के नार्थ-ईस्ट के इलाके और कश्मीर जो किन्हीं वजूहात की बुनियाद पर हुकूमत के लिए मुसलसल परेशानी का बाइस बने हुए हैं और जहां अब तक रेलवे लाइन न होने की वजह से उस इलाके के लोग हमसे कुछ कतराये से रहते हैं और हमसे जुड़ा हुआ महसूस नहीं करते अब उन इलाकों में भी रेलवे लाइन तरजीही बुनियाद पर बिछाई जायेगी, एक बहुत बड़ा तारीखी काम है। इस अज़ीम कारनामों पर एक मर्तबा फिर रेलवे मिनिस्टर साहिबान हमारी तरफ से मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं।

सर, अब मैं दो-तीन मसलों की तरफ वजीरे मोहतरम की तवज्जह चाहूंगा। रेलवे में 16 लाख मुलाजमिन इस वक्त काम कर रहे हैं जो मरकज़ी हुकूमत के मुलाजमीन का चालीसवां फ़ीसदी हैं। पूरे हिन्दुस्तान में सैन्ट्रल गवर्नमेंट के जितने मुलाज़मीन हैं उनका चालीस परसेंट सिर्फ रेलवे में मुलाजमत करता है। इन 16 लाख में आबादी के तनासुब से अगर देखा जाये तो कम से कम हिन्दुस्तान के मुसलमानों को एक लाख की संख्या में मुलाजमत मिलनी चाहिये। मगर जगज़ाहिर है कि मुल्क जब आजाद हुआ था उस वक्त हिन्दुस्तान के मुसलमान हुकूमत में 37 परसेंट दिखलाई देते थे। मुलाज़मतों में उनका फ़ीसदी 37 था वह घटकर एक और दो परसेंट के बीच आ गया है। मैं समझता हूं कि रेलवे में जो 16 लाख मुलाज़मीन हैं इनमें भी हिन्दुस्तानी मुसलमानों का तनासुब एक और दो परसेंट से कुछ ज्यादा नहीं दिखलाई देता जबकि वजीरे रेल जनाब राम विलास पासवान जी ने नौ महीने पहले ही इस मामले में पार्लियामेंट में कहा था, वह रिकार्ड पर तकरीर भी मौजूद है, यह वायदा किया था कि मुसलमानों को उनकी तनासुब आबादी के लिहाज़ से रेलवे में मुलाज़मत दी जायेगी। मैं यह

जानना चाहता हूं कि नौ महीने में कितने लोगों को भर्ती किया गया और उनमें मुसलमानों की तादाद कितना है? मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि अब वक्त आ गया है, हमारे वजीर मोहतरम बड़े हौसले के मालिक हैं, लोग अक्सर मुल्क में कहते हैं कि ऊपर आसमान, नीचे पासवान''। तो ये पासवान अब पासवान की हैसियत से अगर खड़े हों तो ज्यादा बेहत्तर होगा। इन दोनों रेल मंत्रियों ने मुल्क को जो एक अच्छा रास्ता दिखलाया है, हौसले से भरपूर बजट पेश किया है, इन्हें यह मालूम होगा कि इस मुल्क में एक ऐसी दुखी कौम भी रहती है जिसके हुकूक मुसलसल पचास साल से सियासत की सलीब पर हैं वजीरे मोहतरम ने कहा था कि रेलवे की भर्ती में मुसलमानों को उनका वह हिस्सा मिलेगा जो तनासुबे आबादी की बुनियाद पर उनको मिलना चाहिए। अब इस पर अमल भी करें।

सर, एक और बात की तरफ मैं मिनिस्टर साहब का ध्यान दिलवाना चाहूंगा। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा है कि 10 फीसदी ट्रेने यानी रेलवे लाइनों को नयी करने की जरूरत है। मगर मैं यह महसूस करता हूं कि कम से कम 60 फीसदी से ज्यादा ट्रैक को रिन्यू किए जाने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि हिन्दुस्तान उन चंद मुमालिकों में से एक है जहां सबसे पहले रेल चली थी और इस लिहाज से हमारे मुल्क को रेल के मामले में दूसरे मुल्कों से आगे होना चाहिए था। सर, आज फ्रांस और जापान ने रेलवे में इतनी तरक्की की है कि 300 किलामीटर फी घंटे चलने वाली रेलें वहां चल रही है और 500 किलोमीटर फी घंटे रेलें चलाने की तैयारी वहां के हुक्मरानों ने कर रखी है। हालत यह है कि वहां की एयर लाइंस को खतरा महसूस होने लगा है। लेकिन हम अभी तक सौ किलोमीटर फी घंटे वाली ही रेलें चला पाए हैं। इससे ज्यादा हमारी रेल पटरियों में यह क्षमता नहीं है कि रेलों की तेजी को वह बर्दाश्त कर सकें। आखिर इसकी वजह क्या है? वजह यह है कि ट्रैक हमारे इतने अच्छे नहीं है कि उन पर 300 किलोमीटर और 500 किलोमीटर फी घंटे की रफ्तार से ट्रेनें चलाई जा सकें। जहां दूसरे मुमालिकों में जेट ट्रेनें चलती हैं वहां हमारे मुल्क में खटारा ट्रेनें चल रही हैं। ट्रेनों के लिए ट्रैक असल मसला है, असल समस्या है, असल परेशानी है। मैं समझता हूं कि बड़े पैमाने पर ट्रैक बदलने की जरूरत है जिससे तेज रफ्तार ट्रेनों का रास्ता हमवार किया जा सके। सर, हमारे बजट में एक और बात कही गई है, मैं वजीरे मौसूफ का ध्यान खसूसीतौर पर दिलाना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में 24500 से ज्यादा लेबल क्रासिंग हैं जो अनमैंड हैं यानि जहां से रेल लाइन में से रोड ट्रैफिक गुजरता है। लेकिन वहां रेलवे का कोई मुलाजिम नहीं होता। नतीजा यह होता है कि हर साल हजारों कीमती जाने गंवानी पड़ती हैं। मैं इस सिलसिले में यह अर्ज करना चाहता हूं कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में जो अनसेफ रेलवे लाइन हैं उनकी तरफ रेलवे के हुक्मरानों का ध्यान क्यों नहीं जाता? हजारों लोग जो एक्सीडेंट का शिकार होते हैं उन्हें बचाने की तरकीबों पर अभी तक कोई गौर नहीं किया गया है। मैं इस सिलसिले में अर्ज करना चाहूंगा कि इन जगहों पर रेलवे मुलाज़मीन तैनात किए जाने चाहिए। इससे एक फायदा यह होगा कि बेरोज़गार लोगों को रोजगार मिलेगा, हजारों लोगों की रोटी-रोजी रेलवे के माध्यम से, रेलवे के ज़रिए से जुड़ जाएगी और हजारों कीमती जानें बचाई भी जा सकेंगी। इसी के मुत्तलित मैं एक बात और कहना चाहूंगा। जो भी हादसे होंते हैं, रेलवे इस सिलसिलें में अपना नजरिया मुखतलिफ रखती है जिससे कामनसेंस रखने वाला इंसान इत्तफाक नहीं कर सकता। होता यह है कि अगर कोई ऐसा हादसा होता है तो रेलवे के हुक्मरान यह कहते है कि हम इस हादसे के जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए हम मुआवजा नहीं देंगे। यह सरासर गैर-इंसानी और गैर-एखलाकी रवैया है। इसमें रेलवे को अपनी जिम्मेदारी महसूस करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि यकीनन यह रेलवे की जिम्मेदारी है और रेलवे को ऐसे मामलों में मुआवज़ा देना चाहिए। इसके लिए कवानीन में अगर मुनासिब तरमीमात की जरूरत हो तो वह भी करना चाहिए। किसी इंसान को यह शौक नहीं होता कि वह लेवल क्रासिंग पर जाकर मर जाए। यह हादसा रेलवे की लापरवाही से होता है, इसलिए मुआवज़ा भी रेलवे को ही देना चाहिए।

सर, एक और खास बात की तरफ मैं आपकी तवज्जह दिलाना चाहूंगा। बोल्ट की स्कीम कामयाब नहीं हुई है जिसका तज़करा रेलवे बजट में किया गया है। जैसे कि रेलवे कनवेंशन कमेटी ने कहा है और उस पर मेरी गुज़ारिश यह है कि अज़सरेनौ गौर किया जाना चाहिये। इसी तरह से बजट में आवामुन्नास को बेहतर सहूलियतें दी गई हैं, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। रेलवे के किराये में गरीबों पर बोझ नहीं डाला गया है। इस तरीकेकार की भी जितनी सराइना की जाए, वह कम है मगर रेलवे को पैसे जिस तरह से हासिल होते हैं, टिकटों के पैसे रेलवे के हाथ जिस तरह से लगते हैं, उन तरीकों में अब कंप्यूटर का दौर आ गया है। रेलवे रिज़र्वेशन का कंप्यूटराइज़ेशन तेजी से हुआ है। यह वक्त की अहमतरीन ज़रूरत भी थी, होना भी चाहिये था लेकिन वज़ीरे मोहतरम् को मालूम है कि इसमें भी रैकेट चल रहा है। ज़बरदस्त चोरियां चल रही हैं। इसको रोका जाना चाहिये। टिकट होता है, सीटें होती हैं, कंप्यूटर चलाने वाले इन्सान हैं, कंप्यूटर खुद अपने आप

नहीं चलता है, लोगों से कह दिया जाता है कि टिकट नहीं है, सीटें खत्म हो चुकी हैं। सीटें रोकी जाती हैं। बहुत सारे जानकार लोगों से इस बात का भी पता चलता है कि सीटें रोक कर टिकटें ब्लैक की जाती है और इस तरह रेलवे की परम्परा को नुक्सान पहुंचाया जाता है और पेसेंजरों को उनके सफर करने के हक से महरूम कर दिया जाता है। मेरी गुज़ारिश यह है कि ऐसी जगहों पर सिर्फ ईमानदार लोगों को रखा जाए। इसके बावजूद अगर लोग बदउमवानी में मुल्लविस पाए जाएं तो उन्हें इबरतनाक सज़ा दी जाए।

सर, अब मैं ज़रा उत्तर प्रदेश और बिहार की तरफ आना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश और बिहार में मॉडल स्टेशनों की तादाद बहुत कम है। यह तादाद बढ़ाई जानी चाहिये। इसके इलावा दीगर स्टेशनों की हालत भी बहुत खराब है। सर, हम लोग आए दिन रेलवे से सफर करते रहते हैं। स्टेशनों पर गंदगी, टूटा-फूटा फर्नीचर ज़रूरियाते ज़िन्दगी का न होना, यह सारी चीज़े आज कल आम हो चुकी हैं। ज़रूरत इस बात की है कि इस तरफ खसूसी तवज्जो दी जाए ताकि मुल्क और बैरूनी मुल्कों के लोग जो हमारे स्टेशनों से गुज़रते हैं, हमारे रेलवे की सफाई की तारीफ कर सकें। जहां तक बिहार को रेल से जोड़ने का सवाल है, बिहार यह क्रान्तिकारी सूबा है जिसने तन के गोरे, मन के काले अंग्रेजों को हिन्दुस्तान से उखाड़ फैंकने के लिए इन्कलाबी जंग लड़ी है और अहलेबिहार का नाम मुल्क की तारीखेआज़ादी में सुनहरे हर्फों में लिखा जाएगा और लिखा हुआ है। बिहार को अब तक रेलवे की वह सहूलियतें नहीं मिली थी जिन सहूलियतों से इस वक्त बिहार माला-माल होने जा रहा है। शायद लोगों के ज़ेहन में यह बात आए कि चूंकि रेलवे मिनिस्टर जनाब राम विलास पासवान जी बिहार के रहने वाले हैं और रेलवे के मिनिस्टरों की यह परम्परा रही है कि जिस सूबे से आया है उसने अपने सूबे में रेलवे की सहूलियतें ज्यादा से ज्यादा पहुंचाने की कोशिश की है। इस सच्चाई से इन्कार नहीं किया जा सकता और जिस सूबे को भी लोग ज्यादा से ज्यादा तरजीह दे रहे होंगे आखिर वह सूबा भी हिन्दुस्तान का एक सूबा है और हिन्दुस्तान का एक हिस्सा है। मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, कोई एतराज़ नहीं करना चाहता मगर इतनी बात ज़रूर कहना चाहूंगा कि बिहार को यह रेलवे की सहूलियतों से इस वक्त जनाब राम विलास पासवान जी मालामाल करने जा रहे हैं तो यह सिर्फ इसलिए नहीं कि बिहार के रहने वाले हैं बल्कि बिहार अब तक सामाजिक इन्साफ से महरूम था आज सामाजिक इन्साफ के ख्वाब को शर्मिंदा-ए-ताबीर करने के लिए श्री राम विलास पासवान जी ने बिहार की तरफ खसूसी तवज्जो दी है।

इसी तरह से मैं कुछ और विसंगतियों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। यद्यपि रेलवे मिनिस्टर साहब ने बहुत ही चालाकी भरा अपना यह बजट प्रस्तुत किया है, अगर वह चालाकी नहीं दिखायी होती तो मैं समझता हूं कि बजट के आंकड़े और ज्यादा भयावह होते। कुछ आंकड़े मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। रेलवे एक बहुत बड़ा संगठन है और मूल्य ह्रास फंड में आपने यह केवल दो हजार रुपये रखे हैं। पिछले साल आपने 2115 रुपये रखा था। आप रेलवे का विस्तार कर रहे हैं और मूल्य ह्रास फंड में जो निधि है उसे घटा रहे हैं। इसे आप कैसे सपोर्ट करेंगे, रेलवे को कैसे चलायेंगे? एक दिन यह सारा का सारा ढांचा चरमरा करके गिर जाएगा और उस दिन आपको फिर नए सिरे से बहुत अधिक धन की आवश्यकता होगी और उस दिन मैं समझता हूं कि आप रेलवे को ठीक से नहीं चला पायेंगे। आपने मूल्य ह्रास फंड में कमी करके रेलवे को एक बड़ा आघात पहुंचाने का काम किया है। इस पर आपको ध्यान देना चाहिए। दूसरी बात जो मेरी समझ में नहीं आती है और मैं समझता हूं उपसभाध्यक्ष महोदया, इस सदन में बैठे हुए शायद किसी भी माननीय सदस्य की समझ में यह आने वाली बात नहीं है कि आपने पेंशन राशि में इस वर्ष केवल 2200 रुपये रखे है। पिछली बार 2700 रुपये रखे थे। जैसे-जैसे वेतन बढ़ता है उस तरह से पेंशन राशि भी बढ़नी चाहिए। आपने इस वर्ष

500 करोड़ रुपये राशि घटा दी। यह किस तरह की जादूगरी है, यह समझ में आने वाली बात नहीं है। आपके योजना आयोग से 11 हजार करोड़ रुपये मांगे थे आपको केवल 8300 करोड़ रुपये मिले हैं, पिछली बार आपको 8130 करोड़ रुपये मिले थे। 170 करोड़ आप कह सकते हैं आपको ज्यादा मिले हैं। लेकिन आपका कहना है, आपकी सरकार का कहना है कि मुद्रास्फीति 5 से 7 प्रतिशत की दर पर इस समय है और इस तरह से 170 करोड़ आपको बढ़ करके मिले नहीं हैं बल्कि मैं कह सकता हूं कि पिछले वर्ष से आपको करीब पांच सौ करोड़ रुपये कम प्राप्त हुए हैं। इसी तरह से चल स्टॉक, यह जो आपका रोलिंग स्टाक है, पिछले वर्ष आपने दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था इस वर्ष आपने इसमें 812 करोड़ घटा दिए, केवल 1208 करोड़ आपने इसका प्रावधान किया है। तो इस तरह से आपके पास में नए वैगन्ज़ की भी कमी आएगी। यात्री सुविधा में आपने पिछली बार 103 करोड़ का प्रावधान किया था और आप कहते हैं कि यात्री सुविधा हम बढ़ा रहे हैं। इस वर्ष आपने घटा कर 80 करोड़ कर दिया है। आमान परिवर्तन में भी आपने 25 करोड़ घटाए हैं। दोहरीकरण में 26 करोड़ घटाए हैं और सिग्नलिंग में आपने 51 करोड़ घटा दिए। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि आज से दो-तीन साल पहले फिरोजाबाद के पास में एक सिग्नलिंग की खराबी की वजह से बहुत बड़ी ट्रेन दुर्घटना हुई थी जिसमें सैकड़ों लोग मारे गये थे। तत्कालीन प्रधान मंत्री भी उस समय मौके पर गए थे परन्तु वहां की सिग्नलिंग व्यवस्था के जीर्णोद्धार का कार्य आज भी आपने नहीं लिया है, इस वर्ष भी आपने नहीं लिया है। क्या आप दूसरी ट्रेन दुर्घटना को आमंत्रित करना चाहते हैं? आपको उस पर ध्यान देना चाहिए था। इसी तरह से जो रेल की देनदारी है उसके लिए आपके पास तीन बड़े मद हैं। वेतन में आप पैसा देते हैं, ईंधन में पैसा देते हैं, भारतीय रेल वित्त निगम में देते हैं। मैं आपसे सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं। इस में भी आप को एक प्रॉपर रेशियो रखना चाहिए। आप कहते हैं कि हमारा वित्त निगम फायदे में जा रहा है। यह फायदे में तो इसलिए जा रहा है क्योंकि आप उस से ऋण लेते हैं और ब्याज देते हैं। परन्तु कुल मिलाकर आप का जो यह स्ट्रक्चर है या संगठन है वह घाटे की ओर जा रहा है।

महोदय, मैं सुरक्षा के संबंध में भी एक बात कह देना चाहता हूं जिसे मैं बहुत गंभीरतापूर्वक आप के सामने रखना चाहता हूं। यह जो डकैतियां पड़ती हैं, यह चाहे फिर उत्तर प्रदेश में पड़ें, महाराष्ट्र में पड़ें या बिहार में पड़े वैसे तो आजकल ये बिहार में ज्यादा पड़ रही हैं। महोदय, अभी-अभी बिहार में जो एक डकैती पड़ी और जिस में हमारे देश के एक बहादुर सब-इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह की मृत्यु हो गयी, उस में जिस डकैत को उन्होंने मौके पर मार गिराया, राजेश नाम का, उस व्यक्ति की जेब से एक पेपर भी मिला है। "पायनियर" में छपा है। मान्यवर, आप ने भी पढ़ा होगा। उस पेपर में लिखा है कि उस ने अपनी मां के लिए पत्र लिखा है जिस में कहा है कि अगर कोई बात हो जाती है तो आप फलां एम.पी. और फलां एम.एल.ए. से संबंध स्थापित कर लेना और सारी बातें ठीक हो जाएंगी। इस से लगता है कि ये डकैतियां डालने वाले लोग साधारण लोग नहीं हैं। इस में ऐसे भी कुछ लोग हैं, यह बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है, जिन लोगों की एप्रोच इस सदन और प्रदेशों में जो विधान मंडल हैं, वहां के लोगों तक है। इस नेक्सस को आप को तोड़ना पड़ेगा नहीं तो मैं समझता हूं कि इन डकैतियों पर आप कंट्रोल नहीं कर पाएंगे। इस के साथ-ही-साथ चूंकि रेल राज्य मंत्री जी आप भी उत्तर प्रदेश से हैं इसलिए आप से काफी अपेक्षाएं हैं। इस बारे में कुछ बातें मैं आप के सम्मुख रखना चाहता हूं।

महोदय, कासगंज मथुरा और कासगंज बरेली के आमान परिवर्तन के लिए 3950 लाख रुपए की आवश्यकता है, लेकिन आप ने एक लाख रुपए का प्रावधान किया है। मंत्री जी, आप से प्रार्थना है कि आप इस वर्ष यह कार्य प्रारंभ करा दें। इसी तरह से फर्रुखाबाद - शिकोहाबाद जो लूप लाइन है और कानपुर - झांसी रेलवे लाइनों के ट्रैक की हालात बहुत ही खस्ता है। वहां ट्रेन चलती नहीं है बल्कि रेंगती है। इस कारण कानपुर से झांसी 9 घंटे में पहुचते हैं जबकि यह 150-200 किलो मीटर का रास्ता है। महोदय, शिकोहाबाद से फर्रुखाबाद 8 घंटे में पहुंचते हैं जबकि यह सिर्फ 100-150 किलो मीटर का रास्ता है। आप से निवेदन है कि इन ट्रैक्स की खस्ता हालत को ठीक कराने की व्यवस्था करें। महोदय, पूर्वोत्तर रेलवे की कानपुर फर्रुखाबाद लाइन पर यशोदा और खुदलापुर स्टेशनों के बीच हजरतपुर गांव पड़ता है। कृपया यहां रेलवे ट्रैक बनवाने की कृपा करें। पूर्वोत्तर रेलवे की उपरोक्त लाइन पद गुरसहायगंज स्टेशन पड़ता है। महोदय, गुरसहायगंज बीड़ी उद्योग का केन्द्र है। अत: यहां स्टेशन पद प्रथम और द्वितीय श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय और यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस चौकी की स्थापना कराने का कष्ट करें। फर्रुखाबाद-शिकाहाबाद लाइन पर स्थित भोगांव स्टेशन की लंबाई बढ़ाने और यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय निर्मित कराने का कष्ट करें। महोदय, फर्रुखाबाद से दिल्ली आने-जाने के लिए केबल

एक ट्रेन कालंदी एक्सप्रेस है जिस में प्रथम श्रेणी के डिब्बे में तीन नहीं बल्कि केवल ढाई केबिन हैं और यह भी बड़ी जर्जर हालत में हैं आप से प्रार्थना हैं कि इस की जगह एक पूरा प्रथम श्रेणी का डिब्बा जोकि ठीक हालत का हो और एक ए॰ सी॰ स्लीपर क्लास का डिब्बा भी इस में जोड़ने की कृपा करें। महोदय, फर्रुखाबाद और दिल्ली के बीच में अगर एक एक्सप्रेस ट्रेन और संभव हो जो चलाने का करूट करें। मान्यवर, कालंदी एक्सप्रस ट्रेन पहले भोगांव स्टेशन पर रुकती थी, लेकिन जब से यह सरकार आई है तब से भेगांव स्टेशन पर इस ट्रेन का रुकना बंद हो गया है। महोदय, यह अन्याय तो नहीं होना चाहिए और आप की सरकार के आने के बाद तो सुविधा बढ़नी चाहिए। इसलिए भेगांव स्टेशन पर इस ट्रेन को पुन: रोकने की कृपा करें। मान्यवर, कानपुर-कासगंज-मथुरा के बीच चलने वाली ट्रेन पवन एक्सप्रेस में पहले प्रथत श्रेणी का डिब्बा लगता था। उसे दोबारा जोड़ने की कृपा करें। महोदय, कानपुर-कासगंज और आगरा के बीच केवल एक सुपरफास्ट ट्रेन मरुधर एक्सप्रेस चलती है। इस में पहले ए॰सी॰ स्लीपर का डिब्बा हुआ करता था जिसे हटा दिया गया है। मेरी प्रार्थना है कि इसे दोबारा जोड़ने की कृपा करें। साथ ही फर्रुखाबाद स्टेशन को, यदि संभव हो तो, कम्प्युटराइज करने की कृपा करें। मान्यवर, हरदोई से उरई वाया कन्नौज, फफूंद एक नई लाइन बिछाने के लिए सर्वे कराया गया है। इसी प्रकार गुरसहायगंज-भोगांव के बीच में एक नई लाइन डालने के लिए सर्वे कराया जाए।

मान्यवर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पूरे देश के हिंदुओं के लिए बहुत बड़े तीर्थ स्थल हैं और वहां जाने के लिए ऋषिकेश अंतिम स्टेशन हैं। मैं इस स्टेशन का स्तर बढ़ाने की प्रार्थना करता हूं। ऋषिकेश स्टेशन का स्तर बढ़ाया जाए और इसे कम्प्यूटराइज्ड किया जाय। साथ ही दक्षिण भारत के प्रत्येक प्रदेश से एक-एक ट्रेन ऋषिकेश तक चलाने की कृपा करें। मान्यवर, यह आप का इलाका है।

श्री सतपाल महाराज: ऋषिकेश के अंदर कम्प्युटर लगा दिया गया है। .... (**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): हमारे माननीय सदस्य कह रहे थे कि बद्रीनाथ, केदारनाथ तक ट्रेन ले जानी चाहिए।

श्री सतपाल महाराज: हम लोग तो रेल ले जाते, परन्तु विरोध भी हो रहा है उसका।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): क्यों?

श्री सतपाल महाराज: उस तरफ से विरोध हो रहा है, मैडम।

प्रो॰ राम बक्स सिंह वर्मा: मैडम, यह जो नार्दर्न रेलवे का दिल्ली स्थित अस्पताल है, यह बहुत खस्ता हालत में है। मैंने खुद देखा है। अगर कभी रेलवे राज्य मंत्री जी भी देख लें तो कृपा होगी। यह बहुत खराब हालत में है। इसकी दशा सुधारने के लिए आप माननीय मंत्री जी कुछ करिए।

मैडम, मैं एक मांग करना चाहूंगा कि सीनियर सिटीजन्स के लिए आपने द्वितीय श्रेणी के स्लीपर में कन्सेशन दिया है, मैं चाहूंगा कि द्वितीय श्रेणी स्लीपर की तरह से यह सुविधा प्रथम श्रेणी में, टू टायर ए॰सी॰ में, थ्री टायर ए॰सी॰ में भी दें। इससे मैं समझता हूं कि यह सीनियर सिटिजन्स के लिए सम्मान का द्योतक होगा, इसलिए यह बात आपको मान लेनी चाहिए।

मैडम, एक और मांग करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं यह बहुत जोरदार मांग करना चाहता हूं, मैंने सुना है कि रेलवे में कैटरिंग व्यवस्था पर आप कोई निर्णय लेने वाले हैं कि यह प्राइवेट सेक्टर को दे दिया जाए। मैं कहना चाहूंगा कि आपने प्राइवेट सैक्टर में कंबल देने का, बैड देने का काम किया है और इसका बड़ा प्रतिकूल असर पड़ा है। ठेकेदार सुनते ही नहीं हैं, फटे हुए कंबल ट्रेन में मिलते हैं। इसी तरह अगर आपने भोजन देने का काम भी प्राइवेट सैक्टर को दे दिया तो वहां इतना खराब भोजन मिलेगा और जिस पर आपका नियंत्रण नहीं रहेगा। इसलिए मेरी मांग है कि किसी भी हालत में प्राइवेट सैक्टर में यह कैटरिंग का काम नहीं दिया जाना चाहिए।

मैडम, अब मैं रेलवे की इन्कम बढ़ाने के बारे में अपनी बात रखना चाहूंगा कि रेलवे को इन्कम कैसे बढ़ सकती है। एक तो रेलवे स्टेशन के पास जो फालतू जमीन है, उसका व्यावसायीकरण किया जाना चाहिए, जैसा कुछ और साथियों ने भी सुझाव दिया है। दूसरा, एक साल में आप करीब 400 करोड़ टिकट देते हैं। इन टिकटों पर अगर आप विज्ञापन लेने का काम करें तो मैं समझता हूं कि हजारों करोड़ रुपया रेलवे में इन्कम आ सकती है। तीसरा, एक और सुझाव देना चाहता हूं, जो थोड़ा कठोर सुझाव है, हो सकता है कि आपको थोड़ा कष्ट भी हो, देख गया है कि जहां पर भी रेलवे का उदघाटन वगैरह होता है आप पूरे पृष्ट का विज्ञापन देते हैं। अब जम्मू-कश्मीर में शिलान्यास हो रहा है और यहां दिल्ली के अखबारों में, मुम्बई के अखबारों में निकल रहा है। इससे आपका बहुत खर्चा होता है। इस उद्घटन या शिलान्यास के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी को जाना पड़ता है और उनके एक प्रोग्राम पद दो करोड़ रुपया खर्च होता है। मैं समझता हूं कि इससे रेलवे का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। इस पर भी अगर

आप थोड़ा सा ध्यान दें तो मुझे विश्वास है कि रेलवे को इससे फायदा होगा।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैडम, जो आपने मुझे समय दिया अपनी पूरी बात कहने के लिए, उसके लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

श्री सतपाल महाराज: उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं क्षमा चाहता हूं, रेलवे की यह परंपरा रही है कि जब जब रेल में बड़े बड़े काम हुए हैं तब तब यह विज्ञापन निकाले गए हैं।

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: महाराज जी, आप इकट्ठा ही जवाब दीजिएगा वरना फिर वाद-विवाद शुरू हो जाएगा।

श्री सतपाल महाराज: मैं थोड़ी सी बात कहना चाहता था, ज्यादा बात मैं नहीं कह रहा हूं।

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: नहीं, इसमें ऐसा है कि बड़े काम आने चाहिएं, लेकिन एडवर्टाइजमेंट से काम नहीं होता। जब जमीन के ऊपर होगा, तो जैसा आपने कहा, सामने होगा। .... (**व्यवधान**)...

श्री सतपाल महाराज: यह परंपरा रही है रेलवे की, कि जब जब कार्य हुए हैं, विज्ञापन दिया है।

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: हमने नहीं दिया। किसी ने नहीं दिया। जनता का पैसा है। आपका पैसा नहीं है, न मेरा पैसा है। यह जनता का पैसा है। .... (**व्यवधान**)...

श्री सतपाल महाराज: जनता को पता होना चाहिए कि देश में क्या हो रहा है। (**व्यवधान**) ....

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: नारायणसामी जी कह रहे हैं कि पांडुचेरी में भी काम करो । .... (**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य: नारायणणमी जी भूल गए हैं कि पिछले पांच साल में क्या हुआ है?.... (**व्यवधान**)।

श्री सतपाल महाराज: जनता का पैसा है, जनता के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। जनता के लिए क्या किया जा रहा है, बताना भी चाहिए। .... (**व्यवधान**)...

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: उसको भ्रम में डालने के लिए इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। .... (**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खपर्डे) श्री जलालुदीन अंसारी। अंसारी जी, मैं आपसे एक रिक्वेस्ट कर सकती हूं, नारायणसामी जी का प्लेन है चार, सवा चार बजे, इसलिए आपसे पहले उनको बुलावा लें, अगर आपकी इजाजत हो।

श्री जलालुदीन अंसारी: हमको भी एक जरूरी काम है।

श्री वी॰ नारायणसामी: केवल सात मिनट लूंगा।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी खापर्डे): अब आप अपनी घड़ी देखिए, सात मिनट में यह बोल रहे हैं, इन्होंने समय में खतम किया या नहीं किया। श्री वी॰ नारायणसामी।

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, the hon. Railway Minister gave a very lengthy speech in the Lok Sabha this year. I thought there would be equitable distribution of railway facilities all over the country and the under-developed States would be taken care of. But I am disappointed because only two States have benefited by this Railway Budget. The first one is Bihar with which I have no quarrel. The other State is Karnataka. The reasons is that the hon. Prime Minister is from Karnataka. The Railway Minister is from Bihar. Unfortunately, Uttar Pradesh, from where the Minister of State for Railways comes, could not get much. One good thing that the Railway Minister has done is that he has made allocations for the North-Eastern Region and Jammu and Kashmir. We appreciate that.

Madam, the Railway Minister is very much concerned about railway accidents. He mentioned about the bomb blast at Jallandhar in his speech yesterday. Madam, I am very pained to say that there was no coordination between the Railway Ministry, the Home Ministry, the State Government and the Police administration. There is no protection for the passengers. The other day I was watching television. The hon. Home Minister was saying, "We had some discussion on railway safety, but we have not yet arrived at any concrete conclusion". The Railway Minister said, "We had a discussion and we arrived at some kind of an agreement as far as giving protection to the railways by the Central Government and the State Governments was concerned".

There is a contradiction in what the Home Minister says and what the Railway Minister says. I do not know what the State Government has to say. As far as the railways are concerned, bomb blasts, thefts and dacoities are an everyday phenomenon. The Minister has claimed that there was a reduction in train accidents in 1995-96. But that is not enough. In a vast country like India which has a railway track of more than 60,000 Kms., it is very difficult. But then why have you reduced the

railway staff? The Railways had a staff of about 16,000. You have not done any new recruitment. You are expanding railway facilities to various States. You have gauge conversions, doubbling of lines and you are increasing your rolling stock. But there has been no increase in the number of Railway empoyees. Accoridng to the figures that have been given, we find that 15,86,429 are regular employees. They had a total of about 16 lakh employees. They have reduced this by about 15,000 employees. Why? Then you have also done a great injustice to the Scheduled Caste, Scheduled Tribe and Backward Class employees. How many Scheduled Castes are Class-I Officers in the Railway administration? Only 1,091. How many Class-II employees are there? Only 1,077. The posts of Safai Karamcharis, etc. are full of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Backward Classes. You claim that your Government is committed to socialism and to upliftment of SCs, STs and Backward Classes. But this is what you are doing. Of course, this has been your legacy. And I am not blaming only your Ministry. In every Ministry and every Department, the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and the Backward Classes are a neglected lot.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Mr. Narayanasamy, don't forget that this Government has been there only for the last nine months. The figures that you are quoting pertain to previous years, years of your successive Governments. You should state only the facts in this House.

SHRI V. NARAYANASAMY: I said that there was no politics involved in it. We are all humanbeings.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: That is what I am telling you. *(Interruptions)*

SHRI V. NARAYANASAMY: I said it doesn't matter whether it is our Government or your Government. You have not followed what I said. That is your problem.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: You had said particularly "you Government", the Common Minimum Programme, etc. You said that we are not treating the SCs, the STs and the Backward properly. You were mentioning like that. That is why I have raised it. But this has been done by you and you are blaming our Government.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Dr. Rajkumar, are you going to take two years to understand his language and is he also going to take two years more to understand your language?

I will give one example. Our Government introduced 27% reservation for OBCs in the Central Government employment. I don't know whether postings have been given on the basis of OBC reservation. The Railway Ministry has not even recognised the OBC employee's association, leave alone taking about giving reservation to them. This is the state of affairs in the Railway Ministry. The Finance Ministry is giving OBC reservation. The Ministry of Telecommunications is giving OBC reservation. But the Railway Ministry is not giving it. It has become a monopoly. It is controlled by secure bureaucrats.

Then, what is happening in railway contracts? There is a lot of corruption. The Railway Minister may not perhaps be knowing where this is taking place. But I know and I can tell him. In sleeper coach contracts, Rs. 1 lakh or Rs. 2 lakhs have to be given by the contractors every month. This is going on. Why don't you take steps to curb corruption? You say you don't have funds. You are giving contracts for purchasing rolling stock. You first try to minimise corruption. By that you will be able to mop up resources. You do that first instead. What you are doing is, you give Rs. 200 crores to a State, Rs. 50 crores to another State. You are just allocating the funds to the States. Ultimately you are not doing anything.

There are three important issues. One is corruption. The second is employees' welfare and the third is railway safety. You have to concentrate on these three important issues.

Now I will come to the problems of Tamil Nadu. I will deal with it in one or two minutes. Before that, there is another important thing. That is regarding RPF.

AN HON. MEMBER: GRP.

SHRI V. NARAYANASAMY: You call it GRP and I call it RPF. Prior to 1986, they had

the right to form an association. This right has been taken away. In 1990, when George Fernandes was the Railway Minister, he gave an assurance that the right of the RPF employees to form an association would be restored. Then, there was another Minister, Janeshwar Mishraji became the Railway Minister. In one year, we had two Railway Ministers. He also gave an assurance on the floor of Parliament to the effect that the RPF employees would be restored their right to form an association. Then, Jaffer Sharieffji became the Railway Minister. He also gave an assurance that they would be allowed the right to form association. But what has happened? Nothing has happened so far. What is happening is that the top officers, the IPS officers, who are sitting at the h'lp of affairs are not allowing restoration of the RPF people's right to form associations. After all, the RPF people are working for you, for protecting the railway property. Now, I don't want another assurance from you. I want you to act. I want your action in the matter. Three successive Railway Ministers could not do anything on this. Therefore, I want you to rectify the anomally, bring a Bill and remove that clause which prohibited the RPF men from forming associations.

The hon. Minister of Labour is sitting here. He takes care of the wells are of all the employees. I request the Railway Minister also to take care of the welfare of his employees.

Then, I will come to the pathetic condition of the railways in Tamil Nadu. What is the position? I will give you the comparative figures for Tamil Nadu and Karnataka because some time ago an hon. Member from Karnataka, who is not here at present, has spoken about Karnataka.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Your seven minute's time is over.

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, I will take one or two minutes more.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I am just reminding you.

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, so far as gauge conversion is concerned, only 27% of the total gauge conversion to be undertaken in Tamil Nadu is completed so far. But in the adjoining State, Karnataka, what is the percentage? It is 100%. The whole work relating to gauge conversion is over in our adjoining State. All the lines have become broad gauge in Karnataka because the Railway Minister was from that State.

AN HON. MEMBER: He was from your party.

SHRI V. NARAYANASAMY: See, I don't mince words. When Jaffer Sharief was the Railway Minister, I told him. What they did at that time was to shift an amount of Rs. 295 crores allocated for the State of Tamil Nadu to Karnataka. We blocked that. Furthermore, they spent so far about Rs. 6,000 crores for developing the railway system in Karnataka alone. What was the allocation made to Tamil Nadu? It was not even Rs. 120 crores. What is the population? It is more than 7 crores in Tamil Nadu while it is not more than 4 crores in Karnataka. Then, they have got the prestigious Konkan Railway project which goes *via* Mangalore. They have got that also.

3.00 P.M.

Then, Madam, I take up doubling of lines. Madam, broad-gauge was started between Madras and Villupuram about three years back. Apart from that, we have not seen any double line there. The hon. Minister has now allocated funds now only for the purpose of having broad-gauge between Madras to Trichy. It has to go up to Kanyakumari. They talk of connecting Kashmir to Kanyakumari, but what are they doing? They have stopped it at Madras itself. When we have to go to Kanyakumari, then either we go via Hyderabad or via Bangalore. This is the sorry state of affairs.

The hon. Minister has allocated Rs. 50 crores for Metro Rail. I congratulate him for that. But, what has he done? We have been crying like anything for a Rajdhani Express for the last several years. Firstly, they gave it once in a week and now they have made it twice a week. If Metropolitan cities like Bombay and Calcutta are getting Rajdhanis every day, then why is Madras alone neglected? You started this train about three or four years back, but still you have not made it a daily train. The Railways started a superfast train, Tamil Nadu Express, in the year 1973. After 20 years, no other train has been introduced between Delhi

and Madras. There is a demand for a railway line up to Dindigul. What have you done? You are giving up to Trichy now. It will take a minimum of three-four years more to reach up to Dindigul. Apart from that, Mr. Minister, there is no double line between Madras and Madurai. From Villupuram to Kanyakumari it is only a single line. Mr. Minister, this injustice is being done to Tamil Nadu in spite of there being eight Ministers—four Cabinet Ministers and four State Ministers—in the Union Government from Tamil Nadu. Although they are trying their best, neither the Railway Minister nor the Finance Minister is budging. The Finance Minister has given only Rs. 410 crores as assistance to you. Mr. Minister, the injustice which you have done to Tamil Nadu is not tolerable. You have been hearing the voice raised by the Chief Minister of Tamil Nadu also.

Madam, now I come to my State. As far as survey is concerned, they have included nine locations from the State of Karnataka, but in Tamil Nadu and Pondicherry they have only one survey and that is between Pondicherry and Tindivanam. This line connects two States, not one State. Mr. Minister, you have given broad-gauge only between Pondicherry and Villupuram. I demand two things.

DR. Y. LAKSHMI PRASAD: It should be up to Yanam.

SHRI V. NARAYANASAMY: We cannot ago to Yanam. Mr Minister, Trichy—Nagore-Karaikal railway line was announced by the previous Railway Minister. Survey was done for it. Then, this scheme was cancelled. Why are you neglecting it? Why are you stopping it at Nagore? In the Karaikal region Tirunallar is there where you find the *Sanlishwar* Temple. If a person goes to that temple, then he gets *moksha*. You are neglecting that temple.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Madam, I request Mr. Narayanasamy to tell the names of places slowly so that the Minister could note them down. Otherwise, it will be very difficult for the Minister to note down the names. This is my humble submission to him.

SHRI V. NARAYANASAMY: If the Minister is not able to follow, then what can I do? Mr. Minister, I demand that global ticketing system should be introduced at Pondicherry Railway Station. Now, you are giving only one-way ticket through the computer network. Secondly, doubling of lines between Madras and Madurai is very important for passengers.

Then, I take up the problem of the ICF Coach Factory which is a prestigious coach factory. After you established a coach factory at Kapurthala, you have forgotten ICF Coach Factory. Now, you have reduced the capacity of wagon production also. This factory needs modernisation immediately. Kindly allocate funds for that. Then, to connect Delhi and Kanyakumari, there should be a direct train for passengers who go from the north on pilgrimage to Kanyakumari. Kindly introduce one such train. Then, the Rajdhani Express between Delhi and Madras should be on a daily-basis. Kindly don't ignore the people of Tamil Nadu and also my State, Pondicherry. When you are giving Rajdhani Express trains to other States, then why are you not giving the same to Tamil Nadu? With these words, I demand the hon. Minister to come with positive proposals for the purpose of enhancement of funds for Tamil Nadu region.

श्री जलालुदीन अंसारी (बिहार): महोदया, खुशी की बात है कि रेल बजट में देश के पिछड़े क्षेत्रों, पूर्वोत्तर क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर का खास तौर से ध्यान रखा गया है जो एक स्वागत योग्य बात है। मैं भी इसका पुरजोर स्वागत करता हूं। लेकिन इस बात को ओर मैं विशेष रूप से रेल मंत्रालय का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि रेल बजट में स्पष्ट दिशा का अभाव है। जो डायरैक्शन होना चाहिए, जो दिशा रेल बजट की होनी चाहिए, पूरे देश के पैमाने पर, इसका अभाव है। इसमें न तो रेलवे के विकास की कोई स्पष्ट और ठोस नीति है और न ही माल और यात्री यातायात में रेलवे के लगातार गिरते हुए प्रतिशत को रोकने की तरफ कोई कदम उठाया गया है। मै दिशा विहीन इसलिए कह रहा हूं कि रेलवे के विकास के लिए न कोई इनकी स्पष्ट नीति और दिशा है और उसी तरह से आप देखेंगे कि माल और यात्री यातायात में लगातार उनके प्रतिशत में गिरावट होती जा रही है। तो इन कारणों का विश्लेषण करना होगा। इस गिरावट का जो प्रतिशत है, उसको समाप्त करने के लिए इस बजट में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस ओर मैं माननीय रेल मंत्री जी, अभी माननीय राज्य मंत्री जी यहां उपस्थित है, उनका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जहां तक बड़े पैमाने पर आप रेल बिछा रहे

है, उसकी अत्यधिक आवश्यकता है और हर तरफ से इसकी मांग भी हो रही है। यह मांग वाजिब है। लेकिन जो ट्रैक है, उस ट्रैक के नवीनीकरण के कार्य को रेलवे समुचित रूप से नहीं कर पा रहा है। रेलवे ट्रैक का अगर सही तरीके से आधुनिकीकरण नहीं किया गया तो जो मौजूदा ट्रैक है जिसके कारण रेलवे के संचालन में बहुत सारी गड़बड़ियां होती हैं और यहां तक कि दुर्घटनाएं भी होती है। समुचित रूप से इस ट्रैक के आधुनिकीकरण और नवीनीकरण के लिए न ही कोई ठोस योजना बनायी है और न इसके लिए खासी रकम का इंतजाम किया है। खुशी की बात है कि इन्होंने सफाई कर्मचारियों की जो ठेकेदारी प्रथा चलाई थी, उसको समाप्त करने की घोषणा हमारे माननीय रेल मंत्री जी ने की है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि रेलवे में जो ठेकेदारी प्रथा है, उसको समाप्त करने के लिए क्या आप कोई ठोस कदम उठाने जा रहे हैं? मेरी मांग है, मैंने पिछली बार भी कहा था कि ठेकेदारी प्रथा से रेलवे के अंदर रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों का एक हिस्सा इसी ठेकेदारी प्रथा के कारण माफिया गिरोह के रूप में पैदा हो रहा है तथा रेलवे के विकास में, रेलवे के संचालन में, उसके प्रशासन में और उसकी सुरक्षा में बाधक बन रहा है। इसकी आप छानबीन कीजिए और सही तरीके से जांच कीजिए। माननीय रेल मंत्री जी का कल ही एक पत्र मुझे मिला है जिसमें उन्होंने पिछले बजट का हवाला देते हुए कहा था, जिसमें हमने गोरखपुर की चर्चा की थी, कि उनकी जांच में इस तरह का कोई माफिया गिरोह गोरखपुर में नहीं मिला। महोदया, मैं कहता कुछ हूं और जवाब कुछ मिलता है। मैं फिर कहना चाहता हूं कि रेलवे में ठेकेदारी प्रथा को कायम रखने के कारण इस तरह के गिरोह पैदा हो रहे हैं इसलिए मेरी मांग है कि ठेकेदारी प्रथा को आप समाप्त कीजिए। आपके पास काफी लोग हैं जिनके जरिए आप रेलवे लाइन बिछाने का काम को कर सकते हैं। वह काफी अनुभवी है जैसे गैंगमैन को आप ले लीजिए।

वह वर्षों से काम करता चला आ रहा है उसको क्यों नहीं आप रेलवे का स्टाफ बना लेते हैं? उसे क्यों नहीं समायोजित कर लेते हैं? ठेकेदारी प्रथा के जरिए जो लोग नई रेलवे लाइनें बिछा देते हैं और उस पर बहुत सारी दुर्घटनाएं होती है तो इस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए। यह सही है कि रेलवे देश का सबसे बड़ा, सबसे प्रमुख यातायात का संगठन है, यह एक उद्योग है। अगर इसका सिर्फ व्यावसायिक लाभ उठाना है, यह मंशा है तो यह एक पक्ष है, यह कामर्शियल पक्ष है। साथ ही साथ जो सोशल आब्लीगेशन हैं सामजिक दायित्व हैं जिसको आमतौर पर रेलवे के जन कल्याणकारी कार्य कहते हैं, इसके जरिए से आम जनता को सहायता पहुंचाना, साहूलियत देना यही इसका जन कल्याणकारी कार्य है। यह इसका दूसरा पहलू है। इसको ध्यान में रखते हुए इस बजट में कोई दीर्घकालीन विकास की योजना आपकी नहीं है। आप नीतियों का निर्धारण करने के मामले में भी दिशा-विहीन की स्थिति में है। आप बहुत जगह पर काम कर रहे हैं, रेलवे लाइनें बना रहा हैं, विकास के कार्य हो रहे हैं, बड़े पैमाने पर उद्घाटन हो रहे हैं काफी आपका नाम हो रहा है, सब लोग खुश भी है और मैं भी एक हद तक खुश हूं लेकिन पूरी तरह पर खुश नहीं हूं। इसीलिए मेरा कहना है कि रेल परिवहन का उपयोग करने के लिए कुल चार अरब से अधिक यात्री, 93 प्रतिशत यात्री दूसरे दर्जे में और उप-नगरीय रेल गाड़ियों में यात्रा करते हैं। यह ठीक है कि आपने साधारण दर्जे पर कोई भाड़ा या किराया नहीं बढ़ाया है लेकिन शयनयान श्रेणी के किराये में पांच प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। शयानयान श्रेणी के यात्री भी सामान्यतः निम्न आय वर्ग के लोग ही होते हैं और आमतौर पर इसमें उच्च वर्ग के लोग नहीं जाते हैं। उसमें अलग उनकी क्लास बना दी है इसलिए वे उसमें जाते हैं। मगर दुर्भाग्यवश आपने रेल बजट में किराया बढ़ाकर उन पर बोझ लाद दिया है और यह किराये की बढ़ोत्तरी उनके लिए तकलीफदेह होगी। अगर आप पांच प्रतिशत की यह वृद्धि उनके लिए नहीं करते तो ज्यादा अच्छा होता। मैं आपसे कहना चाहूंगा कि आपने इलिट क्लास पर ज्यादा बोझ लादा है तो वह वहन करने की स्थिति में हैं इसलिए आपने अच्छा किया है और उसके जरिए आपने आम लोगों पर बोझ बढ़ाने का प्रयास नहीं किया है, यह स्वागत योग्य बात है। परन्तु आपने यह पांच प्रतिशत की वृद्धि निम्न आय वालों के लिए की है आप इसे वापस लेने पर पुनर्विचार करें, यह मेरा निवेदन है।

दूसरी चर्चा मैंने ट्रैक के नवीनीकरण की है। रेलवे की ट्रैक नवीनीकरण के मामले में स्थिति बहुत खराब है। एक लाख सात हजार किलो मीटर में से दस प्रतिशत का तुरन्त नवीनीकरण होना चाहिए, ऐसा अनुमान है और इसकी आवश्यकता है। लेकिन 1996-97 का लक्ष्य मात्र 2,564 किलो मीटर था और नौ हजार किलो मीटर का नवीनीकरण किया जाना है जो कि अभी तक नहीं हुआ है। यह जो नौ हजार किलो मीटर का नवीनीकरण किया जाना है उसके लिए बारह सौ पचास करोड़ का प्रावधान आपने इस बजट में किया है।

9000 किलोमीटर एरिया के नवीनीकरण हेतु मात्र 1250 करोड़ रुपये का प्रावधान ऊंट के मुंह में जीरे वाली कहावत चरितार्थ होती है। जब तक नवीनीकरण नहीं

होता, इसी ट्रैक पर गाड़ियां चलाने की मजबूरी बनी रहेगी, सुरक्षा की दृष्टि से यह कोई अच्छी बात नहीं है। इसलिए हम कहेंगे कि जिन मदों पर अधिक पैसा खर्च करने के प्रावधान की जरूरत थी उसको आपने इस बजट में नहीं किया। जब तक ट्रैक का आधुनिकीकरण नहीं करेंगे तो निश्चित तौर पर आपको रेलवे के संचालन में कामयाबी नहीं मिलेगी। इस तरह से हम एक लाइन में इस बजट को कह सकते हैं,—आम जनता पर बोझ नहीं पर आम लोगों को सहूलियतें भी नहीं। आम जनता पर कर का बोझ आपने नहीं लादा, आम जनता को आपने सुविधाएं भी नहीं दी हैं, यह एक लाइन का मूल्यांकन इस बजट का मेरी समझ से है।

अभी हमारे मित्रों ने कहा कि बिहार में और कर्नाटक में काफी रेल लाइनें दी गई हैं। बिहार से रेल मंत्री श्री राम विलास पासवान जी हैं और कर्नाटक से हमारे प्रधान मंत्री जी हैं। उत्तर प्रदेश से हमारे रेल राज्य मंत्री सतपाल जी महाराज हैं इसलिए उत्तर प्रदेश को भी रेल लाइनें दी गई हैं। मैं यह कहना चाहूंगा कि बिहार में रेलवे के विकास के लिए काम हुए हैं लेकिन मेरी शिकायत बिहार का होने के नाते यह है कि उत्तरी बिहार में जिस काम को किया गया है उसका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं लेकिन साथ ही साथ दक्षिण बिहार की उपेक्षा भी की गई है। मैं 1994 से लगातार मांग कर रहा हूं इस सदन के माध्यम से, रेल मंत्रालय से और माननीय रेल मंत्रियों से कि दक्षिण बिहार के लिए आप ध्यान दें। करीब-करीब जितने भी धार्मिक स्थल है, सभी को गत वर्ष से लेकर इस वर्ष तक रेल लाइनों की सुविधायें देने और सारी सुविधायें देने का प्रयास किया गया है। मैं इसका तहेदिल से स्वागत करता हूं लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि रेल राज्य मंत्री श्री सतपाल जी महाराज साक्षात महाराज हैं। इसलिए मेरा इनसे निवेदन है कि बौद्ध गया जिसको बौद्ध सर्किट के नाम से जाना जाता है, उस सर्किट की आपने घनघोर उपेक्षा की है जिसका मैं पहला उदाहरण देता हूं। समय कम है गत वर्ष बहस के बाद बजट का उत्तर देते हुए माननीय रेल मंत्री श्री राम विलास पासवान जी ने कहा था कि नागपुर से गया तक वे एक नई रेल गाड़ी अगले साल से चलायेंगे यानी इस साल से चलनी चाहिए। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि गया दो धर्मों का संगम स्थल है, महान हिन्दू धर्म और महान बौद्ध धर्म का। प्रतिवर्ष लाखों लोग गया और बौद्ध गया में आते हैं और उनको ट्रेनों से आने जाने की सुविधाएं भी बरकरार हैं, पर कम हैं। लेकिन जब तक वहां टर्मिनल नहीं बनाया जाता तो जो ट्रेन नागपुर से गया तक चलाई जायेगी, मेरे जैसे आदमी को पता नहीं चलता कि ट्रैन कैसे आयेगी और वापिस होगी।

रेल विभाग में बहुत से वरिष्ठ पदाधिकारी और विशेषज्ञ यहां बैठे हुए हैं। 1994 में ही ईस्टन रेलवे के जनरल मैनेजर ने सांसदों के साथ मीटिंग की थी उसमें रेलवे बोर्ड के जो अभी चेयरमैन हैं श्री सी०एल० काव उन्होंने बताया था कि जब तक गया में टर्मिनल का निर्माण नहीं किया जायेगा तब तक गया से ट्रेन का आगमन और निर्गमन नहीं हो सकता है। इसलिए मेरी पहली डिमांड है, मांग है कि गया में एक टर्मिनल की स्थापना की जाए। 16 फरवरी को माननीय रेल मंत्री राम विलास पासवान वहां गए थे, दुर्भाग्यवश मैं वहां नहीं था, वे रेलवे प्लेटफार्म के आधुनिकीकरण का उद्घाटन करने आए थे। लेकिन कोई ऐलान उन्होंने नहीं किया। मैं चाहूंगा कि वहां पर टर्मिनल का निर्माण किया जाए। वहां पर टर्मिनल के लिए जमीन है। वहां पर जमीन वगैरह की कोई दिक्कत नहीं है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां पर स्टीम लोको शेड था और यह अब खत्म हो गया है क्योंकि स्टीम इंजन खत्म हो गया है। इसलिए सारी जमीन खाली पड़ी हुई है। इसलिए वहां पर टर्मिनल बनाये। महोदय, आपने ऐलान किया था कि दीक्षा एक्सप्रेस नागपुर से गया तक जाएगी, यह 16 फरवरी की बात है। तो दीक्षा एक्सप्रेस नागपुर से चले, इसके लिए आप वहां पर टर्मिनल बना दीजिए, यह मेरी डिमांड है।

साथ ही साथ इस क्षेत्र के लोगों की यह डिमांड भी है कि गया से चेन्नई और गया से मुंबई के लिए रेल की सुविधा होनी चाहिए। इसलिए सीधी ट्रेन वहां से चलाई जाए। यह उस क्षेत्र के लोगों की मांग है। इसके साथ ही राजगीर से बोध गया रेल लाइन का निर्माण कराया जाए। तीसरा पटना-गया रेल खंड, के दोहरीकरण के कार्य को 1997-98 वर्ष में पूरा किया जाए।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): अंसारी जी, आपकी पार्टी का समय जो है वह 10 मिनट का है।

श्री जलालुदीन अंसारी: मैं दो मिनट में खत्म करता हूं।

पिछली बार हमारे माननीय मंत्री जी ने ऐलान किया था कि पटना-गया रेल खंड के दोहरीकरण का कार्य होगा। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि वह मात्र 12 किलोमीटर है। यह कौन सी दोहरीकरण की बात हुई? इसलिए मेरी मांग है कि इस क्षेत्र की जनता की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए पटना और गया रेलवे खंड, जिसकी दूरी 91 किलोमीटर है, उसके दोहरीकरण का काम

1997-98 साल में आप करें। 3 मार्च 97 को डेहरी आन सासाराम के बीच में गुड्स ट्रेन डिरेल हो गई। मैं उस दिन की राजधानी से चला था। इनका कंट्रोलिंग सिस्टम कितना गड़बड़ है मैं उसका उदाहरण आपको दे दूं। राजधानी आ गई, 10 बजे गया में और वहां से उनको डेहरी आन सोन के लिए खोल दिया। डेहरी-आन सोन में वह दो घंटे ठहरी रही। फिर उसको लौटकर गया लाए और गया से पटना होते हुए वह दूसरे दिन दिल्ली रात 8 बजे पहुंची। यह सारा दोष संचालन का है, इनके कंट्रोल का है। सासाराम डेहरी आन सोन के बीच में करबंदिया के पास गुड्स ट्रेन डिरेल हो जाती है। उसके बाद आप गुड्स ट्रेन को छोड़ते हैं ते वह वहां जाकर टकरा जाती है और लाइन जाम हो जाती है। फिर इस गाड़ी को वहां से भेजना, फिर गया लौटना और पटना होते हुए आना, 6 बजे जब मेरी नींद टूटी तो पाया कि दानापुर में हमारी गाड़ी है। मैं 3 तारीख की रात और 4 तारीख सुबह की बात कर रहा हूं। यह इनका कंट्रोल सिस्टम है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी या नहीं होगी? पश्चिम बंगाल के आठ सांसद मेरे साथ उस ट्रेन में थे। मंडल साहब थे, जैदी साहब थे और 6 सदस्य थे। मैं मांग करता हूं कि रेलवे बोर्ड, रेलवे मंत्रालय, रेल मंत्री इसकी जांच करायें और इस तरह के गैर जवाबदेहीपूर्ण कंट्रोल सिस्टम के लिए जो जिम्मेदार है उनको सजा दी जाए।

फिर मेरी मांग है कि जमालपुर रेलवे लोकोमोटिव कारखाने का आधुनिकीकरण किया जाए, उसका मार्डनाइजेशन किया जाए। यह उस इलाके की मांग है। गडहरा में डीजल इंजन बनाने या कोच बनाने का कारखाना खोला जाए। बिहार के जो दक्षिणी इलाके हैं उनको रेलवे मुख्यालय से हजारी बाग, दुमका और औरंगाबाद इन जिला मुख्यालयों को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। इसके साथ ही मैं आपको बताना चाहता हूं कि आरा-सासाराम जो लाइट रेलवे के नाम से मशहूर था, उसको फिर से चालू किया जाए। बलिया से बक्सर को रेल लाइन से जोड़ा जाए, इस पर आप विचार करेंगे। इसके साथ-साथ मैं आपसे कहना चाहूंगा कि मुगलसराय से पटना हो कर जो लाइन जाती है, इस पर इलेक्ट्रीफिकेशन किया जाए। कुछ काम तो शुरू हुआ है (समय की घंटी) मुगलसराय से आसनसोल के बीच इलेक्ट्रीफिकेशन नहीं हुआ है। उधर कुछ काम शुरू हुए हैं (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): अंसारी साहब 10 मिनट थे, आपने बीस मिनट ले लिया है।

श्री जलालुदीन अंसारी: इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। हम चाहेंगे जो सुरक्षा का मामला है, इन तमाम चीज़ों और यात्रियों का बेहतर रेल सेवा दे सकें, इस ओर रेल मंत्रालय और रेल मंत्री जी ध्यान दें। इन शब्दों के साथ मैं रेल बजट का समर्थन करता हूं।

उपसभाध्यक्ष: धन्यवाद।

†[شکری جلال الدین انصاری "بہار": میرے خوشی کی بات ہے کہ ریل بجٹ میں دیش کے پچھڑے ہوئے علاقوں پر وشیش دھیان نہیں دیا گیا ہے جو ایک سنگین بات ہے۔ میں ابھی اس کا پرزور سوال کرنا چاہوں گا لیکن اس بات کی اوور سیس ڈیولپمنٹ فورم جیسے ریل منتری الیہ کا دھیان دلانا چاہتا ہوں کہ ریل بجٹ میں انفرسٹرکچر رشتا کا ابھاو ہے۔ جو ڈیولپمنٹ ہونا چاہیئے۔ جو رشتا ریل بجٹ کی ہونا چاہیئے۔ پورے دیش کے پیمانے پر اس کا ابھاو ہے۔ اس میں نہ تو ریلوے کے وکاس کی کوئی اسپیشٹ اور ٹھوس نیتی ہے اور نہ ہی مال اور یاتری بھاڑا بابت میں ریلوے کے لگاتار کرتے ہوئے پرتیسپردھا کرنے کی طرف کوئی قدم اٹھایا گیا ہے۔ میں "رشتا دھیان" اکرشت کرنا چاہتا ہوں کہ ریلوے کے وکاس کیلئے کوئی "اسپیشٹ نیتی" اور رشتا ہے اور اس طرح سے آپ دیکھیں گے کہ مال اور یاتری بھاڑا بابت میں لگاتار کئے پرتیسپردھا میں گراوٹ ہوتی جا رہی ہے۔ تو ان "کارنوں کا دھیان" کرنا ہوگا۔ اس گراوٹ کا جو پرتیسپردھا ہے اسکو سمپت کرنے کیلئے اس بجٹ میں کوئی ٹھوس نتیجہ نہیں اٹھایا گیا ہے۔ اس طرف میں مانیہ ریل

†[] Transliteration in Arabic Script.

اور صحیح طریقہ سے جانچ کیجئے۔ مانیہ ریل منتری جی کا محل ہی ایک پتر مجھے ملا ہے جس انہوں نے پچھلے بجٹ کا حوالہ دیتے ہوئے کہا تھا کہ جس ہم نے گورکھپور کی جیسی جو آنکی جانچ میں سرے کا کوئی مانیہ گرہ گھر نہیں ملا۔ میں نے کہا کچھ نہیں اور جواب کچھ ملتا ہے۔ میں پھر کہنا چاہتا ہوں کہ ریلوے میں ٹھیکیداری پر تھا کو قائم رکھنے کی وجہ سے اسٹرائک کے دوران پیدا ہو رہے ہیں۔ اسلئے میری مانگ ہے کہ ٹھیکیداری پر تھا کو آپ ختم کیجئے۔ آپکے پاس کام کی کوئی کمی نہیں ٹھیکے کے ذریعہ آپ ریلوے لائن کے بچھانے کے کام کو کر سکتے ہیں۔ وہ کافی تجربہ کار ہیں جیسے لیگنگ مین کو آپ لے لیجئے وہ سالوں سے کام کرتا چلا آ رہا ہے اسکے کیوں اپنے آپ ریلوے کا اسٹاف بنا لیتے ہیں۔ اسے کیوں نہیں "سیاہ وجیت" کر لیتے ہیں۔ ٹھیکیداری پر تھا کے ذریعہ جو لوگ نئی ریلوے لائنیں بچھا دیتے ہیں اسپر بہت ساری "ورکشاپ لائنیں ہوتی ہیں" تو اسپر بھی آپ کو دھیان دینا چاہیے۔ یہ صحیح ہے کہ ریلوے دنیا کا سب سے بڑا۔ سب سے بڑا کوہ یاتایات کا نیٹ ورک ہے۔ یہ ایک ارگنائزیشن ہے اسکا صرف "ورکنگ ایکسپنس" اٹھانا ہے۔ یہ منتا ہے تو یہ ایک پکشن ہے۔ یہ کلم شنل والیلوے ہے۔ ساتھ ہی ساتھ جو سوشل آبلیگیشن ہیں "ساما جک دائتو" ہیں۔ جیسے عام طور پر ریلوے کے جو سوشل آبلیگیشن ہیں "جن کلیان کاری کاریہ" کہتے ہیں اکھاڑ ریلوے عام جنتا کو مدد پہنچانا۔ سہولیات دینا جیسے استھا "جن کلیان

منتری جی۔ ابھی مانیہ ریل منتری جی یہاں موجود نہیں ہیں اگر دھیان آکرشت کرنا چاہونگے۔ اچانک بڑے بیمانہ پر آپ ریل بچھا رہے ہیں اسکی بہت زیادہ ضرورت ہے اور ہر طرف سے اسکی مانگ بھی ہو رہی ہے یہ واقعی واجب ہے۔ لیکن جو ٹریک ہے اس ٹریک کے نوین روپ کے کام کو اور صحیح ڈھنگ سے نہیں کر پا رہا ہے۔ ریلوے ٹریک کا اگر صحیح طریقہ سے "آر رینیول" یعنی (پرانے کو نیا بنانا) میں بہت ساری گھٹنا ئیں "ڈیریلمنٹ" کی ہوتی ہیں اور یہاں تک کہ "گھٹنا ئیں" بھی ہوتی ہیں۔ "مصنوعیت روپ سے" اصل ٹریک کے "آدھونیکیکرن" اور نوین کرن" کیلئے نہ ہی کوئی ٹھوس اپر بنانا ہے اور نہ ہی ٹھیکیدار کو خاص رقم کا انتظام کیا ہے۔ خوشی کی بات ہے کہ انہوں نے صفائی کرمچاریوں کی جو ٹھیکیداری پر تھا چلی آ رہی تھی اسکو ختم کرنے کی گھوشنا ہمارے مانیہ ریل منتری جی نے کی ہے لیکن میں کہنا چاہتا ہوں کہ ریلوے میں جو ٹھیکیداری پر تھا ہے اسکو ختم کرنے کیلئے آپ کوئی ٹھوس قدم اٹھانے جا رہے ہیں۔ میری مانگ ہے۔ میں نے پچھلی بار بھی کہا تھا کہ ٹھیکیداری پر تھا سے ریلوے کے اندر ریلوے کے ادھیکاری اور کرمچاریوں کا ایک حصہ اسی ٹھیکیداری پر تھا کے کسی نہ کسی روپ میں "مافیا گروہ" کے روپ میں پیدا ہو رہا ہے اور ریلوے کے وکاس میں۔ ریلوے کے منیجمنٹ میں۔ اسکے پرفارمنس میں اور اسکی سرکھشا میں رکاوٹ بن رہا ہے۔ اسکی آپ جانچ میں کیجئے

کمرے کی پوزیشن میں ہیں اسلئے آپنے اچھا کیا ہے اور اسکے ذریعہ آپنے عام لوگوں پر بوجھ ہٹا لیا ہے کا پریاس نہیں کیا ہے یہ "سوگات پر گیہ" بات ہے۔ لیکن آپنے یہ پانچ فیصد کا اوسط فی کم آمدنی والے لوگوں کیلئے کی ہے۔ آپ اسے واپس لینے پر دوبارہ غور کریں۔ یہ میرا سوجھاؤ ہے۔

دوسری چیز جو میں نے "ٹریکشن کے نو ٹیکنیکل" کی کی ہے۔ ریلوے کی ٹریکشن نو ٹیکنیکل کے معاملے میں اسٹینڈرڈ بہت خراب ہے۔ ایک لاکھ سات ہزار کلو میٹر میں سے دس فیصد کا فور "نو ٹیکنیکل" ہونا چاہیے ایسا اندازہ ہے اور اسکی ضرورت ہے۔ لیکن 97-1996 کا نشانہ ۵۲۰۰ کلو میٹر تھا اور ۹ ہزار کلو میٹر کا "نو ٹیکنیکل" کیا جاتا ہے جو کہ ابھی تک نہیں ہوا ہے۔ یہ جو ۹ ہزار کلو میٹر کا "نو ٹیکنیکل" کیا جاتا ہے اسکیلئے ۱۲۰۰ کروڑ روپیہ کا "پراوژن" آپنے اس بجٹ میں کیا ہے ۹۰۰ کلو میٹر ایسا پائے "نو ٹیکنیکل" یعنی ۱۲۵۰ کروڑ روپیہ کا پراوژن" اونٹ کے منہ میں زیرے والی کہاوت" کی مثال ہوگا جبتک نو ٹیکنیکل نہیں ہوتا اس ٹریک پر گاڑیاں چلانے کی مجبوری بنی رہیگی۔ سر کھشا کی دردشا سے یا کوئی اچھی بات نہیں ہے اسلئے ایسے کمپلیکس جن مدوں پر زیادہ پیسہ خرچ کرنے کے پراوژن کی ضرورت تھی اسکو آپنے اس بجٹ میں نہیں کیا۔ جبتک ٹریک کا نو ٹیکنیکل کاری کارید" ہے کے پہی اسکا دوسرا پہلو ہے۔ اسکو دھیان میں رکھتے ہوئے اس بجٹ میں کوئی "ڈیمرڈ کالین وکاس کی بوجھنا" آپکی نہیں ہے۔ آپ نیدیوں کا نو دھارن کرنے کے معاملے میں "دشا وہین" کی استھتی میں ہیں۔ بہت جگہ پر کام کر رہے ہیں۔ ریلوے لائینیں بنا رہے ہیں۔ وکاس کے کام کر رہے ہیں۔ بڑے پیمانے پر اوگھاٹن ہو رہے ہیں۔ کافی آپکا کام ہو رہا ہے سب لوگ خوش بھی ہیں اور میں بھی ایک حد تک خوش ہوں۔ لیکن پورے معنوں پر خوش نہیں ہوں اسلئے میرا کہنا ہے کہ ریل پر بوجھ کا ابیگرن کرنے کیلئے کل جاداری سے زیادہ یا شری۔ ۲۰۰۰ فیصد یا شری دوسرے دوسرے میں اور "اپ گریڈیشن ریل کا ڈبوں" میں یا خرابی میں۔ یہ ٹھیک ہے کہ آپنے سادھارن درجہ پر کوئی بھاڑہ یا کرایا نہیں بڑھایا ہے۔ لیکن "منی بان متعدیتی" کے کرایہ میں پانچ فیصد کا اضافہ کر دیا ہے۔ "سہولیاں متعدیتی کے دیاتروں" پر عام طور پر کم آمدنی والے لوگ ہی ہوتے ہیں اور عام طور پر اسمیں اونچے طبقے کے لوگ نہیں جاتے ہیں۔ اسمیں اکثر مڈل کلاس بنیادی ہے۔ اسلئے وہ جاتے ہیں۔ مگر پھر بھی آپنے ریل بجٹ میں کرایہ بڑھا کر ان پر بوجھ لاد دیا ہے اور کرایہ کی بڑھوتری اگلے لئے تکلیف دہ ہوگی۔ اگر آپ پانچ فیصد کی یہ "وردھی" اگلے سال نہیں کرتے تو زیادہ اچھا ہوتا۔ میں آپ سے کہنا چاہتا تھا کہ آپنے "اے سی فرسٹ کلاس" پر زیادہ بوجھ لاد دیا ہے تو اسے واپس

بھی دھامک استعمال میں سبھی کو" پچھلے سال
سے نے کہ" اس سال تک ریل لائنوں کی سہولیات
دینے اور ساری سہولیات دینے کا پریاس
کیا گیا ہے - میں اسکا تہہ دل سے سواگت کرتا
ہوں لیکن" آپ سبھا اوپیشن مہودیہ" میں
آپ سے کہنا چاہتا ہوں کہ ریل راجیہ منتری
منتری سنت پال جی مہاراج" ساکشات مہا دیو
ہلیس - اسلئے میدان سے نویدن ہے کہ" بردھ
گیا" کو بردھ سہولیت کے نام سے جانا جانا ہے۔
اس سمو کشن کی آپنے گھوشنا اپیکشا کی یا دھکا میں
پہلا ادا ہوں دیتا ہوں - وقت کم ہے پچھلے سال
بجٹ کے بعد بجٹ کا جواب دیتے ہوئے ماننیہ ریل
منتری شری رام ولاس پاسوان جی نے کہا تھا
کہ ناگپور تک وہ ایک نئی ریل گاڑی اگلے
سال سے چلا دیں گے یعنی اس سال سے چلنی چاہیے
لیکن میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ" بات گیا" تو دھوبی کا کتا
استعمال ہے - یہاں بندر دھوم اور یہاں بردہ وہ دھوم
کا میرے سال تو" گیا اور بردھ گیا" میں جاتے ہیں
اور انکو شہریوں سے آنے جانے کی سہولیت بھی ہزار
میں لیکن جتنک یہاں شہر مل نہیں بنایا جاتا تو جو
ٹرین ناگپور سے گیا تھا چلائی جائے گی میرے جیسے
آدمی کو سمجھ ہی نہیں چلے گا۔

ریل وبھاگ کے بہت سے" ورتمان بر
ادھیکاری" اور ماہر یہاں بیٹھے ہوئے ہیں
۱۹۹۴ میں ایسکرن ریلوے کے جنرل منیجر نے

یہیں کہہ دیجئے تو مشیعت طور پر آپ کو ریلوے
کے سنچالن میں کامیابی نہیں ملے گی - اسلئے
سے ہم آپ لائن میں اس بجٹ کو لے سکتے ہیں
" عام جنتا پر بوجھ نہیں پر عام لوگوں کو
سہولیتیں بھی نہیں" عام جنتا پر" کو" کا بوجھ
آپنے نہیں لادا - عام جنتا کو آپنے سہولیتیں
بھی نہیں دی ہیں - یہ آپ لائن کا" مریادکتن"
اس بجٹ کا میری سمجھ سے ہے۔

ابھی ہمارے متوروں نے کہا کہ بہار میں
اور کنرناٹک میں کافی ریل لائنیں دینگی ہیں بہار
سے ریل منتری شری رام ولاس پاسوان جی
ہیں اور کرناٹک سے ہمارے پردھان منتری
جی ہیں اتر پردیش سے ہمارے ریل راجیہ
منتری سنت پال جی مہاراج ہیں اسلئے اتر
پردیش کی بھی ریل لائنیں دی گئی ہیں - اسلئے
میں یہ کہنا چاہتا تھا کہ بہار میں ریلوے کے کام
کیلئے کام ہوئے ہیں لیکن میری شکایت بہار
کا ہونے کے ناطے یہ ہے کہ اتری بہار میں جس کام کو
کیا گیا ہے اسکا میں تہہ دل سے سواگت کرتا
ہوں لیکن ساتھ ہی ساتھ دکشن بہار کی" اپیکشا"
بھی کی گئی ہے - میں ۱۹۱۴ سے لگاتار مانگ کرتا
ہوں اس سدن کے مادھیم سے - ریل منتری جی
سے اور ماننیہ ریل منتریوں سے کہ دکشن بہار
کیلئے کہ آپ دھیان دیں غریب قریب پچھڑے

گیا ہے۔ بھجی" کیلئے ریل کی سہولت ہونی چاہئے اسلئے سیدھی شہروں جاں سے چلائی جائے۔ یہ اس علاقہ کے لوگوں کی مانگ ہے۔ اسکے ساتھ ہی ساتھ "راج گیر سے بودھ گیا" ریل لائن کا سروے کرایا جائے۔ تیسرا پٹنہ۔ گیا ریل کوریڈور کے "دوہیریکرن کے کام کو "۹۸-۱۹۹۷ سال میں پورا کیا جائے۔

اب مجھے ادھیکش "کماری سوریہ لیپاڈیہ" انصاری جی آپکی بات کا وقت ہو چکا ہے وہ ختم کیجئے۔

شری جلال الدین انصاری: میں دو منٹ میں ختم کرتا ہوں۔

پچھلی بار ہمارے ماننیہ منتری جی نے اعلان کیا تھا کہ پٹنہ گیا ریل کوریڈور کے دوہریکرن کا کام یہ ہوگا لیکن دکھ کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ وہ ماننیہ بارہ کلو میٹر ہے۔ یہ کونسی دوہریکرن کی بات ہوئی۔ اسلئے میری مانگ ہے کہ اس اکسٹینشن کی کھبناؤں کو دھیان میں رکھتے ہوئے "پٹنہ اودگیا" ریلوے کھنڈ فیکلی دوران ۱۱ کلو میٹر ہے اسلئے "دوہریکرن" کا کام ۹۸-۱۹۹۷ سال میں آپ کریں۔ جس تاریخ کو "ڈیزل آن سارا" کے بیچ میں "گوڈس شیڈ" ہوگئی میں دن کی لاجر ھائی سے چلا تھا انکا اسٹرلنگ سسٹم لگتا ساتھ نقصان کے ساتھ ہینڈلنگ کی بھی اسمیں ریلوے بورڈ کے جواب چیئرمین بیس منٹری سی۔ ایل۔ کانو انہوں نے بتایا تھا کہ جنک "گیا" میں شیڈ کا نرمان نہیں کیا جائیگا۔ جنک گیا سے شیڈ کا آگمی اور نوگمن" نہیں ہو سکتا ہے۔ اسلئے میری پہلی ڈیمانڈ ہے۔ مانگ ہے "گیا" میں ایک شیڈ قائم کیا جائے۔ ۱۶ فروری کو ماننیہ ریل منتری لالو رام ولاس پاسوان وہاں گئے تھے۔ بدقسمتی سے میں وہاں نہیں تھا وہ ریلوے پلیٹ فارم کے "۴ دھو نیکیلن" کا اوگھاٹن کرنے آئے تھے لیکن کوئی اعلان انہوں نے نہیں کیا۔ میں چاہونگا کہ وہاں پر شیڈ کا نرمان کیا جائے۔ وہاں پر شیڈ کیلئے زمین ہے۔ وہاں پر زمین وغیرہ کی کوئی دقت نہیں ہے۔ میں آپکو بتانا چاہتا ہوں کہ وہاں پر "اصفر لوکو شیڈ" تھا اور یہ اب ختم ہو گیا ہے کیونکہ ایسچ انجن ختم ہو گئے ہیں اسلئے ساری زمین خالی پڑی ہوئی ہے اسلئے وہاں پر شیڈ بنا لیں۔

مہودے۔ آپنے اعلان کیا تھا کہ "رکشا ایکسپریس" ناگپور سے گیا تک جائے گی۔ یہ ۱۶ فروری کی بات ہے۔ تو "رکشا ایکسپریس" ناگپور سے چلے اسیلئے آپ وہاں پر شیڈ بنا جیسے یہ میری ڈیمانڈ ہے۔

ساتھ ہی ساتھ اس اکسٹینشن کے لوگوں کی یہ ڈیمانڈ بھی ہے "گیا" سے "چنائی" اور

پھر میری مانگ ہے کہ جمال پور ریلوے ورکشاپ کو موڈرنائز کیا جائے۔ اسکا ماڈرنائزیشن کیا جائے۔ یہ اس علاقہ کی مانگ ہے۔ "ہوگلی برج" میں ہیڈ کوارٹر انجن بنانے یا کوچ کا کارخانہ کھولا جائے۔ ہمارے جو دکشنی علاقے ہیں انکو ریلوے مکھیالین سے ہمزاری جاتی رہی ہے۔ اور "اندنگ آباد" ان ضلع مکھیالیوں کو ریلوے لائن سے جوڑا جائے۔ اسکے ساتھ ہی میں آپکو بتانا چاہتا ہوں کہ "آرا" "ساسارام" جو لائٹ ریلوے کے نام سے مشہور تھا اسکو براڈ گیج سے چالو کیا جائے۔ "بلیا سے بکسر" کو براڈ لائن سے جوڑا جائے۔ اسپر آپ وچار کریں گے۔ اسکے ساتھ ساتھ میں آپ سے کہنا چاہوں گا کہ مغل سرائے سے پٹنہ سوکر جو لائن جاتی ہے اسپر "الیکٹری فیکیشن" کیا جائے۔ "وقت کی گھنٹی" . . . مغل سرائے سے آسنسول کے بیچ "الیکٹری فیکیشن" نہیں ہوا ہے۔ اُدھر کچھ کام شروع ہوئے ہیں . . . "مداخلت"

آپ سجھاؤ دھیکش "کماری سروج کھاپرڈے"۔ انصاری صاحب آپکے ۱۰ منٹ تھے۔ آپکے ۲۰ منٹ کئے ہیں۔

منتری جلال الدین انصاری: ان شبدوں کے ساتھ میں رہی بات ختم کرتا ہوں۔

گرمتر ہے میں اسکی مثال آپکو دے دوں۔ راجدھانی اگنی ۱۰ بجے "گیا" میں اور وہاں سے اگلے دن "ان سان" کیلئے کھول دیا۔ "ڈیہری آن سان" میں وہ دو گھنٹہ ٹھہرتی رہی پھر اسکو لوٹا کر "گیا" لاکر "اودگیا" سے پٹنہ ہوتے ہوئے آنے سرے دن دلی رات آٹھ بجے پہنچی۔ یہ سارا ورشن منیجمنٹ کا ہے۔ آپکے کنٹرول کا ہے۔ "ساسارام ڈیہری آن سان" کے بیچ میں "بندرہا" کے پاس "گندھس شروین ڈرل" ہو جاتی ہے اسکے بعد جب اسکو چھوڑتے ہیں تو وہ وہاں جاکر ٹکرا جاتی ہے اور لائن جام ہو جاتی ہے۔ پھر اس گاڑی کو وہاں سے بھیجنا پھر گیا سے لوٹانا اور پٹنہ ہوتے ہوئے آنا۔ ۲ بجے جب میری نیند ٹوٹی تو پایا کہ "راجدھانی" میں ہماری گاڑی ہے میں سو تاریخ دان اور ۲ تاریخ صبح کی بات کر رہا ہوں۔ یہ انمینجمنٹ کنٹرول مسئلہ ہے۔ روشنی ارینجمنٹ کے خلاف کارروائی ہونی چاہئے۔ پچھم بنگال کے ۸۷ سانسد میرے ساتھ اس میٹنگ میں تھے۔ منتری صاحب تھے زیدی صاحب تھے اور وہ لمبے چوڑے تھے۔ میں نمائندگی کرتا ہوں کہ ریلوے بورڈ، ریلوے منتری الیہ۔ ایل منتری اسکی جانچ کرائیں اور اسلئے کے ذمہ دار ہیں انکو معطل کنٹرول منیجر کیلئے جو ذمہ دار ہیں انکو سزا دی جائے۔



SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR (Assam): Madam, thankyou for giving me this opportunity to speak on the Railway Budget.

Madam, I shall confine myself to some of the pressing demands of the region regarding railway services. Due to recurring floods in Assam up to four or five times every year, Railway services remain suspended in Assam and for that matter in the entire region sometimes for months together. The turbulent rivers of North Assam and North Bengal create havoc during the summer season up to October-November. There being only one railway line from outside to Assam and the North-East region, the misery of the people knows no bounds due to long suspension of passenger and goods trains. The people of Assam and North Bengal submitted a memorandum to the hon. Railway Minsiter demanding opening of alternative railway line from Moinaguri in West Bengal to Naranarayan Seth at Jogighapa in Assam Via Mathabhanga, Cooachbehar, Baxirhat, Golakganu, Gauripur, Bilaspur and Chapar. This alternative railway line will not only be an all-weather line, but will also ensure uninterrupted service as it will pass through comparatively peaceful area. This alternative line will greatly help development of vast under-developed and backward areas of North Bangal and Western Assam and it will help in boosting up trade and commerce and other economic activities in the area. I request the hon. Railway Minister that in deference to the public demand, a provision be made in the current Budget for surveying of the proposed alternative line. We hope that the survey will be completed expeditiously and the alternative line sanctioned with no loss of time. It will benefit the people of a vast under-developed area. Opening of new lines, extensions and improvement made in the region will be useless unless a provision in made for uninterrupted running of train services. This alternative line is the only way out to avert suspensions of railway services in the region. North-East Express and Bramhaputra Mail are the two main express trains availed of by a vast majority of the people of the region for coming to the national capital and other places outside the region.

It has been the experience of the travelling public that the said two trains hardly run on schedule. The said two trains run abnormally late, sometimes by more than 12 hours thereby causing inconvenience to the travelling public. We demand that punctuality in running the said two trains be maintained. The number of trains going to South from the North-East Region is not adequate. In view of the increased mobility of people from the North-East Region to the Southern Region, the number and frequency of trains from the North-Eastern Region to Southern States be increased.

In order to boost tourist traffic in the region special trains to places of tourist centres such as Kaziranga and other tourist spots be introduced. I also request that steps should be taken to increase the number and frequency of local trains to facilitate travel of people living in interior places to the capital and at least to the headquarters of all the districts in the region .

In this connection I may draw the attention of the Railway Minister to the fact that Dubri-Guwahati line is a very old line running for

gies to the advantage of the people of the backward area. This train used to start from both the ends in the evening reaching the other ends in the morning, thereby allowing the people to attend to their business during the day and facilitating their return in the evening. These train services have been abolished without any reasonable ground. This has led to the fleecing of the people by the private bus operators who are running several buses at night charging the poor passengers Rs. 80 to Rs. 90 perhead which is about three times that of the railway fare. Perpetual demands of the people to restore this service has fallen on deaf ears and people suspect that the railway officials are in league with the private bus operators in disconnecting this service. I would request the Railway Minister to please enquire into the matter and order the restoration of this service with immediate effect.

The Rajdhani Express between New Delhi and Guwahati is running on two days a week, that is, on Tuesday and Wednesday. The other train which runs on Saturday has been discontinued. It now plies up to New Jalpaiguri, which is not a Rajdhani or capital of any State and as such it cannot be called a Rajdhani Express. We expect that this train should be extended up to Guwahati as usual to meet the growing demands of the commuters of the region.

For lack of adequate number of goods trains, the people of the region pay the highest prices for essential commodities like food stuff which are carried to the region by road. One can always see hundreds of trucks playing on the National Highway the year-round in this region. The owners of these trucks earn thousands of crores of rupees from the North-Eastern region. I would request the hon. Railway Minister to see that the number of goods trains is increased for carrying food stuff and other essential commodities to the region and thereby give substantial relief to the consumers of the region in respect of the prices of essential commodities.

Opening of an alternative railway line from Moinaguri in West Bengal to Naranarayan Sethu at Jogighopa, as mentioned by me earlier, will go a long way in providing increased number of goods services to the region for carriage of essential commodities, ensuring a substantial income to the Railways in the form of freight charges.

The general complaint of the people of the region is that the bogies in all the trains running through the North-Eastern region are old and worn out and that good bogies are not supplied to the trains of the region. This matter deserves to be looked into and remedial measures taken. In this connection, I beg to submit that the Railway Minister should seriously think of establishing a coach manufacturing factory at Bongaigaon or any other place in Assam to meet the demand for railway wagons and also to help generate employment thereby.

To facilitate the free flow of traffic, overbridges at Chang Sari and Rangia of Kamrup District or at Pathsala in Barpeta District is most essential. I hope the Railway Minister will take adequate steps to provide overbridges in those places.

I congratulate the hon. Railway Minister who has so seriously taken up the matter of improving and extending railway communications in the region and also made generous provisions in the Budget for this purpose. We will simply hope that the hon. Railway Minister will give proper attention to the matters mentioned by me. With these words, I conclude, Madam, Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Thank you. Now, Mr. Gyan Ranjan. I am sorry, Mr. Ranjan. You were supposed to speak before Mr. Majumdar. Suddenly I just forgot. Mr. Ranjan.

श्री ज्ञान रंजन (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदया, अभी रेलवे बजट पर बहुत सारे माननीय सदस्यों ने रेल मंत्री जी को धन्यवाद दिया है। वैसे तो माननीय मंत्री जी हमारे बिहार प्रदेश से आते हैं और आप प्रयास भी काफी कर रहे हैं कि रेल में सुधार हो, लेकिन हम यह आजादी की पचासवीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं, और जैसा सब साथियों ने कहा, इस बजट में क्षेत्रीय असंतुलन है। बताया गया कि बिहार में काफी रेल सुविधा दी गई है, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि बिहार का दूसरा भाग, जो झारखंड एरिया कहलाता है और जिसमें 18 जिला हैं, उसमें एक भी रेल लाइन नहीं दी गई है। रेलवे विभाग को जितना भी मिनरल्स से आमदनी होती है, उसमें एक चौथाई हिस्सा झारखंड एरिए से मिलता है। पूरे भारत का 40 परसेंट मिनरल्स

झारखंड एरिया से आता है, सिर्फ लोहा और कोयला का 212 मिलियन टन यहां से रेलवे द्वारा ढुलाई होता है। माननीय मंत्री जी जब वहां झारखंड क्षेत्र में आमसभा में गए थे तो उन्होंने आश्वासन दिया था, मगर झारखंड एरिया को एक भी रेल लाइन नहीं दी गई। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। जैसी अभी रेल बजट की चर्चा में क्षेत्रीय असंतुलन की बात कही गई, तो आप देखिए कि इससे बड़ा क्षेत्रीय असंतुलन क्या हो सकता है कि एक तरफ सारी रेल लाइन दे दी गई और दूसरी तरफ झारखंड एरिया के 18 जिलों के लिए कोई महत्वपूर्ण रेलवे लाइन आवंटित नहीं की गई।

महोदया, आज क्षेत्रीय पार्टियों का इतना बड़ा संगठन बढ़ रहा है, क्षेत्रीय पार्टी राजनीति में प्रभावी हो रही हैं। इसके बावजूद रेल मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड ने असंतुलित बजट तैयार किया है। क्या रेल मंत्रालय या रेलवे बोर्ड इस बात को सहन कर सकेगा कि उनका असंतुलित बजट, जिसमें वहां के तीन करोड़ लोगों की उपेक्षा की गई है, अगर वहां की जनता सारी लाइन उखाड़ दे तो राष्ट्रीय आमदनी का क्या होगा? इसके बारे में उनको चिंता करनी चाहिए थी। रेल बजट झारखंड की तीन करोड़ जनता का पूरा अपमान है। इसके संबंध में मैं चेतावनी देता हूं हमारे माननीय मंत्री जी, जो रेल मंत्री भी हैं, और हमारे मित्र भी हैं, उनको और रेलवे बोर्ड को, कि अगर झारखंड क्षेत्र को आपने इस तरह से उपेक्षा की तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। मैं सदन के माध्यम से तमाम जिम्मेदार लोगों को इस बात से आगाह करना चाहता हूं कि अगर कोई स्थिति वहां बिगड़ी या खराब हुई तो उसकी जिम्मेदारी रेल मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड की होगी। क्योंकि 50 वर्षों से रांची से लोहरदगा छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने तथा टोरी तक रेलवे लाइन बनाने की बात चल रही है और मैंने एम.एल.ए. व एम.एल.सी. रहते हुए भी बराबर इस बारे में बात की है, लेकिन रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने इस पर कोई विचार नहीं किया है। इस संबंध में मंत्री जी ने आम सभा में आश्वासन दिया था। महोदया, वहां से बहुत सारा बॉक्साइट आता है। उस के हिसाब से भी रेल विकास के लिए कुछ नहीं किया गया है।

रांची-लोहरदग्गा-टोरी लाइन बन जाये तो महोदया, 17 घंटे में रांची से दिल्ली पहुंचा जा सकता है, लेकिन वह नहीं किया गया, रांची से साहिबगंज के लिए रेल सेवा जुड़ जायेगी। महोदया, 50 वर्ष हो गए हैं, हजारीबाग गुमला के लोगों ने आज तक रेलवे लाइन नहीं देखी है। महोदया, रांची से जमशेदपुर तक रेलवे लाइन नहीं है। महोदया, दुमका जोकि संथाल परगना का महत्वपूर्ण इलाका है और जहां देश की आजादी के लिए सबसे पहले आंदोलन करने वाले आदिवासी लोग थे, उस मुख्यालय को भी आज तक रेलवे लाइन नहीं मिली है। यह कितने दुर्भाग्य की बात है? मैं यह मानता हूं कि रेल मंत्री बराबर प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सिर्फ भाषण देने से तो काम नहीं हो सकता है। महोदया, अभी जब रेल मंत्री जी रांची गए थे तो वहां डी.आर.एम. आफिस का उद्घाटन किया था, लेकिन आज तक न वहां डी.आर.एम. का ऑफिस है और न ही कुछ काम हो रहा है।

महोदया, एक और विषय आप के सामने लाना चाहता हूं कि लायसेंसधारी कुलियों को पार्सल का काम देने की बात मंत्री जी ने आम सभा में कही है। वहीं बोकारो में, गुरी में, पुरलिया में और बाकुड़ा में और अगल-बगल की तमाम जगहों पर लायसेंसधारी कुलियों को पार्सल का काम मिला है, लेकिन रांची में उन कुलियों को वह काम नहीं मिला है। इसका कारण रेलवे बोर्ड की लालफीताशाही है क्योंकि प्रशासनिक ढांचे में अपना कद मंत्री के बराबर या मंत्री से ऊंचा समझते हैं। क्योंकि रेलवे का जो एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम है, यह अंग्रेजी सरकार का नमूना है जिस में आप ने रेलवे को इतना सेंट्रलाइज कर दिया है कि इस के अधिकार को डिसेंट्रलाइज किए बिना पूरे भारत में समानता के साथ रेलवे का विकास नहीं हो सकता है। रेलवे के जो पदाधिकारी हैं वह समझते हैं कि हिंदुस्तान में दो ही प्रिंसीपल सेक्रेटरी हैं- एक रेलवे बोर्ड के प्रिंसीपल सेक्रेटरी और दूसरे भारत के प्रधान मंत्री के प्रिंसीपल सेक्रेटरी। वह अपने को प्रधानमंत्री के समकक्ष अधिकारी समझते हैं। महोदया, रेलवे मंत्रालय या रेल मंत्री के साथ उन का सिर्फ इतना ही संबंध है कि रेल मंत्री का चार आना काम वह करते हैं और 12 आना काम रेलवे मंत्रालय या रेलवे बोर्ड अपने अनुसार करता है। इस तरह तानाशाही या डिक्टेटरशिप का नमूना बन गया है रेलवे बोर्ड, जिस ने कभी भी संतुलित बजट बनाने के बारे में नहीं सोचा। इन के सरकारी अधिकारी जितने भी अन्याय और अत्याचार करते हैं अगर उस की जांच ओपन हाउस जांच समिति के द्वारा हर जगह जाकर एम.पीज. करें तो मालूम होगा कि रेलवे बोर्ड में कितना भ्रष्टाचार है। वैसे तो महोदया, पूरा समाज और हमारी पूरी अर्थ-व्यवस्था भ्रष्टाचार पर आधारित है जिस के कारण पूरा समाज गिर रहा है। ऐसी स्थिति में हम अपने में जितना परिवर्तन कर सकते हैं, करें तभी समाज में सुधार ला सकते हैं।

महोदया, हमारे रेल मंत्री ने शिरडी के लिए एक रेल चलाने की व्यवस्था की है। हम जानते हैं कि शिरडी के साईं बाबा का आज दुनिया में प्रचार हो रहा है जिन्हें सेकुलरिज्म के मसीहा के रूप में जाना जाता है। मैं मांग

करूंगा कि इस ट्रेन को दिल्ली एक्सप्रेस के रूप में चलाया जाए। महोदया, आप भी महाराष्ट्र की हैं, इसलिए आप को पता है कि कहां-कहां से लोग शिरडी आते हैं।

महोदया, मैं पहली बार यहां राज्य सभा में आया हूं और मुझे समझ आता है कि हम लोग कितनी रिस्पांसिबिलिटी की बात करते हैं। यहां जो प्रधान मंत्री है, वित्त मंत्री है और रेल मंत्री है, वह अपने-अपने घर में विकास की बात करते हैं, अच्छी बात है पर यह सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात भी है। यहां के सभी मैंबर्स को यह सोचना चाहिए कि पूरे भारत में संतुलन बना रहे और सब जगह का विकास हो। हमारा रेलवे बोर्ड भी इसी आधार पर काम करे, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि रेलवे मंत्रालय और रेलवे बोर्ड में सांठ-गांठ है जिस से वह अपना उल्लू सीधा कर पूरे भारत को गुमराह कर रहे हैं और हम यहां बैठकर सुनते हैं। महोदया, इस तानाशाह रेलवे बोर्ड का दो भागों में विभाजन होना चाहिए-एक तो योजना या प्लानिंग से संबंधित हो और दूसरा उस को इम्प्लीमैंट करने की एजेंसी बननी चाहिए। दूसरे जो कॉमर्सियल डिपार्टमैंट है जिस के हिसाब से आप लिबरलाइजेशन की बात कर रहे हैं। खुद अपनी आमदनी से विकास के काम करने की जरुरत है।

महोदया, यही मेरी मांग है कि झारखंड क्षेत्र के संबंध में मैं ने जिनती मांगें मंत्री जी को दी हैं, वह उन्हें पूरा करेंगे। महोदया, रेल राज्य मंत्री जी तो आध्यात्मिक आदमी हैं और मैं समझता हूं कि जो आध्यात्मिक आदमी है वही सच्चा आदमी है। महात्मा गांधी ने इस देश को आजादी आध्यात्मिक शक्ति से दिलाई थी। इसलिए अगर राजनीति में आध्यात्म आएगा तो राजनीतिज्ञों में सच्चाई आएगी/रेल राज्य मंत्री आध्यात्मिक आदमी है और मुझे पूरा विश्वास है कि आप झारखंड के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे, झारखंड के प्रति पूरी ईमानदारी बरतेंगे। धन्यवाद।

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Madam, I welcome and support the 1997-98 Railway Budget presented by the hon. Railway Minister, Paswanji I compliment him on that. I also compliment Mr. Satpalji Maharaj, the Chairman of the Railway Board and its members. Madam, after a long time, the State of Andhra Pradesh has got at least a meagre share and I am expressing with pain and agony that in the last five years, the previous Prime Minister, who hailed from Andhra Pradesh, had completely neglected it I want this to go on record. Even the Railway Minister had done nothing despite the fact that the South Central Railway has given substantial profits to the Railway Ministry. This is on record. This year, at least new trains have been introduced, some new lines have been surveyed. It is not because of the mercy of the Railway Minister. We must compliment our hon. Chief Minister who has taken the initiative. He has come to New Delhi fifteen times to discuss the matter with the Railway Minister and he has written a number of letters to the Railway Minister. Only then have we achieved something for the State of Andhra Pradesh. Still some new lines remain to be introduced. I request our hon. Minister—and I am sure, he will convey it to Paswaniji—to see that at least a few railway lines there are taken up in this Railway Budget.

Now, I come to the point of circular railway in the Telangana Districts. Madam, I raised this point earlier also in the chamber of the hon. Minister. He immediately called the Member (Technical) of the Railway Board, Mr. Ravindra, and asked him to survey it. It was six months back. Till today, nothing has taken place. I once again request the hon. Minister to look into it because Telangana Districts have been completely neglected by the Railways. If we have at least a circular railway, all the ten districts of Telangana can be connected with Hyderabad. Not only that. It was only after repeated requests made by me in the House, that a Rajdhani Express should be started from Hyderabad to Nizamuddin—previously it used to be a bi-weekly from Bangalore—that the hon. Minister has accepted to run it once a week. This is not sufficient, Madam. It will be viable to run it on alternate days. From Hyderabad to New Delhi, it should run at least on alternate days. A Rajdhani Express should be introduced in the State of Andhra Pradesh. The people living in Hyderabad and also in the surrounding areas of Telangana and Andhra Pradesh are very religious. I want to have a train from Hyderabad connecting it to Kanyakumari, Badrinath and Kedarnath; all these are pilgrim centres where a large number of people are facing difficulties. They have to change trains at different places. Since they are non-Hindi speaking people, they are facing so many difficulties. My own friends and relatives have faced certain difficulties. I am expressing this with pain. A train should be introduced from Kanyakumari to Tirupati All

the religious, pilgrim centres in the northern region should be covered.

Now I want to say about our demand for Place-on-Wheels. Madam, our Chief Minister has requested repeatedly for introducing Palace on Wheels and the Minister has assured us; the Minister has asked the officials to survey it. So far, nothing has been done. I request the hon. Minister that while introducing it, all the areas of Karnataka, Andhra Pradesh and Telangana should be covered.

The Peddapalli-Karimnagar line has to be extended up to Adilabad because that area is a coal belt. A lot of coal has to be transported from one place to another. This will be a viable one. All these new projects, new lines, which I am mentioning are viable ones. We hope at least when the United Front Government is there, we can achieve something. I am sure the hon. Minister will defintely fight on behalf of the State of Andhra Pradesh. New trains should be introduced from Visakhapatnam to Bangalore via Vijayawada, Visakhapatnam to Mumbai via Vijayawada and from nagarjunasagar to Chennai. There should be regular trains to Tirupati and Shirdi from important cities of our country. These two are important pilgrim centres of the country. Madam, you hail from Maharashtra. Shirdi should be connected with all important cities of our country by rail so that people can travel smoothly and can have *darshan* at the shrine at Shirdi. Fast trains from Hyderabad to Warangal, Nizamabad and Karimnagar should be intoduced. Warangal, Karimnagar and Nizamabad are the three important places in Telangana area after Hyderabad where people come from all states for business purposes. They are facing difficulties. So, fast trains should be introduced between Nizamabad, Karimnagar and Warangal. In that case people can reach their destination within two hours and go back to their home-town on the same day. These are viable projects from where you will get a lot of revenue.

The Andhra Pradesh assembly has passed a unanimous Resoultion opposing clubbing of Waltair with Bhubaneshwar Zone. This has been repeately opposed. The Minister has given an assurance to us. I wanted the Minister to tell the House that Waltair and Guntakkal would not be separated from South Central Railway.

Now I want to say about electrification. The line from Vijayawada to Guntur, Nadikude, B.B. Nagar, Renigunta and Cuddapah should be electrified. Last year there were two accidents in a fortnight at two unmanned level-crossings. One was at Mahboobnagar and the other was at Nalgonda. There are hundreds of unmanned level-crossings in the country. I request the hon. Minister to convene a meeting of the Chief Ministers and to discuss this issue with them. The local bodies and *zilla parishads* can be involved in this task. At least 50% of the share can be borne by the *zilla parishads* for manning the unmanned level-crossings Seventy-five people died at two of these unmanned level-crossings within a span of ten days. I want to stress on certain important incidents which I have seen for myself. On one occasion a passenger wanted to go to Visakhapatnam from secunderabad Railway Station. Suddenly he had a heart attack. Thank God, the Gandhi Hospital is near the Secunderabad Railway Station. Therefore, that gentleman could be rushed to the hospital immediately. I demand that all the major junctions should be provided with at least one ECG machine, a medical team and a standby ambulance so that immediate medical attention is given to the people.

Yesterday when I was reading our regional newspaper I noticed a news item. The South Central Mazdoor Union had given a call regarding the question of raising the age limit. The workers have already started saying that if you take that wrong step there will be a standstill in the entire Railway Ministry tomorrow.

Madam, there are no proper medical equipment in some of the railway hospitals. Today medical equipment are imported from western countries. Therefore, I request that the allocations to the hospitals should be increased. A few crores of rupees are not sufficient to cater to the needs of the railway employees as also others. Others can also avail of the facilities available in the railway hospitals. So far as flyovers are concerned, hundreds of flyovers need to be constructed. I would like to cite an example. I was a Minister in NTR's

Government. At that time I was representing the Secunderabad constituency. There is one Elephanta bridge which has to be expanded. For the last 13 years we have been writing letters to the Railway Ministry. Our Chief Minister also wrote letters to the Railway Ministry. Almost a year back, the hon. Shri Kalmadi laid the foundation stone of this bridge. But so far noting has been done.

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): क्या मतलब है उसका?

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Nothing has been done.

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): तेलगू में इन्होंने जो कहा उसका मतलब है

Nothing has been done.

डॉ. वाई लक्ष्मी प्रसाद: ब्लैंकेट जहां रखा गया है, वहीं रखिए।

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Many bridges have to be constructed. Proposals are before the Railway Ministry. Jamia Osmania is one of the famous universities in the world. There is an urgent need for a flyover near it and for which a survey was done a long time back. For Sitaphal mandi also, a survey was done. All these projects are pending. I would request the Minister to take them up in the coming year so that people can have easy and free movement from one place to the other.

When the late Indira Gandhi was elected from medak, she assured the people of Andhra Pradesh that they would have one rail engine factory in Tirupati. But what has happened to that assurance? What has happened to that project? I would once again request the Minister to revive the project. Andhra Pradesh should have an engine factory. They can have it at Tirupati or at Guntakal. They can choose any of these places. They can discuss it with the Chief Minister. The Chief Minister is very eager to give land for this purpose. I would request the Railway Minister to fulfil this assurance. Of course, everyone wants to develop his own State. I don't deny it. The Railway Ministry should raise resources. Most of the banks are going for public issues. They are raising bonds. The Railways should also raise bonds. If they raise bonds, they will get a lot of money. Every hon. Member has his own grievance. If the Railways raise bonds, they can take up at least one project in each State. With these few words, Madam, I thank you for hearing me very patiently. I also thank Shri Duraisamy because he agreed to my request and he allowed me to speak first.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Duraisamy, you will have to wait for a few minutes more because Shrimati Anandiben is waiting. She has to catch a flight at 5.30 p.m. But the time allotted to her party has already been over. I thought she being a lady, I must give her a few minutes. I would request her to conclude within five minutes.

श्रीमती आनन्दी ज. पटेल (गुजरात): मैं महिलाओं के बारे में ज्यादा प्वाइंट्स बोलने वाली हूं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): देखिए, मैंने तो इसीलिए आपको बुलाया। चेयर पर महिला बैठी हुई है, इधर भी महिला बैठी हुई है, उधर भी महिला बैठी हुई है। अगर चेयर पर बैठने के बाद मैं खुद महिलाओं के साथ अन्याय करूं तो अच्छा नहीं लगेगा।

श्रीमती आनन्दी ज. पटेल: मैडम, आप महिलाओं के साथ अन्याय नहीं करेंगी।

थैंक यू मैडम। संयुक्त मोर्चा सरकार का यह दूसरा रेल बजट है। प्रश्न यह है कि रेलवे को सेवा क्षेत्र समझा जाए या व्यवसायिक क्षेत्र समझा जाए? 1991 से 1995 तक रेलवे को व्यावसायिक क्षेत्र की तरह विकसित किया गया और कम फायदे वाली योजनाओं और परियोजनाओं की उपेक्षा की गई। अब नए रेल मंत्री आए, राम विलास पासवान जी। उन्होंने कहा कि रेलवे को सेवा क्षेत्र के रूप में विकसित करना चाहिए। परिणाम यह हुआ कि रेलवे पूरी तरह दिशाहीन बन गया। रेल मंत्री और सरकार बदल जाती है तो योजनाएं भी बदल जाती हैं।

4.00 P.M.

इसलिए पांच से ज्यादा साल के लिए परियोजनाएं तय कर लेनी चाहिए और इसके लिए परिवहन नीति बनानी चाहिए। हमारा दुर्भाग्य है कि आजादी के पचास साल बाद भी सरकार परिवहन नीति नहीं बना पाई है। रेलवे एडवर्टाइज़मेंट के ऊपर ज्यादा खर्च कर रही है, ज्यादातर जाहरातों में रेलवे मंत्री की छवि उजागर की जा रही है। जाहरातों में भावी योजनाओं के लिए बड़े-बड़े बयान दिए जाते हैं लेकिन नकर योजना की बात नहीं होती। रेलवे में राजधानी में मुसाफिरीकरण करते हुए

बड़े-बड़े बाबुओं के लिए टेलीफोन रखे हुए हैं लेकिन सामान्यजन मुसाफिरों के लिए डिब्बे में हाथ-मुहं धोने के लिए पानी भी नहीं मिलता है। देश का दुर्भाग्य है कि पहले राजकरण का अपराधीकरण हुआ और अभी विवादास्पद गुनाही प्रवृति करने वाले तत्वों को सरकार में स्थान मिलते हैं जिससे सरकार का भी अपराधीकरण हो गया है। आम जनता में इसकी गंभीरता से चर्चा हो रही है। रेलवे के इस अपराधीकरण के बारे में गंभीरता से चिन्ता करने की आवश्यकता है। देश के 600 से भी ज्यादा रेलवे के मुख्य मथकों पर माफिया गैंगों का कब्जा है। प्रामाणिक रेलवे कर्मचारियों को यह तत्व बंदूक की नौक पर डराते है। काला धन जिस तरह पैरलल अर्थतंत्र चलाता है, उसी तरह यह माफियागैंग रेलवे के आर्थिक तंत्र पर कब्जा जमाकर बैठे हुए हैं। रेलवे के गोदामों पर ऐसे तत्वों की कृपा से समय पर माल नहीं पहुंचता। गरीब किसानों को समय पर फल-फूल और सब्जी रेलवे द्वारा पहुंचाने में माफिया गैंगों को कमीशन देना पड़ता है। बिना कमीशन सामान आगे नहीं जा सकता है। रेलवे यार्ड में सामान सड़ जाता है, कोई इसको पूछने वाला नहीं है और माफिया गैंगों को समाप्त करने वाला नहीं है। सामान्य मुसाफिरों को रेलवे में आरक्षण नहीं मिलता है। आरक्षण की आधी से ज्यादा सीटें माफिया के पास होती हैं। आरक्षण में करोड़ों रूपये की हेराफेरी हर रोज माफिया गैंगों द्वारा होती है। सरकार भी माफिया तत्वों की कृपा पर जीवित है। बिना टिकट मुसाफिरी करने वालों से दंड वसूल किया जाता है। वसूली करने में जितनी रकम एकत्र हुई हो, उससे ज्यादा रकम की जाहिरात देकर रेलवेतंत्र कड़काई का दिखावा करती है। सामान्य मुसाफिरों को दंडित करके, अपने बाजुओं में ताकत है, ऐसा बताने वाली सरकार में माफिया को दूर करने की हिम्मत नहीं है। अभी तो माफियाशाही को राज्याश्रेय मिलने का डर पैदा हो रहा है। कोई एम.पी. जो खुद ट्रेन हाईजैक कर जाते हैं तो माफियाशाही को खुली छूट मिलेगी ही। उसको कोई रोकने वाला नहीं है। रेलों के आस-पास हजारों मील जमीन का पट्टा है। शहरी इलाकों में रेलवे के आस-पास की ऐसी जमीन पर झोपड़पट्टी के ढेर पड़े हुए हैं। रेलवे प्रवासी अगर बाहर नजर करे तो बिना गंदगी के उसे और कुछ नहीं दिखाई देगा। महोदया, रेलवे के प्राइवेटाइज़ेशन की बातें हो रही हैं, पता नहीं इसमें आपको सफलता मिलेगी कि नहीं। लेकिन भारत सरकार रेलवे के आस-पास की जमीन के पट्टे बड़ी-बड़ी कम्पनियों को किराए पर न दे, वह जमीन पर नर्सरी, वृक्ष, फूलों के बगीचे बनाए और आवक का उचित हिस्सा रेलवे को मिले। बड़ी-बड़ी कम्पनियों को सुनिश्चित विषयों पर कम्पनियों की जाहरातें भी इस जमीन पर करने की इजाजत देनी चाहिए। क्या खानगीकरण की शुरूआत ऐसी जमीने देकर नहीं हो सकती? संपूर्ण देश में रेलवे के आस-पास झोपड़पट्टी का साम्राज्य खड़ा हो गया है। रेलवे के दोनों ओर प्रात: सैर करते हुए नर-नारियों की दशा की कल्पना कभी रेल मंत्री ने की है? देश का कैसा कंगाल और विकराल रूप रेल प्रवासियों के सामने आता है। सुलभ शौचालय जैसी योजनाएं सफल हो रही हैं। रेलवे के आस-पास सुलभ शौचालय का एक विशाल नेटवर्क खड़ा करने की काफी जरूरत है और सुलभ शौचालय बनाने में प्राइवेट कम्पनियों का सहकार लेना आवश्यक है। महोदया, रेलवे का विकास जब शहरों के बीच में से हो रहा है। पहले रेलवे शहरों के बाहर थे, अब शहरों के बीच में से आ गयी है। अब टेलीफोन ग्राहकों को रेलवे लाइनों में से टेलीफोन देने पड़ते हैं लेकिन रेलवे तंत्र परमिशन देने में सालों लगा देती है जिससे उद्योग और लोगों को टेलीफोन नहीं मिलते हैं। क्या रेलवे और टेलीफोन तंत्र के बीच सामन्जस्य जरूरी नहीं है? इसकी तुरन्त परमिशन मिलनी चाहिए। रेलवे के पैरलल रोड बनाने के लिए, पानी की पाइप लाइन डालने के लिए, फाटक बनाने के लिए, ओवरब्रिज और अंडरब्रिज बनाने के लिए, ड्रेनेज करने के लिए तुरन्त परमिशन मिले, ऐसा प्रबंध करना जरूरी है। अहमदाबाद में वेजलपुर में एक ओवरब्रिज बनाने के लिए पांच साल के बाद परमिशन मिली। चानवड़िया में ओवरब्रिज बनाने के लिए अभी तक परमिशन नहीं मिली। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहती हूं कि यह परमिशन कब मिलेगी? पश्चिम रेलवे का मुख्य कार्यालय अहमदाबाद तय होने के बाद भी अभी कोई कार्यवाही शुरू नहीं हुई है। विदेशी मुद्रा के लिए सरकार इधर-उधर भटकती है। महोदया, हजारों साल पुरानी हमारी सांस्कृतिक वास्तुओं को देखने के लिए विश्व आतुर है। विश्व को अचरज हो, ऐसा अमूल्य धन हमारे पास है। टूरिज्म के लिए विश्व का यजमान बनने की शक्ति हमारे पास है लेकिन रेलवे तंत्र उस पर विचार नहीं करता है। टूरिज्म और रेलवे के बीच कोई नैटवर्क नहीं है, रेलवे की टूरिज्म के लिए कोई नैटवर्क खड़ा करना चाहिए। भारत में यात्रा का बड़ा महत्व है। कई लोग यात्रा करते हैं इसलिए आवश्यकता है तो रचनात्मक अभिगम की और मौलिक चिंतन की। अमृतसर साहब से पटना साहब के बीच विशेष यात्रा सेवा होती है जिसमें रेलवे तंत्र की ओर से गाइड की सुविधा होनी चाहिए, प्रवास के दौरान यात्रियों को पटना साहिब और अमृतसर साहिब की सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया जाए, वहां शबद कीर्तन चलता रहना चाहिए। इसके अतिरिक्त विदेशी यात्रियों को होटल न ढूंढना पड़े, रेलवे

में ही संपूर्ण व्यवस्था हो और पैकेज टूर आकर्षण का केन्द्र बनाना चाहिए। वृंदावन, मथुरा, कुरूक्षेत्र, द्वारिका को जोड़ते हुये कोई यात्रा व्यवस्था खड़ी करनी चाहिए। यात्रा के दरिमयान यात्रियों को श्री कृष्णमय करके एक नया आकर्षण बनाना चाहिए। भारत में चार धाम यात्रा का बड़ा महत्व है और इसके लिए यात्रा ट्रेन शुरू हो सकती है, इसमें ज्यादा इन्कम भी हो सकती है। दिल्ली में रेलवे का अच्छा म्यूजियम है इसको विकसित करना चाहिए और आय का साधन बनाना चाहिए। बड़े-बड़े शहरों में ऐसे ही म्यूजियम-कम गार्डन बनाकर आय का साधन खड़ा करना चाहिए। इसके लिए बड़ी-बड़ी प्राईवेट कम्पनियों का सहारा लेना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): मिसेज पटेल कृपया अपने सुझाव दीजिए। आप अपने सुझावों पर आइये।

श्रीमती आनन्दी ज. पटेल: मैडम, सुझाव ही हैं। जिस तरह से रेलवे समर में एक्स्ट्रा गाड़ियां देकर सुविधा देती है उसी तरह से यात्रा या टूर के लिए आफ सीजन में गाड़ियों की व्यवस्था करनी चाहिए। गाड़ियों की व्यवस्था नहीं होने से लोग बसों में यात्रा करते हैं। आफ सीजन में यह सुविधा करने के लिए प्राइवेट टूरिज्म और रेलवे के साथ बैठक करके यह कार्य करना चाहिए। अमरनाथ यात्रा के लिए भी व्यवस्था कर सकते हैं। द्वारिका, सोमनाथ, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, जगन्नाथपुरी इत्यादि ऐसे स्थानों को जोड़ते हुए यात्री ट्रेन शुरू कर सकते हैं। मुझे पता है कि 35 साल पहले मेरे पिता जी और पूरे परिवार ने ऐसी ही ट्रेन में यात्रा की थी। ऐसी योजनाओं के लिए भी चिन्तन करना चाहिए। रेलवे के रिटायर्ड आफीसर और रेलवे मंत्रालय और समाज के चिन्तनशील लोगों की एक संयुक्त बैठक बुलाकर योजनाओं के लिए सुझाव मांगने चाहिए। जनता को सुविधाएं मिलें और रेलवे को आवक मिले ऐसी योजना बनानी चाहिए। जैसे कि गुजरात में दीपावली पर एक माह वैकेशन रहता है उस समय स्कूलों से टूर जाते हैं और कई परिवार यात्रा पर जाते हैं तो क्या ऐसे मौकों पर रेल सुविधाएं दे नहीं सकती? आबु, जयपुर, उदयपुर आदि स्थानों पर भीड़ लगती है। यदि उस समय ज्यादा ट्रेन करेंगे तो दो काम होंगे, जनता को सुविधा मिलेगी और रेलवे को आवक मिलेगी।

सेना के जवानों को पुरानी पद्धति से सेवा दी जाती है। देश की जनता के मन में सेना के जवानों के प्रति आदरभाव होना आवश्यक है, परन्तु प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर रोज सेना के जवानों और आम नागरिकों की बीच में लड़ाई के दृश्य दिखाई पड़ते हैं। जवानों को पूर्ति व्यवस्था नहीं मिलती है। देश में करीब दो सौ स्थान ऐसे होंगे जहां से सेना के जवानों को स्थानान्तरित करना पड़ता होगा। सुनिश्चित मथक पर रेलवे तंत्र को सेना के जवानों के लिए विशेष व्यवस्था करनी चाहिए। देश के राज नेताओं के लिए पूरा रेलवे तंत्र तैनात रहता है लेकिन देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जवानों के लिए रेलवे में सुविधा का नामो-निशान दिखाई नहीं पड़ता है। रेलवे के गोदामों में माल का ढेर लग जाता है, रेलवे में डिब्बों की कमी होने से सामान को लाने-लेजाने में विलम्ब हो जाता है जिससे देश के अर्थ तंत्र का भारी नुकसान होता है। रेलवे यार्ड में डिब्बे लम्बे समय तक बेकार पड़े रहते हैं। रेलवे में माल का ट्रांसफर करने के लिए कंटेनर का उपयोग शुरू करना चाहिए। यार्ड में कंटेनर रख कर गुड्स ट्रेन आगे जा सकती है। अहमदाबाद से कलकत्ता के लिए धीमी गति की ट्रेन है वहां पर तेज गति की ट्रेन शुरू करनी चाहिए। सुभाष चन्द्र बोस की जन्म शताब्दी के अवसर पर नेताजी के नाम से ट्रेन शुरू करनी चाहिए, साबरमती से कलकत्ता के बीच में नेता जी ट्रेन शरू करने से व्यापारिक क्षेत्र को लाभ होगा। रेलवे में महिला सुरक्षा गार्ड होनी चाहिए। रेलवे में किसी भी ट्रेन में, किसी भी वर्ग में महिलाएं अकेली ट्रेवलिंग करती हों तो इन सब महिलाओं का एक साथ रिजरवेशन हो, ऐसी व्यवस्था अब कंप्यूटर से हो सकती है। रिजरवेशन के लिए जो फार्म भरने पड़ते हैं इसमें सुधार करना चाहिए जिससे यह जानकारी मिल सके कि अकेली महिला किस वर्ग में यात्रा करने वाली है और इनके आरक्षण की व्यवस्था कंप्यूटर में अलग से करें। सभी गाड़ियों में महिलाओं के लिए एक या दो बिना आरक्षण के डिब्बे होते है पर कभी भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है कि उनकी क्या हालत होती है। डिब्बों की खिड़कियों के अधिकांश शीशे टूटे हुए होते हैं, पानी की व्यवस्था नहीं होती है, साथ में बच्चे होने से ज्यादा पानी की जरूरत होती है। सर्दी के दिनों में बिना शीशे के मुसाफिरी करने से असुविधा होती है। यह मैं अपने निजी अनुभव के आधार पर कह रही हूं। रेल में यात्रा करते समय मुसाफिरों की और उनकी जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी रेलवे की है क्योंकि यात्री रेलवे पर ही भरोसा करेगा। जी.आर. पी. का पूरा नियंत्रण रेल मंत्रालय के हाथ में होना चाहिए। रेल में जान-माल की सुरक्षा नहीं है, चलती रेल गाड़ियों में लूट-पाट हो रही है और इन्सपेक्टर अभय कुमार हथियार बन्द डकैतों से भिड़ कर शहीद हो गये। ऐसी तो कई घटनाएं हो रही हैं। रेल द्वारा चांदी-चन्दन की लकड़ी, मूर्तियां, दारू जैसी चीजों की तस्करी हो रही है। इसमें रेल कर्मचारियों और पुलिस के बीच में मिली-भगत होती है, इसको रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। रेल मंत्री

यह कह कर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते कि आतंकवादी कार्रवाईयां या लूट-पाट, डकैतियों को रोकना अकेले रेल मंत्री के बस में नहीं है। यह रेलवे के बस में नहीं है तो क्या यात्रियों के बस में है? किराया देने वालों को उसके बदले में सेवा ही मिलनी चाहिए, लूट, अपमान या मौत नहीं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): देखिये, आपको दस मिनिट हो गये हैं, जल्दी खत्म करिये।

श्रीमती आनन्दी ज. पटेल: बस दो-तीन मिनट में पूरा करती हूं। अहमदाबाद से दिल्ली के लिए नई रेल गाड़ियां शुरू होने वाली हैं। इन रेल गाड़ियों में गार्ड और ड्राइवर राजकोट डिविजन के लिए रखने की मेरी मांग है। 35 सालों से अहमदाबाद से दिल्ली की ट्रेनों में अजमेर डिविजन के गार्ड और ड्राइवर हैं, गुजरात के कर्मचारियों के साथ भारी अन्याय हुआ है, अब ये अन्याय नहीं सहन करेंगे। अहमदाबाद से पालमपुर के बीच 156 किलोमीटर का अंतर है और पालमपुर से आबू रोड का सिर्फ 33 किलोमीटर का अंतर है फिर अजमेर डिविजन के गार्ड और ड्राइवर हैं। क्या ये ड्राइवर और गार्ड रखने में कोई मिली भगत तो नहीं है? टी.ए., डी.ए. भी ज्यादा देना पड़ता है, आजकल कई गाड़ियां बिना गार्ड के दौड़ाई जा रही हैं, इन गाड़ियों में गार्ड भी रखने चाहिये।

अभी शटिंग ड्राइवर के साथ असिस्टेंट ड्राइवर को भी हटा लिया गया है, यह भी गलत है। रनिंग स्टाफ को जो यूनिफॉम दी जाती है उसकी सही ढंग से फिटिंग नहीं होती है। रनिंग स्टाफ की जो मांग है उसे भी पूरा किया जाना चाहिये।

एक सीनियर सिटिजन के लिए ए.सी. कोच में बहुत सुविधाएं देने की बात कही गई है, मैं उसे नहीं दोहराना चाहती हूं। अंत में खोरज खोडिया रेलवे स्टेशन के बारे में कहना चाहती हूं। वहां ऐसी फिनिसिंग रेलवे की ओर से हो रही है कि इस गांव के बीच में से रेलवे लाइन जाने से गांव के दो पार्ट हो गये हैं। एक पार्ट से दूसरे पार्ट में जाने के लिए तीन किलोमीटर अंतर तय करना पड़ता है, बीच में से रास्ता नहीं दिया है। फिनिसिंग रेलवे की ओर से हो रही है। पचास घरों के बीच में प्राइमरी हैल्थ सैन्टर है, घर से बाहर निकलने के लिए जगह नहीं छोड़ी है। उन लोगों को घर के आगे सिर्फ पांच मीटर जगह देनी चाहिये थी जिससे आने-जाने की जगह उनको मिल जाती। यह प्रश्न 1977 से लटका हुआ है। वहां करीब पचास घर दलित समाज के हैं, मैं स्वयं वहां देखने के लिए गई थी। खोरज के लोगों के साथ अन्याय हुआ है जिसको दूर करने की आवश्यकता है।

राजधानी एक्सप्रैस में सुबह भजन कीर्तन चलता था जिससे ट्रेन में अच्छा वातावरण बनता था लेकिन अब राम विलास पासवान जी ने गांधी जी का प्रिय भजन "वैष्णव जन्तो तेने रे कहिये" बन्द करवा दिया है। मैं यह जानना चाहती हूं कि आपको यह भजन सुनने में क्या कोई एतराज था, क्या इसमें राम का नाम आता है इसलिए आपने बन्द करवा दिया।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): श्री वीरेन्द्र कटारिया

SHRI VIRENDRA KATARIA (Punjab): Madam, I am grateful to you for permitting me to speak on the Railway Budget.

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): आपकी पार्टी के 25 मिनट बचे हैं और बोलने वाले काफी हैं, इसलिए समय का ध्यान रखिये, यही मेरा आपसे निवेदन है।

श्री वीरेन्द्र कटारिया: आपके हुक्म की पूरी तामील होगी। मैडम वाइस चेयरमैन, बड़े हर्ष की बात है ग्रेट मुगल के जमाने से चलकर आज आम आदमी की भावनाओं के मुताबिक और जरूरत के मुताबिक पार्लियामेंट में रेलवे बजट पेश होना शुरू हो गया है। एक युग बदल गया है, ऐसा लगता है। मैं सबसे पहले तो रेलवे मिनिस्टर को मुबारकबाद देना चाहूंगा कि उन्होंने एक आम पैसेन्जर जोकि सैकेन्ड क्लास, जिसका पहले थर्ड क्लास नाम था, में सफर करता है, उसकी मुश्किलों को, रेलवे के कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों की मुश्किलों को और जो लोग कैज्युअल तौर पर काम करते थे, जिनकी कोई जिन्दगी नहीं थी, फ्यूचर नहीं था, उनकी तरफ भी ध्यान दिया है।

इस बात को कहने में मुझे कोई एतराज नहीं है कि अच्छा रेलवे बजट पेश करने के बावजूद आज रेलवे में बड़ा इम्बैलेंसे है। लोग कहते हैं कि जिस इलाके का रेलवे मिनिस्टर बन जाता है उस इलाके को निहाल कर देता है और कई दफा तो गाड़ियां जब चलती है तो वाराणसी की तरफ से चलती हैं, सब गाड़ियां वायां ग्वालियर जाती हैं। इस तरीके से रेलवे की तरक्की में जो इम्बैलेंसे है वह बढ़ जाता है। फिर भी इस दफा कोशिश की गई कि कश्मीर में, नार्थ-ईस्ट में और अन्य इलाकों में जहां रेल की सुविधाओं का विस्तार नहीं है उन इलाकों को भी कवर किया जाये। मैं इसके लिए रेलवे मंत्री को मुबारकबाद देना चाहता हूं। आज रेलवे के इतिहास में और इस के साथ-साथ हिन्दुस्तान के इतिहास में बड़ा गौरवपूर्ण दिन है

जो कन्याकुमारी को कश्मीर से जोड़ने के शुभ काम के लिए हमारे प्रधानमंत्री उधमपुर से कटरा और वहां से बारामूला तक रेलवे लाइन बिछाने का शुभारंभ करने उधमपुर गए हुए हैं। उस रेलवे लाइन के नींव का पत्थर आज रखा गया है। मैं इसके लिए शुभकामनायें देता हूं। लेकिन इसी के साथ-साथ मैं दरख्वास्त करता हूं कि इसी तरीके से एक पत्थर 1983 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने जम्मू से लेकर उधमपुर तक रखा था और वह रेलवे लाइन आज तक नहीं बिछी है और वह नींव का पत्थर आज भी लगा हुआ हमारा मुंह चिढ़ा रहा है। मैं रेल स्टेट मिनिस्टर सतपाल महाराज जी से कहना चाहता हूं कि हमारा नेशनल इन्टीग्रेशन बढ़ाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी को जोड़ना जरूरी है और इसके लिए रेलों की आवाजाही सबसे बड़ा साधन है। यह देश को जोड़ने का, नेशनल इन्टीग्रेशन का एक बहुत बड़ा साधन है। किसी रेल के डिब्बे में बैठकर आप देखिए कि वहां पर आपको कश्मीरी भी मिलेगा, मद्रासी भी मिलेगा, पंजाबी भी मिलेगा, असमी भी मिलेगा, महाराष्ट्रियन भी मिलेगा। आपको ऐसा लगेगा कि एक मिनि हिन्दुस्तान, एक छोटा सा हिन्दुस्तान रेल के डिब्बे में बैठा है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जिस प्रोसेस को आपने शुरू किया है, बराए मेहरबानी इस प्रोसेस को सीरियसली लीजिए। एक शेर उर्दू का है कि :-

देखने वाले तो गुम्बद पर नजर रखते हैं,
नींव के पत्थर कभी देखे नहीं जाते।

लोगों ने नींव के पत्थरों को नहीं देखना है, लोग तो इमारत देखते हैं। आप रेल पटरी बिठाकर वहां गाड़ी चलाइए, तब मैं आपको शाबासी दूंगा और सारा हिन्दुस्तान आपकी तारीफ करेगा कि आपके वक्त में बहुत अच्छा काम हुआ है।

मैडम वाइस-चेयरमैन ने हुक्म दिया है कि मैं थोड़े अर्से में बोलूं। मैंने तो इस पर बड़ी तैयारी की थी कि इसमें क्या कमियां हैं, क्या होना चाहिए इसकी तैयारी की थी। लेकिन आपके हुक्म के मुताबिक मैं बहुत ब्रीफ में जो हमारी डिमांड, ग्राउंड लेवल पर हमारे इलाके की है, उनकी तरफ आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं।

मैडम, हमारी सबसे पुरानी डिमांड़ है कि चंडीगढ़ जो हमारी राजधानी है उसका रेल के मामले में पंजाब के साथ कोई ताल्लुक नहीं है। हम इसके लिए 30 सालों से चिल्ला रहे हैं। 50 साल आजादी के हो गए आपने सारे देश में कहीं न कहीं थोड़ी बहुत रेल लाइनें बिछा दी लेकिन पंजाब एक ऐसा बदनसीब सूबा है जहां पर आपने एक इंच रेलवे लाइन भी नहीं बिछाई। मैं आपको मुबारकबाद देता हूं कि आपने हमारी चीखोपुकार को सुना और इस बजट में लुधियाना को चंडीगढ़ से जोड़ने का प्रावधान किया है। मैं आपको कहना चाहता हूं कि ये लाइनें केवल किताबों पर ही सिमट कर न रह जाएं इसलिए इस प्रोजक्ट को वार फुटिंग पर, टॉप प्रायरिटी देकर कराइए और 30 साल से हमारे साथ जो अन्याय और बेइंसाफी हुई है उनको दूर करने की कोशिश करें। यह आपने हमारे ऊपर कुछ नजरेकरम की है। बड़े सालों से मैं इस पार्लियामैंट के ईवान से इस बात की दरख्वास्त करता आया हूं कि हरिद्वार हिन्दुओं का सबसे बड़ा तीर्थ है। हिन्दुस्तान से ही नहीं, दुनिया भर से हिन्दू गंगा मैया में स्नान करने के लिए हरिद्वार जाते हैं और गंगा मैया में डुबकी लगाकर अपना जग-जीवन सफल मानते हैं। इस गंगा मैया के दर्शन करने के लिए सारे पंजाब से एक भी सीधी ट्रेन हरिद्वार के लिए नहीं है। लेकिन मुझे आपका शुक्रिया अदा करना चाहिए, आखिर कहते हैं रूड़ी की भी 100 साल या 50 साल बात सुनी ही जाती है। आखिर, आपने हमारी बात सुनी और इस 7 तारीख के गंगा नगर से, वहां का नाम भी गंगानगर है जो राजस्थान में है, वहां से हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन चलाई।

हम आपके बहुत शुक्रगुज़ार हैं कि आखिर आपने हमारा भी ध्यान किया। लेकिन वह ट्रेन जो चलती है, उसमें आपने बाबा आदम के डिब्बे लगाए हैं। आपने वायदा किया था कि एक बिलकुल नयी रेल गाड़ी आप इंट्रोड्यूस करेंगे लेकिन कई जगहों से इधर-उधर से डिब्बे पकड़ कर आपने लगा दिये हैं। आपने अपना वायदा पूरा नहीं किया है। मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि बिलकुल नये रैक लगाइये क्योंकि गंगानगर से भटिंडा, भटिंडा से अम्बाला तक जो गाड़ियां चलती हैं, उनको देखकर कभी-कभी जो लोग कैटल वेगंस में सफर करते हैं वह भी रश्क करते हैं कि हम अच्छे डिब्बों में हैं। मैं समझता हूं जिनमें मुसाफिर सफर करते हैं, उनकी हालत ऐसी है कि मैं आपको क्या कहूं। उस सेक्शन पर जो गाड़ियां चलती हैं उनकी ज़रा आप खबर लीजिये। बिल्कुल घिसे-पिटे डिब्बे, छतें टूटी हुई हैं, बिजली का कोई सामान नहीं, टूटियां टूटी हुई, गंदे रैक लगाए गए हैं। रीजनल इम्बेलेंस इतना है जब हम देखते हैं क्या फर्राटे लेती हुई गाड़ियां चलती हैं, एयर कंडीशंड क्या डिब्बे हैं, मज़ा आ जाता है और जब हम अपने इलाके में जाते हैं लोग हम से सवाल पूछते हैं कि आप पार्लियामैंट में गये हैं तो आपने अपने इलाके में कैसी गाड़ियां चलवाई हैं। कई दफा हमें ऐसा लगता है कि हम शर्म से सर झुका लें तो ज्यादा बेहतर है। मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि हमें इस ज़िल्लत से निकालिये और हमारे इलाके में भी आप अच्छी गाड़ियां

दीजिये। यह मेरी आपसे दरख्वास्त है।

एक दरख्वास्त मैं आपसे और करना चाहता हूं। पंजाब में एक नहीं अनेक गाड़ियां जब टेररिज्म चला था, उस वक्त बंद कर दी गई थीं। टेररिज्म को लगाम दिये हुए 6 साल हो गये हैं, पंजाब में अमन-चैन है। रात को जो बसें चलती थीं नाइट सर्विस की बसें भी चलती हैं। पंजाब में लॉ एंड आर्डर बहाल हो चुका है। लॉ एंड आर्डर बहाल हो गया, टेररिज्म खत्म हो गया लेकिन जिस लॉ एंड आर्डर की वजह से, जिस टेररिज्म की वजह से अपने गाड़ियां बंद की थी, वह गाड़ियां आज भी बंद हैं और लोग हमारी जान को रोते हैं कि हमारे पास आने जाने के लिए साधन नहीं हैं। अमीर आदमी तो अपनी गाड़ी में सफर कर सकते हैं लेकिन गरीब आदमी के लिए यातायात का साधन केवल रेल गाड़ी है। इसलिए मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि बराये मेहरबानी उन गाड़ियों को चलाइये जिनको 14 साल से आपने बंद कर रखा है।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं। फाज़िल्का से एक रेलगाड़ी चलती थी रेवाड़ी तक। वह मीटरगेज की रेलगाड़ी थी। मीटरगेज आपने बंद कर दिया है। उसकी जगह पर ब्रॉडगेज आपने चला दी है लेकिन आज तक वह गाड़ी आपके हुक्म की मुंतज़िर है कि वह कब चले और फाज़िल्का के लोगों के पास जाने के लिए दूसरा कोई साधन नहीं है। आप फाज़िल्का से भटिंडा गाड़ी चलाते हैं। भटिंडा से सिरसा चलाते हैं। सिरसा से रेवाड़ी चलाते हैं। अरे भाई, यह गाड़ी एक थी, आपने इसकी तीन गाड़ियां क्यों बना दी? मैं आपसे मांग करना चाहता हूं बराए मेहरबानी फाज़िल्का से रेवाड़ी तक जो गाड़ी थी, उसको आप रिवाइव करिये और उस गाड़ी को आप रेवाड़ी से आगे दिल्ली तक लाइये ताकि फाज़िल्का के लोगों की लांग-स्टैंडिंग डिमांड कि दिल्ली तक सीधी गाड़ी दी जाए, वह पूरी हो जाए। वह बार्डर पर बसते हैं, हिन्दुस्तान की सरहदों की हिफाज़त करते हैं, हिन्दुस्तान के भंडार को भरते हैं, सब से ज्यादा अनाज देते हैं। हमारे जवान सरहदों की रक्षा करते हैं, हम गंदम सब से ज्यादा पैदा करते हैं, रूई सब से ज्यादा पैदा करते हैं लेकिन रेल सेवाएं हमारे पास नहीं हैं। उनकी डिमांड है कि फाज़िल्का से सीधी गाड़ी चले। मेरा सुझाव है कि जो रिवाड़ी तक गाड़ी चलती थी उसको एक किया जाए, जो तीन हिस्सों में चलती है, उसको दिल्ली तक बढ़ा दीजिये और लोगों की दुआएं लीजिये। यह मेरी आपसे दरख्वास्त है।

एक दरख्वास्त मेरी आपसे और भी थी। जैसलमेर से ले कर उधमपुर तक हिन्दुस्तान के बेशुमार कैंटोनमेंट्स हैं जो आपसे में रेल लिंक से जुड़े हुए नहीं है। अबोहर और फाज़िल्का के दरम्यान एक रेल लिंक बना दें, 41 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछा दें तो जहां इस इलाके के लोगों के लिए, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के लोगों के लिए आने जाने के बेतहाशा नये रूट खुलेंगे वहां पर जैसलमेर से लेकर उधमपुर तक हिन्दुस्तान के सब कैंटोनमेंट रेल से जुड़ जाएंगे। जोकि डिफेंस प्वायंट् ऑफ् व्यू से बेहद जरूरी है। पिछले बजट में आपने एलान किया था कि इसका सर्वे होगा और मुझे यह कहने में जरा भी तामुल नहीं है कि आपने अपने वायदे को पूरा किया है और वह सर्वे हो गया है। उस सर्वे में फाज़िल्का और अबोहर के दरम्यान जो रेलवे लाइन बिछी है उसकी लंबाई 41 किलोमीटर है। उसका खर्चा साढे तीन करोड़ रूपया है। मैं आपसे यह डिमांड करना चाहता हूं कि फाज़िल्का और अबोहर के दरम्यान इस रेलवे लाइन को आप मेहरबानी करके वॉर फुटिंग पर बिछवाइये क्योंकि दिस इज़ वैरी इंपोर्टेंट फ्रांम द डिफेंस प्वायंट् ऑफ् व्यू। हमें पता है जब पाकिस्तान के साथ जंग होती है हमारे इलाके, हमारे गांव किस तरीके से उजड़ते जाते हैं, किस तरीके से गोलाबारी हमारे ऊपर होती है और किस तरीके से हम उसको सहते हैं। लेकिन हमें उसका कोई गिला नहीं है। इस इलाके की सुविधा के लिए और डिफेंस को मजबूत करने के लिए अबोहर और फाज़िल्का के दरम्यान यह नई रेल लाईन बिछानी बहुत जरूरी है और मै आपसे दरख्वास्त करूंगा कि इस रेल लाईन को बिछाइये।

एक बात मैं और मंत्री महोदय सतपाल महाराज जी आपसे कहना चाहता हूं कि श्रीगंगानगर और भटिंडा के दरम्यान जो गाड़ियां चलती हैं वह तीस और चालीस किलोमीटर की रफ्तार से चलती हैं। दुनिया तो आज चांद-सितारों पर जा पहुंची है, दूसरे मुल्कों में जाइये तो आपको चार-चार सौ, पांच-पांच सौ किलोमीटर की रफ्तार से गाड़ियां चलती हुई नज़र आयेंगी। हम कि चौदहवीं सदी में रह रहे हैं? हम तो 21वीं सदी में जा रहे हैं और उस वक्त तक कि ये गंदे डिब्बे, ये 30 किलोमीटर की गाड़ियां, हमें इससे निजात दिलाइये और श्रीगंगानगर और भटिंडा के दरम्यान यह छक-छक करने वाली पुरानी गाड़ियों की बजाय ई.एम.यू. गाड़ियां चलाइये। चार की बजाय दो चलाइये। वह दो गाड़ियां चार गाड़ियों का काम करेंगी क्योंकि वह चक्कर बहुत ज्यादा लगा लेंगी और मुसाफिरों को बेहद उससे आराम होगा और उनके काम-काज में फायदा होगा। इसी तरीके से अंबाला से लेकर भटिंडा तक जो गाड़ियां चलती हैं उनकी भी यही सूरत-ए-हाल है। वहां भी मैं आपको कहूंगा ई.एम.यू. का वायदा, जब हमारे ग्रेट मुगल जनाब जाफर शरीफ साहब हिन्दुस्तान के रेलवे वजीर थे और अशोक भटनागर साहब

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन थे, वे उस इलाके में गए थे भटिंडा में और गंगा नगर में और वायदा उन्होंने किया था कि इसी साल ई.एम.यू. गाड़ियां वहां चला दी जायेंगी। मिनिस्टर वह रहें या न रहें ग्रेट मुगल, रेलवे बोर्ड के वह चेयरमैन रहें या न रहें, it was a promise by the Railways and I wanted to remind you to kindly fulfil that promise. It is my request to you.

एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि जब आप लोग मंत्री बने थे तो बड़े तमतराक से आपने एलान किया था कि, "cleanliness and puncuality will be our cordinal principles." But, I wanted to tell you that these two things are the first casualties in the Railways.

रेलवेज़ बहुत चली हैं, लेकिन जब भी रेलवे स्टेशन पर जाते हैं तो सब से पहले यही सुनते हैं यह गाड़ आठ घंटे लेट है, वह गाड़ी 12 घंटे लेट है और कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि वक्त पर आ रही है लेकिन जब पता करते हैं तो पता लगता है कि यह आज की गाड़ी नहीं कल की गाड़ी है यानी 24 घंटे लेट है। बराय मेहरबानी सफाई को भी आप इफैक्टिव मेज़र्ज़ लीजिए। एलान करने से कुछ नहीं है। बिल्कुल बुरा हाल गाड़ियों का है। कोई सफाई नहीं होती, प्लेटफार्मों का बुरा हाल है। बैंच टूटे हुए हैं, पंखे चलते नहीं हैं। आप शौच में चले जाएं तो एक आदमी अंदर जा नहीं सकता। ये चीजें तो छोटी हैं लेकिन किसी कौम के लिए, उसको आगे ले जाने के लिए ये छोटी-छोटी चीज़े कौमों को बनाती हैं। इनकी तरफ आप तवज्जह दीजिए। यह मेरी आपसे दरख्वास्त है। इसके अलावा कैटरिंग का बुरा हाल है। कोई अच्छा हाल नहीं है। पैसेंजर एमैंटीज़ हैं उनकी तरफ भी आप तवज्जह दीजिए और इसके अलावा रेलवे की जो स्पीड है सारे हिन्दुस्तान में रेलवे की स्पीड जितनी होनी चाहिए उतनी स्पीड नहीं है।

एक चीज़ मैं आपको और कहना चाहता हूं। आपने बजट में सब कुछ कहा है लेकिन वैगन्ज़ की पूरा करने की कोई बात नहीं कही है। कोचेज़ की और वैगन्ज़ की हिन्दुस्तान में इतनी कमी है, उस कमी को दूर करने के लिए आपने कोई प्रावधान नहीं किया है।

महोदया मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप कोचेज और वैगंस का और इंतजाम करेंगे तो मुसाफिरों को भी सुविधा मिलेगी और रेलवे का बजट भी इम्प्रूव होगा। उस की आमदनी बढ़ेगी।

महोदया, मैं एक बात और कहना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): अभी आप की कितनी बातें बाकी हैं?

श्री वीरेन्द्र कटारिया: तीन बातें और हैं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): कितने समय में होंगी?

श्री वीरेन्द्र कटारिया: तीन मिनिट में।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): चलिए, कहिए।

श्री वीरेन्द्र कटारिया: महोदया, रेलवे का करोड़ों रुपए का कबाड़ पड़ा है जिसे डिस्पोज ऑफ करने का कोई इंतजाम नहीं है और उस की चोरी होती जा रही है। रेलवे की बेतहासा जमीन पड़ी है, लेकिन उस का कोई कॉमर्सियल यूज नहीं किया जाता जिस से कि उस के साधन बढ़ाए जा सकें। आप ने सिर्फ एक आसान-सा तरीका किराया बढ़ाने का सोचा हुआ है। इस तरह आप ने इस दफा 18 हजार करोड़ रुपए का बोझा यात्रियों पर डाल दिया है। पिछले साल 8 हजार करोड़ रुपए का डाला था। मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप बेकार पड़े कबाड़ को बेचते और रेलवे का इस्तेमाल ठीक से करने की तरफ ध्यान देते और जो टिकिटलैस ट्रेवल होती है, उसे रोकते तो आप के पास इतने साधन हो जाते कि आप एक अच्छा बजट दे सकते थे। लोगों पर नए टैक्स लगाए बिना और यात्रियों को जो सुविधाएं चाहिए वह भी उपलब्ध करा सकते थे जिन के बारे में आप कहते हैं कि फायनेंसियल क्रंच और ऑपरेशनल कंस्ट्रेंट्म हैं। महोदया, मेरे पास चिट्ठियां आई हैं जिन में लिखा है कि फायनेंसिल क्रंच या ऑपरेशनल कंस्ट्रेंट्स हैं, लेकिन एक महीने बाद वहां गाड़ी चला दी जाती है। इस का मतलब यह है कि यह सारे लंगड़े बहाने हैं। अगर कोई वी.आई.पी. चाहे या आप के अपने दिल में हो तो वहां सारे फायनेंसियल क्रंच खत्म हो जाते हैं। मैं इस की मिसाल दे सकता हूं जहां बताया गया कि यहां गाड़ी नहीं चलाई जा सकती, लेकिन अगले महीने झंडियां लहराई जाती हैं और गाड़ी चला दी जाती है। तो बराए मेहरबानी ऐसा मत कीजिए कि किसी की "व्हिम एंड फैंसीज" पर गाड़ी चलेगी या नहीं चलेगी क्योंकि हिंदुस्तान की रेलवे सारे देश को जोड़ने का एक बहुत बड़ा नेटवर्क है जोकि हिंदुस्तान की आवाजाही और हिंदुस्तान की इकॉनोमिक ग्रोथ के लिए जरूरी है और नेशनल इंटीग्रेशन के लिए भी जरूरी है। इसलिए आप इस को "एज ए होल" देखिए।

महोदया, मेरे पास पॉइंट्स बहुत थे लेकिन मैंने आप को वायदा किया था कि मैं दो मिनिट में खत्म कर दूंगा। अंत में मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं और अपनी जगह लेता हूं। बहुत-बहुत शुक्रिया।

